वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 12 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 42, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स ने लगाया एक हजार अंक का गोता

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक का गोता लगा गया। } 14

साइबर जालसाज पर लगाम लगायेगी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल कर उन म्यूल खातों की पहचान करने की योजना बना रही है, जिनमें साइबर जालसाज ठगी की रकम जमा करते हैं। } 16

भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं : मोदी

विकसित भारत के लिए अगले दो दशक बहुत महत्वपूर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को निवेशकों से भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि देश में अगले पांच वर्षों में महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपार संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस सम्मेलन की गति को बढ़ाने के लिए भारत को अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी। प्रधानमंत्री ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा, 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य के साथ-साथ तेल व गैस परिसंपत्तियों के लिए बोली के नए दौर की शुरुआत करने का उल्लेख करते हुए कहा, नए निवेश की संभावनाएं हैं और मुझे उम्मीद है कि आप भारत में सभी संभावनाओं का पता लगाएंगे। मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इन क्षेत्रों में निवेश की कई संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने निवेशकों से कहा, आप सिर्फ भारत ऊर्जा सप्ताह का हिस्सा नहीं हैं, आप भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा सभी विशेषज्ञ कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत न केवल अपनी वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि वैश्विक वृद्धि को भी बल दे रहा है। मोदी ने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा हमारे पास संसाधन हैं जिनका हम उपयोग कर रहे हैं। हम अपने प्रतिभाशाली लोगों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत ऊर्जा सप्ताह को ऑनलाइन संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी

एआई पर वैश्विक ढांचा बनाने की जरूरत : प्रधानमंत्री

एजेंसी

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को खुले स्रोत पर आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए एक वैश्विक ढांचा स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया, जो भरोसा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के साथ पूर्वाग्रहों से मुक्त हों।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वैश्विक एआई सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को बदल रहा है और इस सदी में मानवता के लिए व्यवस्था (कोड) बना रहा है। इसके साथ ही मोदी ने अगला एआई एक्शन समिट भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने फ्रांस द्वारा आयोजित मौजूदा शिखर सम्मेलन में एआई फाउंडेशन और टिकाऊ एआई परिषद की स्थापना के बारे में लिए गए निर्णयों का समर्थन भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए ऐसे सामूहिक वैश्विक प्रयासों की जरूरत है जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों का ध्यान रखें और विश्वास पैदा करें। उन्होंने कहा कि शासन केवल जोखिमो और प्रतिद्वंद्विता का प्रबंधन करना नहीं है, बल्कि यह नवाचारों के प्रोत्साहन और उन्हें वैश्विक भलाई के लिए तैनात करने के बारे में भी है। प्रधानमंत्री ने कहा हमें प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाना चाहिए और आम लोगों पर केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से संबंधित चिंताओं का भी समाधान करना चाहिए। उन्होंने पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्तापूर्ण डेटा समूहों के विकास पर जरूरत पर बल देते हुए कहा कि मुक्त स्रोत वाला ऐसा एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के असरदार और उपयोगी होने के लिए इसे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित होना चाहिए। मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत एआई की क्षमता को दर्शाते हुए की। उन्होंने कहा कि एआई शब्दों के आडंबर को भेद सकता है और डॉक्टरों की पर्चियों को एक ऐसी भाषा में संक्षेप में पेश कर सकता है जिसे लोग आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ी सीमाओं और पूर्वाग्रहों को भी समझने की जरूरत है। मोदी ने कहा हमें नवाचारों और शासन के बारे में गहराई से सोचना चाहिए और खुलकर चर्चा करनी चाहिए। खासकर वैश्विक दक्षिण में शासन सब लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने के बारे में भी है। यहां पर क्षमताओं की सबसे अधिक कमी है, चाहे वह कंप्यूटिंग हो, बिजली हो, प्रतिभा हो, डेटा हो या वित्तीय संसाधन हों। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि में बहुत कुछ बेहतर करके लाखों ...शेष पृष्ठ 14 पर



फ्रांस में वैश्विक एआई सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

संक्षेप

रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ। रविदास जयंती पर बुधवार को यूपी में सार्वजनिक अवकाश घोषित हो गया है। योगी सरकार ने बुधवार को इस बाबत शासनादेश जारी कर दिया। इसके अनुसार पहले रविदास जयंती पर निर्बंधित अवकाश घोषित था। अब इसे सार्वजनिक अवकाश में बदल दिया गया है। नए आदेश के बाद अब सभी सरकारी कार्यालय और बैंक बंद रहेंगे। योगी सरकार ने पिछले साल 17 दिसंबर को ही जारी अवकाश की सूची में रविदास जयंती की छुट्टी दी थी। हालांकि उस समय इसे निर्बंधित छुट्टियों की सूची में डाला गया था। इसके अनुसार हर कर्मचारी को सभी निर्बंधित छुट्टियों में से किन्हीं दो को लेने की छूट होती है। अब सार्वजनिक... शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ : माघ पूर्णिमा के लिए प्रशासन मुस्तैद

महाकुंभ नगर। महाकुंभ मेले में बुधवार को माघी पूर्णिमा स्नान के साथ श्रद्धालुओं का एक महीने का कल्पवास पूरा हो जाएगा और वे अपने अपने घरों को लौटना शुरू कर देंगे। मेला प्रशासन ने माघी पूर्णिमा स्नान को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए कमर कस ली है। एक ओर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए 11 फरवरी को सुबह चार बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, तो दूसरी तरफ आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पतालों और एंबुलेंस को अलर्ट रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी और सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह चार बजे के बाद संबंधित मार्ग की पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा।

जेईई-मेन परिणाम : 14 छात्रों ने हासिल किया सर्वोच्च स्कोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 के पहले संस्करण में देशभर के 14 छात्रों ने सर्वोच्च स्कोर हासिल किया है। इनमें से अधिकतर छात्र राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

❍ पहले संस्करण में 12.58 लाख से अधिक उम्मीदवार हुए थे शामिल

शीर्ष 14 में से 12 उम्मीदवार सामान्य श्रेणी से हैं, जबकि एक-एक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी से हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 12.58 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। सर्वोच्च स्कोर हासिल करने वाले छात्रों में से पांच राजस्थान से, दो-दो दिल्ली और उत्तर प्रदेश से तथा एक-एक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना और महाराष्ट्र से हैं। एनटीए अधिकारियों के अनुसार, एनटीए स्कोर अंकों के प्रतिशत के समान नहीं, बल्कि सामान्यीकृत स्कोर है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनटीए स्कोर बहु-सत्रीय परीक्षा में सामान्यीकृत स्कोर हैं और एक सत्र में परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन पर आधारित हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए प्राप्त अंकों को 100 से 0 तक के पैमाने में परिवर्तित किया जाता है। परीक्षा असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी,... शेष पृष्ठ 14 पर

वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ का कर रहे दुष्प्रचार

आस्था का संगम है महाकुंभ : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष की ओर से महाकुंभ को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर मंगलवार को कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन सच यह है कि महाकुंभ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की नकारात्मकता फैलाने वाले वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर अति विशिष्ट व्यक्तियों को मिलने वाली सुविधाएं भोगीं (वीवीआईपी ट्रीटमेंट) हैं और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है, जो ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 ...शेष पृष्ठ 14 पर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी

45 करोड़ ने लगायी डुबकी : सीएम

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुम्भ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुम्भ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुम्भ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

नियंत्रण रेखा के पास विस्फोट, दो जवान शहीद

आतंकवादियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी

जम्मू। जम्मू के निकट अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

माना जा रहा है कि इस आईईडी को आतंकवादियों द्वारा लगाया गया था। सेना ने विस्फोट में जवानों के शहीद होने की पुष्टि की है और कहा हमारे जवानों ने क्षेत्र को घेर लिया है और तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे तभी अपराह्न तीन बजकर 50 मिनट पर एक अग्रिम चौकी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर इकाई ने दोनों जवानों के बलिदान को सलाम किया। इसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ भगदड़ : लापता व्यक्तियों के विवरण के लिए हाईकोर्ट में रिट

प्रयागराज। महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के दौरान लापता हुए लोगों का विवरण एकत्रित करने के लिए एक न्यायिक निगरानी समिति (जेएमसी) का गठन किए जाने का अनुरोध करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है।

याचिका प्रयागराज जिले के सुरेश चंद्र पांडेय नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर की गई है, जिस पर जल्द ही सुनवाई किए जाने की संभावना है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने उन खबरों का संदर्भ दिया है जिसमें कहा गया था कि भगदड़ में मारे गए लोगों के शव दयनीय स्थिति में रखे गए हैं। साथ ही, शवों को कथित तौर पर जमीन पर बोरी में लपेटकर रखा गया है और रेफ्रिजरेशन की ...शेष पृष्ठ 14 पर

कयाकिंग-कैनोइंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

टिहरी झील कोटी कॉलोनी पहुंचकर सीएम धामी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी झील कोटी कॉलोनी में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित कयाकिंग-कैनोइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 1000 मीटर हीट कयाकिंग मेंस प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर एवं सोविनियर से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, वीरभूमि के बाद अब खेलभूमि के रूप में स्थापित हो रहा है। राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना पहला और सुखद अनुभव है। 38वें राष्ट्रीय खेलों की सारी खेल प्रतियोगिताएं उत्तराखण्ड के 11 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गयी। खिलाड़ियों के लिए सारे खेल ट्रैक बनाये गये तथा कोई भी खेल उपकरण बाहर से नहीं लाये गये। जहां 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड 25वें स्थान पर रहा था। वहीं अब हमारा राज्य 38वें राष्ट्रीय खेलों में 7वें स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी झील ऊर्जा उत्पादन के साथ ही पर्यटन और साहसिक खेलों के लिए अनुकूल है। यह वाटर स्पोर्ट्स का बहुत बड़ा हब बनेगा। यहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	28.00 डिसे.
न्यूनतम	:	13.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- मेला क्षेत्र और शहर में 'नो व्हीकल जोन' लागू (पृष्ठ-02)
- बांकेबिहारी के मंदिर में 10 मार्च से होली का उल्लास (पृष्ठ-02)
- रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- सभी ऊर्जा चर्चाओं का हिस्सा होगी परमाणु ऊर्जा (पृष्ठ-14)
- मप्र के निवेशक सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन मोदी (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

वर्चस्व की नयी लड़ाई, हथियार निर्माण के नये तरीके व साधन तथा विघटनकारी प्रौद्योगिकियों ने विश्व व्यवस्था को बनाया और नाजुक

वैश्विक सुरक्षा के लिए नवाचार व मजबूत साझेदारी की जरूरत

एजेंसी

बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवोन्मेषी दृष्टिकोण और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। एयरो इंडिया 2025 के तहत आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि कमजोर रहकर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती।

सिंह ने कहा आज, संघर्षों की बढ़ती संख्या हमारे विश्व को और अधिक अप्रत्याशित स्थान बना रही है। वर्चस्व की नयी लड़ाई, हथियार निर्माण के नए तरीके एवं साधन, सरकार से इतर तत्वों की बढ़ती भूमिकाएं तथा विघटनकारी प्रौद्योगिकियों ने विश्व व्यवस्था को और अधिक नाजुक बना दिया है। उन्होंने कहा कि साथ ही, सीमाओं की सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के बीच का अंतर कम होता जा रहा है, क्योंकि हाइब्रिड युद्ध (युद्ध का अपारंपरिक तरीका, जिसमें किसी विरोधी देश की सरकार को अस्थिर करने और कमजोर करने के लिए कूटनीति, राजनीति, मीडिया, साइबर स्पेस और सैन्य बल का प्रयोग किया जाता है) शांति काल में भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बना सकता है। सिंह ने कहा आज अग्रिम मोर्चे की परिभाषा तेजी से बदल रही है। इसके अलावा, साइबरस्पेस और बाहरी अंतरिक्ष के आयाम संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा मेरा दृढ़ विश्वास है कि उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवीन दृष्टिकोण और मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है। वैश्विक मंच पर भारत की भागीदारी सभी के लिए सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अधिकारियों के अनुसार, हाइब्रिड मोड (भौतिक व डिजिटल माध्यम से भागीदारी) में आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करना है। इस वर्ष का विषय बिल्डिंग रेजिलिएंस थ्रू इंटरनेशनल डिफेंस एंड ग्लोबल इंगेजमेंट (ब्रिज) है, जो रक्षा क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में ...शेष पृष्ठ 14 पर

सड़क हादसों में सैनिक समेत आठ लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बहराइच, कौशांबी और प्रयागराज जिले में हुए सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

❍ बहराइच, कौशांबी और प्रयागराज में हुईं दुर्घटनाएं

बहराइच जिले के कैसरगंज थाना अंतर्गत बहराइच-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार की सुबह 7 बजे एक डंपर ट्रक व कार में हुई भिड़ंत में एक सैनिक व उनके परिवार सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में फौजी की 18 दिन की बच्ची, उनके माता पिता व कार चालक शामिल हैं। मृतक सैनिक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटनाग्रस्त कार डंपर ट्रक में चिपक सी गयी थी। तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी जबकि कार में तड़प रहे तीन लोगों को निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया जहां पहुंचने पर दो की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार सुबह मटेरा क्षेत्र निवासी सैनिक अबरार अहमद (28) परिवार सहित अपनी 18 दिन की पुत्री के इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे। इस दौरान बहराइच-लखनऊ... शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए जल-थल-नभ में 133 एंबुलेंस तैनात

महाकुम्भनगर के 43 हॉस्पिटल हाई अलर्ट, 125 एंबुलेंस के अलावा सात रिवर एंबुलेंस और एक एयर एंबुलेंस विशेष रूप से लगायी गयी

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ क्षेत्र के साथ ही शहर और मंडल के सभी अस्पताल हाई अलर्ट मोड में रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल, थल और नभ से निगरानी की जा रही है। जिसके तहत 133 एंबुलेंस को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने का काम करेंगी। इसमें 125 एंबुलेंस के अलावा सात रिवर एंबुलेंस और एक एयर एंबुलेंस विशेष रूप से तैनात की गई हैं। महाकुम्भ क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की गई है। छोटे ऑपरेशनों से लेकर बड़ी सर्जरी तक की सुविधा मौजूद रहेगी। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि योगी सरकार की आपातकालीन सेवाएं विशेष रूप से एंबुलेंस सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान 2000 से अधिक मेडिकल स्टाफ महाकुम्भ क्षेत्र में तैनात रहेगा, जबकि स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में 700 से अधिक मेडिकल फोर्स हाई अलर्ट रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर एसआरएन अस्पताल में 250 बेड रिजर्व किए गए हैं। वहीं, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यहां पर 200 यूनिट ब्लड भी सुरक्षित रखा गया है। वहीं, महाकुम्भनगर के 500 बेड क्षमता वाले सभी 43 अस्पतालों को भी पूरी तरह से मुस्तैद रखा गया है। स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में 40 बेड का ट्रॉमा सेंटर, 50 बेड का सर्जिकल आईसीयूए 50 बेड का मेडिसिन वार्ड, 50 बेड का पीएमएसएसवाई वार्ड और 40 बेड की बर्न यूनिट को रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा, 10 बेड का कार्डियोलॉजी वार्ड और 10 बेड का आईसीयू भी पूरी तरह तैयार है। यहां संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा के नेतृत्व में की जा रही है, जबकि उप.प्रधानाचार्य डॉ. मोहित जैन और प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सक्सेना विशेष रूप से श्रद्धालुओं की जरूरतों के मद्देनजर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाओं की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 30 वरिष्ठ डॉक्टरों को विशेष ड्यूटी पर लगाया गया है, जबकि 180 रेजिडेंट डॉक्टर और 500 से अधिक नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ लगातार सेवा देंगे। अस्पताल प्रशासन ने हाउसकीपिंग एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था में कोई लापरवाही न होने पाए। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल की प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने बताया कि माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत अस्पताल से संपर्क करें। यहां निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा उपलब्ध रहेगी। आयुष विभाग की 150 मेडिकल फोर्स के साथ 30 विशेषज्ञ डॉक्टर भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तैनात किए गए हैं। इनमें एम्स दिल्ली और बीएचयू के चिकित्सा विशेषज्ञ भी सतर्क रहेंगे। डॉ. गिरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज सिंह के नेतृत्व में टीम 24 घंटे श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए अलर्ट मोड में है।

- **मेले के हर सेक्टर में माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक के हाईटेक इंतजाम**
- **महाकुम्भनगर में 2000 और एसआरएन में 700 मेडिकल फोर्स हाई अलर्ट मोड में**
- **एसआरएन में 200 यूनिट का ब्लड बैंक तैयार, 250 बेड रिजर्व किये गये**

- **महाकुम्भनगर के 500 बेड की क्षमता वाले सभी अस्पताल मुस्तैद**
- **एम्स दिल्ली और बीएचयू के विशेषज्ञ भी अलर्ट**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश, महाकुम्भनगर के साथ शहर व मंडल के सभी डॉक्टर सजग रहेंगे**

महाकुंभ में समाज कल्याण विभाग की पहल, 95 वृद्धजनों को संगम में कराया पावन स्नान

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगर। प्रयागराज के महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग ने मंगलवार को 95 निराश्रित वृद्धजनों को स्नान कराया। कुंभ में स्नान करने वाले ये वृद्धजन देवरिया, बहराइच, अमरोहा और बिजनौर जिलों के वृद्धाश्रमों में रहते हैं। इन सभी वरिष्ठजनों को उनके जिलों से विभागीय अधिकारी बस से कुम्भ क्षेत्र में बने समाज कल्याण के अस्थायी आश्रम तक लेकर आए।

समाज कल्याण विभाग ने महाकुम्भ क्षेत्र में पहली बार वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता वाला आश्रम स्थापित किया है। यहां भोजन, ठहरने और स्वास्थ्य सेवाओं की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। आश्रम में रहने वाले वृद्धजन दिन की शुरुआत योग और ध्यान से करते हैं ताकि उनका मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बना रहे। सायं को भजन-कीर्तन का आयोजन होता है, जिससे उन्हें आध्यात्मिक शांति मिल रही है। समाज कल्याण विभाग के इस प्रयास से वरिष्ठजनों को महाकुम्भ में आस्था और सम्मान से जुड़ने का अवसर मिला है। यह पहल सामाजिक समरसता और सेवा भाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन रही है।

संत शिरोमणि के विचारों का विस्तार असीम : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास जी महाराज की जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि संतगुरु श्री रविदास जी महाराज के विचारों का विस्तार असीम है। हमारा सौभाग्य है कि सतगुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धन उत्तर प्रदेश स्थित प्राचीनतम पौराणिक और सांस्कृतिक नगरी काशी में है। सतगुरु रविदास ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया। वे समता और सदाचार को अत्यन्त महत्व देते थे। उन्होंने अपने कथन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' के माध्यम से आंतरिक पवित्रता और निर्मलता पर बल दिया। सतगुरु रविदास जी ने अपनी रचनाओं में लोक-वाणी का अद्‌भुत प्रयोग किया, जिसका जनमानस पर अमिट प्रभाव पड़ा। उनकी रचनाएं हमारे साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

- **मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास जी महाराज की जयंती पर दी शुभकामनाएं**

रोशन गांव, सशक्त नारी, विद्युत सखी है पहचान हमारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के विद्युत सखी कार्यक्रम ने नई उपलब्धियां हासिल की है। इस कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं (विद्युत सखियों) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 840 करोड़ रुपये का विद्युत बिल कलेक्शन कर लिया है, जो कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाने का अनुमान है।

- **विद्युत सखियों ने स्थापित किया कीर्तिमान**
- **1600 करोड़ रुपये पहुंचा कुल विद्युत बिल कलेक्शन**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांव-गरीब के विकास व महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जहां महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा भी पहनाया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में 87 करोड़ रुपये, 2022-23 में 262 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 466 करोड़ रुपये विद्युत बिल कलेक्शन किया गया। इसकी तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में अब तक विद्युत बिल कलेक्शन 840 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो इसमें साल दर साल 120 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से अबतक विद्युत सखियों ने विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के लिए 1,600 करोड़ रुपये का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है। यूपीएसआरएलएम के इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्युत सखी के रूप में रोजगार देकर महिलाओं को सशक्त बनाना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिस्कॉम की विद्युत बिल कलेक्शन क्षमता में सुधार लाना है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि चालू वर्ष में विद्युत सखियों ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, इसमें 438 विद्युत सखियों ने लखपति दीदी बनने में सफलता पाई है। इसके अलावा, इस वर्ष अब तक विद्युत सखियों को लगभग 10.5 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त हुए हैए इतना ही नहीं, विद्युत सखियों ने ओटीएस योजना के तहत दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 में (दो महीने में) 303 करोड़ रुपये का विद्युत बिल कलेक्शन किया है, इसके एवज में उन्हें कुल 3०5 करोड़ रुपये कमीशन मिले। यूपीएसआरएलएम के संयुक्त निदेशक जनमेजय शुक्ला ने बताया कि विद्युत सखी कार्यक्रम के तहतए कुल 13,088 विद्युत सखियां एक्टिवेटिड हैं व 28,427 विद्युत सखियां रजिस्टर्ड हैं। हाल ही में, यूपीएसआरएलएम ने सीईईडब्ल्यू और एसआईआरडी-यूपी के सहयोग से 13500 से अधिक नई विद्युत सखियों को प्रशिक्षित किया है, ताकि एक्टिवेटिड विद्युत सखियों को आगे बढ़ाकर इस कार्यक्रम की प्रगति को तेजी से बढ़ाया जा सके। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रदेश में 31000 विद्युत सखियों का कार्यबल तैयार करते हुए इस कार्यक्रम को विस्तार देना और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता कवरेज में सुधार लाना भी है।

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करे मोदी सरकार : वामी अविमुक्तेश्वारनंद

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगर। ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को देश में गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने पर निर्णय लेने के लिए केंद्र सरकार को 33 दिनों का समय दिया।

यहां शंकराचार्य शिविर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा, शास्त्रों में उल्लेख है कि गाय के शरीर में 33 कोटि देवी देवताओं का वास है। हम पिछले डेढ़ साल से गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। अब हमने निर्णय किया है कि माघी पूर्णिमा के अगले दिन (बृहस्पतिवार) से हम 33 दिनों की यात्रा निकालेंगे। उन्होंने कहा, कि यह 33 दिन की यात्रा 17 मार्च को दिल्ली जाकर पूर्ण होगी। केंद्र सरकार के पास निर्णय करने के लिए 33 दिनों का समय है। यदि वह इन 33 दिनों में कोई निर्णय नहीं करती तो हम 17 मार्च को शाम पांच बजे के बाद कोई कड़ा निर्णय करेंगे।

- **केंद्र को 33 दिन का समय निर्णय के लिए दिया**

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, कि हमारी सरकार से मांग है कि गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता घोषित किया जाए और गोहत्या को अपराध माना जाए। प्रदेश सरकार स्कूलों के पाठ्यक्रम में गाय को शामिल करने जा रही है। लेकिन वहां भी अगर गाय को पशु बताया जाता है तो इसका क्या लाभ।

सपा ने मनायी पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की 85वीं जयंती पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सादगी से मनायी गयी। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से बाबूजी बेनी प्रसाद वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, विधायक गौरव रावत, चौधरी अदनान, रामवृक्ष यादव, प्रदीप चौधरी, एसके राय, अतहर हुसैन, अतुल यादव, अनुराग मिश्र, अमर जीत यादव पप्पू, डॉ हरिश्चन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

सुनवाई में मजदूरी से लेकर नियुक्ति बहाली तक हुए बड़े फैसले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंगलवार को आयोग कार्यालय में विभिन्न जिलों से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लिया गयाए जिनमें मजदूरी दिलाने, गलत तरीके से दर्ज मुकदमों की जांच और नियुक्ति बहाली से जुड़े मामले शामिल थे।

- **अध्यक्ष राजेश वर्मा ने जनशिकायतों पर की सुनवाई, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

बहराइच निवासी राधेश्याम विश्वकर्मा ने शिवशक्ति इंटरप्राइजेज के ठेकेदार से मजदूरी दिलाने की शिकायत की थी। इस पर पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। ठेकेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्यवाही की गई। आयोग अध्यक्ष ने इस पर पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना करते हुए अन्य जनपदों के पुलिस अधिकारियों को भी इसी प्रकार गरीबों एवं पिछड़ों की शिकायतों के प्रति संवेदनशील होने की सलाह दी। अरविंद कुमार वर्मा बनाम पुलिस आयुक्त लखनऊ के मामले में शिकायतकर्ता ने भूमाफियाओं की शह पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गलत तरीके से मुकदमा दर्ज किए जाने की शिकायत की। सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी 2025 को होगी। दीपशिखा सैनी बनाम अधिशाषी अभियंता, नलकूप खंड, सिद्धार्थनगर के मामले में अभियंता की ओर से अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता के देयकों का भुगतान कर दिया गया है। शाल्वी वर्मा बनाम निदेशक, एनएचएम, उत्तर प्रदेश के मामले में शिकायतकर्ता की नियुक्ति बहाल कर, उन्हें जिला चिकित्सालय सहारनपुर में तैनाती देने की जानकारी आयोग को दी गई। सुनवाई के दौरान कई मामलों में संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिस पर आयोग अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि सुनवाई के दौरान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, तो उनके विरुद्ध शासन को पत्र भेजकर कार्यवाही की सिफारिश की जाएगी।

ठाकुर बांकेबिहारी के मंदिर में 10 मार्च से होगा होली का उल्लास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/वृंदावन। विश्वविख्यात ब्रज की लठामार होली की बात ही निराली है। इसमें हर चीज परंपरा के अनुसार होती है। बात चाहे हुरियारिनों की हो चाहे हुरियारों की दोनों ही द्वापर युग की परंपरा को आज भी बखूबी निभा रहे हैं। वही लट्ठ, वही ढाल वही पारंपरिक कपड़े सभी कृष्णकालीन परंपरा को जीवंत करते दिखाई पड़ते हैं।

पारंपरिक रूप से मंदिरों में होली खेलने के लिए टेसू (पलाश) के फूलों का रंग ही उपयोग में लाया जाता है जो कृष्णकालीन परंपरा का संवाहक भी है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भले ही रंगों की होली दस मार्च से शुरू होगी, लेकिन टेसू के फूलों को सुखाकर रंग बनाने के लिए अभी से सेवायतों ने तैयारी शुरू कर दी है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में होली के पर्व को प्राकृतिक रंगों के साथ ही मनाया जाता है। यह परंपरा द्वापरयुग से ही चली आ रही है, जिसे आज भी मंदिरों में निभाया जा रहा है। ब्रज की होली की परंपरा को जीवंत करने के लिए टेसू के फूलों का रंग तैयार किया जा रहा है। प्राचीन काल से ही टेसू के फूलों का रंग होली में प्रयोग किया जाता रहा है। यह रंग न केवल प्राकृतिक और सुरक्षित है बल्कि त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। टेसू के फूलों से बने रंग से त्वचा संबंधी बीमारियां भी दूर हो जाती हैं। ठाकुर बांकेबिहारीजी मंदिर सेवायत टेसू के फूलों से रंग बनाने में जुटे हैं। फूलों से रंग बनाने में लगे लोगों का कहना है कि पर्व को परंपरा और मयार्दा के साथ मनाने पर रिश्ते मजबूत होते हैं। टेसू के फूल से बने रंग मदमस्त करने वाली सुगंध के साथ वातावरण महका देते हैं।

महाकुम्भ में आने वाले स्नानार्थियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही योगी सरकार

पुलिस व प्रशासन द्वारा रख रहा स्थिति पर कड़ी नजर, निर्धारित स्थानों पर वाहन को पार्क करने की हो रही अपील ,संपूर्ण मेला क्षेत्र माघ पूर्णिमा स्नान पर्व से पूर्व नो व्हीकल जोन हुआ घोषित

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को माघ पूर्णिमा के रूप में चौथे स्नान पर्व के सफल आयोजन को लेकर योगी सरकार अपनी तैयारियों को चाक-चौबंद करने में जुटी हुई है।

- **श्रद्धालुओं के आवागमन को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए किए जा रहे है सभी जरूरी इंतजाम**

सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट आदेश है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर में किसी भी स्नानार्थी, श्रद्धालु, कल्पवासी या आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ऐसे में, यातायात, वाहनों के सुगम आवागमन, पार्किंग, सुरक्षा, सर्विलांस तथा मॉनिटरिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर पूरी तत्परता के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस विषय में जानकारी देते हुए प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं यूपी पुलिस कृत संकल्पित है और कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

तरुण गाबा के अनुसार, यातायात के लिए महीनों पूर्व से योजनाएं बनाई गई थी, जिनका हम लोग सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं। सप्ताह के अन्त में एवं बीच में कभी-कभार, भारी संख्या में वाहनों के आगमन के दृष्टिगत यहां तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसबल द्वारा अथक प्रयास करके जो भी विषम परिस्थिति आयी उनका सफल निस्तारण किया गया है। मेला क्षेत्रए प्रयागराज आने वाले सभी सड़क मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। इसका परिणाम यह है कि शहर के अंदर भी जाम की स्थिति नहीं है। पुलिस तथा प्रशासन की ओर से महाकुम्भ आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वह अपने मार्ग पर पड़ने वाली पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करने की अपील की गई है। साथ हीए यह भी अपील की गई है कि सभी लोग संगम के नजदीक आने का प्रयास न करें, क्योंकि विभिन्न मार्गों की विभिन्न व्यवस्थाएं है।

तरुण गाबा के अनुसार, हम लोग दिन रात इसी व्यवस्था में लगे हुए है कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो और यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहेए अतः निर्देशित स्थानों पर ही अपना वाहन पार्क करें। पुलिस व स्थानीय प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन और यातायात निगरानी के लिए एएनपीआर एवं एआई इनेबल्ड कैमरों का प्रयोग किया जा रहा है।

साथ ही, टोल तथा नजदीकी जनपद के अधिकारियों से भी यह जानकारी प्राप्त की जा रही है कि किस मार्ग से कितने वाहन आ रहे है जिससे समुचित व्यवस्थाएं उस मार्ग पर की जा सके। इसके साथ ही, माघ पूर्णिमा के स्नान से एक दिन पूर्व से ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वहीं, प्रयागराज शहर में भी मंगलवार शाम से वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। मेला क्षेत्र में निवास कर रहे कल्पवासियों के लिए भी अलग से यातायात योजना बनाकर सभी को सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आमजन से सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित न करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

पुलिस आयुक्त, प्रयागराज तरुण गाबा ने आमजन से अनुरोध है कि सोशल मीडिया पर गलत सूचना अथवा अफवाह न फैलाएं। यातायात संबंधी जो भी चुनौती आयी है उसका हम लोगों ने अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर एवं अथक प्रयास करके सभी समस्याओं का निस्तारण किया गया है। वहीं डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी रूट पर फिलहाल यातायात ठीक चल रहा है। पिछले कुछ घंटों में यातायात की दर समान है और इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई है। शहर के अंदर के जंक्शनों पर भी यातायात सही तरीके से गतिमान है।

मेला क्षेत्र और शहर में 'नो व्हीकल जोन' लागू

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी की सुबह 4 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी। महाकुम्भ में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी यह नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और अधिकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग दें, ताकि महाकुम्भ का यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व सुगमतापूर्वक संपन्न हो सके।

- **11 फरवरी से मेला क्षेत्र में पूर्ण वाहन प्रतिबंध, बाहरी वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग व्यवस्था**
- **शहर में भी शाम 5 बजे से लागू होंगे यातायात नियम, 12 फरवरी तक रहेगी विशेष व्यवस्था**

पांच लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। रामलोटन गुप्ता पुत्र मिश्री लाल गुप्ता नि0 गूमाफातिमाजोत शिवशंकर चौराहा थाना सादुल्ला नगर बलरामपुर द्वारा दिनांक 10.02.2025 को थाना सादुल्लानगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे व्हाट्सअप नम्बर पर मुझे व मेरे लड़के को जान से मारने की धमकी देते हुये पांच लाख रुपये की मांग की गई थी और उसने यह बताया कि जिस लड़की से तुम्हारी लड़के की शादी तय हुई है उसकी फोटो मेरे पास है मैं वायरल कर दूंगा हमारे रुपये न देने पर दिनांक 31.01.2025 की रात्रि को मेरी दुकान की छत पर विस्फोटक पदार्थ फेंक कर डराने व चोट पहुंचाने का प्रयास किया गया।जिसके सम्बन्ध में थाना सादुल्लानगर पर दी गयी तहरीरी सूचना के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गयी। एस. पी. विकास कुमार द्वारा थाना सादुल्लानगर पर रंगदारी मांगने की घटना से संबंधित पंजीकृत अभियोग में शीघ्र अनावरण हेतु दिये गये सख्त दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह थाना सादुल्लानगर के कुशल नेतृत्व में थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर बीएनएस से संबन्धित वांछित अभियुक्त व अन्तर्राज्यीय गिरोह का सक्रीय अपराधी राहुल सिंह पुत्र भगवान सिंह नि0 मलेथू कनक थाना बीकापुर जनपद अयोध्या जिसके द्वारा जनमानस मे आंतक एवं भय का माहौल पैदा करने के लिए आपराधिक कृत्यो को अंजाम देने वाले उपरोक्त अभियुक्त को हसनापुर के पास से गिरफ्तार कर माननीय न रवाना किया गया है। अभियुक्त से गहन पूंछताछ की गयी तो उसने बताया कि मैं अपना दबदबा बनाये रखने के लिए लोगों की हत्या व मारपीट करता हूं और भोली भाली लड़कियों से दोस्ती कर लेता हूँ और उनकी शादी तय होने लगती है तो लड़के पक्ष का फोन नंबर लेकर उनको डरा धमकाकर उनसे रंगदारी मांगता हूँ, इस घटना में भी मैने लड़के वालों का मोबाइल नंबर पता करके उनसे व्हाट्सअप पर पांच लाख रुपये मांगे थे। जब इन लोगों ने पैसे मुझे नही दिये तो हमने दिनांक 31.01.2025 की रात्रि में पटाखा बम उनकी दुकान की छत के ऊपर फेंक कर डराने का प्रयास किया था।

डीएम ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण

बलरामपुर। गोआश्रय स्थलों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड बलरामपुर के ग्राम सेवकरामपुर में नगर पालिका द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया एवं भूसा भंडारण कक्ष व केयर टेकर कक्ष आदि को देखा। केयरटेकर कक्ष के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया की केयरटेकर रात्रि में गोशाला में नहीं रहते, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की।

● डीएम ने अनुपस्थित सुपरवाइजर के विरुद्ध एफआईआर के दिए निर्देश

उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार सभी केयरटेकर उपस्थित रहे यह सुनिश्चित किया जाए। गोवंश में साफ सफाई की व्यवस्था मानकरूप न पाए जाने पर डीएम ने निरीक्षण से समय अनुपस्थित सुपरवाइजर के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दिया। उन्होंने भूसा भंडारण के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त स्टॉक रखे जाने, गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था, गोवंश की नियमित चिकित्सीय जांच, शत प्रतिशत ईयर टैगिंग के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बलरामपुर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थितरहे

करपात्री जी ने दिया विश्व को बंधुत्व व सौहार्द का संदेश : डीएम

प्रतापगढ़। क्षेत्र के भटनी गांव में मंगलवार को धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की तैंतालिसवीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। जगदगुरू के पैतृक गांव में हुए आयोजन में पहुंचे जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने स्वामी करपात्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं डीएम ने स्वामी करपात्री जन्मस्थली में धर्मद्वार की आधारशिला भी रखी। समारोह को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि जगदगुरू स्वामी करपात्री जी महराज जी ने धर्म, मानवता, सौहार्द व सनातन संस्कृति का प्रेरणास्पद मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम्के भारतीय संस्कृति के मूलमंत्र से बन्धुत्व की भावना को बल मिला करता है। उन्होनें धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की पावन स्मृति को यादगार बनाने के लिए भटनी में विकास योजनाओं के भी मजबूत संचालन का भरोसा दिलाया। समारोह में उप जिलाधिकारी लालगंज नैंनसी सिंह ने भी स्वामी करपात्री जी महराज की स्मृति को नमन करते हुए उन्हें सनातन संस्कृति का विश्वप्रहरी कहा। पुण्यतिथि समारोह में जन्मस्थली पर हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन में भी डीएम ने शामिल होते हुए लोकमंगल की प्रार्थना की। वहीं आयोजन समिति द्वारा जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी व एसडीएम नैंनसी सिंह को अंगवस्त्रम तथा सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर धर्म की जय हो का भी शंखनाद हुआ। आयोजक शिवराम ओझा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष ओझा ने किया। इस मौके पर गोकर्ण नाथ ओझा, सीएम ओझा, चंद्रमौलेश्वर ओझा, शिवाकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

सोनभद्र। जिले की एक अदालत ने छह वर्ष पूर्व एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी है और उसपर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद अग्रहरि ने मंगलवार को बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम) अमित वीर सिंह ने गाजीपुर जिले के सादात थाना क्षेत्र के निवासी प्रभात कुमार को दोषी पाते हुए 10 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनायी और उसपर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अग्रहरि के अनुसार अदालत ने कहा कि जुर्माना नहीं देने पर प्रभात को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने अर्थदंड की राशि में से 35 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया। अग्रहरि ने बताया कि राबर्ट्सगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने तीन अप्रैल 2018 को तहरीर दी थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को प्रभात कुमार गौतम और उनके परिवार के लोग भगाकर ले गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इसके पहले भी आरोपी उसकी पुत्री को कई बार भगाने का प्रयास कर चुका था लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पायी थी।

शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे विश्वास है कि प्रभात कुमार उसकी बेटी के साथ गलत संबंध बना कर उसे जान से मार देगा। उसने यह भी आरोप लगाया था कि आरोपी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे रहा है।

अग्रहरि ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच-पड़ताल के बाद आरोपी के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सजा सुनाई।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	प्रयाग जं.	10:55	अयोध्या कैंट	14:45	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02418	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
04229	प्रयाग जं.	21:10	अयोध्या कैंट जं.	01:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04271	प्रयाग जं.	14:45	जौनपुर जं.	18:30	थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन
04293	प्रयाग जं.	20:20	लखनऊ	02:00	फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन
04219	प्रयाग जं.	05:35	अयोध्या धाम जं.	10:30	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
04225	प्रयाग जं.	13:55	अयोध्या कैंट जं.	18:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04233	प्रयाग जं.	09:40	अयोध्या धाम जं.	15:05	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
05121	दोहरीघाट	08:00	प्रयागराज रामबाग	16:45	मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन
05122	प्रयागराज रामबाग	21:45	दोहरीघाट	06:00	
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05101	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	झूँसी (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन
05102	झूँसी (रिंग रेल)	14:30	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	
04065	फाफामऊ जं.	23:30	दिल्ली जं.	13:40	रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04022	दिल्ली जं.	15:30	फाफामऊ जं.	05:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
04016	दिल्ली जं.	23:25	फाफामऊ जं.	14:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन
05178	झूँसी	14:15	गोरखपुर जं.	22:55	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05186	प्रयागराज रामबाग	08:30	गोरखपुर जं.	18:00	झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05130	झूँसी	13:30	छपरा	21:30	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन
05164	झूँसी	10:00	थावे जं.	20:30	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जं., बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा जं., छपरा कचहरी, पटेरही, खैरा, मढ़ौरा, शाम कौड़िया, मशरख जं., राजापट्टी, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, मांझागढ़ एवं गोपालगंज स्टेशन।
05162	झूँसी	18:30	भटनी जं.	01:10	पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेल्थरा रोड, गोबिंदपुर डुगली, कीरिहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जाखनियां, सादात, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
04023	फाफामऊ जं.	11:30	दिल्ली जं.	01:40	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या छावनी	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या छावनी	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	

दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	प्रयाग जं.	10:55	अयोध्या कैंट	14:45	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02418	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
04229	प्रयाग जं.	21:10	अयोध्या कैंट जं.	01:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04271	प्रयाग जं.	14:45	जौनपुर जं.	18:30	थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन
04293	प्रयाग जं.	20:20	लखनऊ	02:00	फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन
04233	प्रयाग जं.	09:40	अयोध्या धाम जं.	15:05	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05101	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	झूँसी (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन
05102	झूँसी (रिंग रेल)	14:30	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	
04015	फाफामऊ जं.	23:30	दिल्ली जं.	13:40	रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन
04018	दिल्ली जं.	23:25	फाफामऊ जं.	14:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन
04021	फाफामऊ जं.	11:30	दिल्ली जं.	01:40	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04024	दिल्ली जं.	15:30	फाफामऊ जं.	05:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन
04066	दिल्ली जं.	23:25	फाफामऊ जं.	14:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या छावनी	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या छावनी	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

पानी के गड्ढे में डूबने से मजदूर की दो बेटियों की मौत

बांदा। चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली कर्वी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के नजदीक मंगलवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक मजदूर दो बेटियों की मौत हो गई। सदर कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षकउपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मोहल्ला बलदाऊगंज में रेलवे स्टेशन में कमरे और बाउंड्री वाल के निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर पानी इकट्ठा किया गया है। मंगलवार को दोपहर इसके पानी में डूबकर वहीं मजदूरी कर रहे मजदूर नीलू की दो बेटियों संध्या उर्फ कल्ली (सात) और सुधा (तीन) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गड्ढे से दोनों बच्चियों के शव निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

खण्ड विकास अधिकारी उरुवा का हुआ स्थानांतरण

उरुवां, गोरखपुर। विकास खण्ड उरुवा बाजार पर तैनात रहे खण्ड विकास अधिकारी रघुनाथ सिंह का स्थानांतरण गोरखपुर डीसी मनरेगा पद पर हो गया है। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय पर लोगों ने मिठाई खिलाकर एवं अंगवस्त्र के साथ भावभीनी विदाई दी। और श्री दुबे जी ने कहा कि उरुवा ब्लॉक पर विडियो साहब का कार्य क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधि सभी के साथ बेहद सराहनीय रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपा शंकर उर्फ जुगुनू दुबे, प्रधान संघ अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, वेद प्रकाश सिंह, पुनीत कुमार सिंह, राणा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अवैध गांजा के धंधेबाजों ने दो युवकों को पीटा

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर अवैध गांजा विक्रेताओं ने दो युवकों को मारपीट कर अधमरा कर दिया। पीड़ितों ने स्थानीय थाना पर लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग किया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुधा निवासी पिंटू सिंह पुत्र राम सुरेश ने बताया कि सोमवार रात्रि करीब 8 बजे वह अपने साथी नीरज के साथ सहजनवा के तरफ से आ रहे थे। जीरो प्वाइंट कालेसर एक गुमटी पर सिगरेट लेने के लिए रुके तभी कुछ लोग उसी गुमटी से गांजा ले रहे थे। गुमटी वाले से अवैध गांजे के बारे में पूछेने पर गुमटी दुकानदार के बुलाने पर अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों के साथ बुरी तरह मारपीट घायल कर दिए। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा गीडा थाने पर की हैं। बता दे कि इन दिनों जीरो प्वाइंट पर अवैध गांजे की बिक्री बे रोक टोक के धड़ल्ले से की जा रही हैं। कुछ स्थानीय लोगों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि छः माह से चौकी पिपरौली से मात्र 200मीटर दूर होने के बावजूद भी दबंग धड़ल्ले से अवैध गांजा बेच रहे हैं। इस संदर्भ में गीडा थाना निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। आरोपी अभियुक्त घर छोड़कर फरार हैं , जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। क्षेत्र में अवैध गांजा कही भी नहीं बेचा जा रहा हैं । मै इसकी स्वयं निगरानी करता रहता हु।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंक पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम रिजवाना (RIAWANA) अंकित है। अब मैंने अपना नाम रिजवाना (RIAWANA) से बदल कर रिजवान (RIAWAN) कर लिया है। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रिजवान (RIAWAN) अंकित है। **रिजवान पुत्र खालिक अली निवासी 57 सिद्धेश्वर नगर, सिधौली जनपद सीतापुर।**

कार्यालय ग्राम पंचायत बनभोकार, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 11.02.2025

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनभोकार, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में राजवित्त/पंचम वित्त/15वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 12.02.2025 से दिनांक 18.02.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनभोकार पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 18.02.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	रामबोध पाल के घर से राम आधार पाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लम्बाई 200 × 2.50।	9,82,887 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
2.	पक्की सड़क से धीरेन्द्र सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। लम्बाई 200 × 2.50।	9,82,887 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बनभोकार, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

छात्राओं ने पुलिस के लिए बनायी स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर

गीडा,गोरखपुर। आईटीएम गीडा की बीसीए द्वितीय वर्ष की चार छात्राओं आरुषि श्रीवास्तव, अंकिता राय, ऋतिका तिवारी और यशिका सिंह ने विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट पुलिस इलेक्ट्रिक स्कूटर तैयार किया है। इस अनूठे प्रोजेक्ट को कॉलेज के इनोवेशन सेल की मदद से विकसित किया गया है। छात्राओं के अनुसार स्कूटर बहुत कम लागत में तैयार किया गया है और पुलिस की सुरक्षा तथा पेट्रोलिंग के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। बता दें, पुलिस को अक्सर सुनसान इलाकों से गुजरना पड़ता है, जहा कभी कभी अपराधियों द्वारा हमले का शिकार हो जाते है।

ऐसे में यह स्कूटर उनकी सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में मददगार होगा। 5 घंटे की चार्जिंग में 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लगभग 55 किमी तक चल सकता है। इसके अलावा स्कूटर को चार पुलिस चौकियों और थानों से जोड़ा जा सकता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक गन लगी है, जो रबर की गोलियों और लाल-हरी मिर्ची के कैप्सूल फायर करने में सक्षम है। स्कूटर को तैयार करने में लगभग 90,000 रुपये का खर्च आया है। जिसमे 250ह व्हील ड्राइव मोटर, 10-इंच व्हील्स, जीपीएस ट्रैकर, इलेक्ट्रॉनिक गन बैरल (20टट), रिमोट ट्रिगर और लाइव कैमरा जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है ।संस्थान के निदेशक एन. के. सिंह ने बताया कि संस्थान का इनोवेशन सेल लगातार नए-नए शोध कार्य करता रहता है, लेकिन इस बार छात्राओं ने नवाचार और अनुसंधान में विशेष योगदान दिया है। उन्होंने देश-प्रदेश की पुलिस की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह स्मार्ट पुलिस इलेक्ट्रिक स्कूटर तैयार किया है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

पिपरौली: मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन

- पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में इन दिनों जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

यजुगेंद्र श्रीवास्तव

गीडा, गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में हो रहे मनरेगा कार्यों का भ्रष्टाचार चरम पर है, प्रधान नाम न छापने के शर्त पर बताया कि ब्लॉक के मनरेगा निरीक्षक को परसेंटेज के हिसाब से कमीशन दिया जाता है, ताकि फर्जी हाजरी लगा कर पूर्ण भुगतान किया जा सके।

बताते चले कि पिपरौली ब्लॉक के अधिकांश ग्रामपंचायत में हो रहे मनरेगा कार्यों पर जमकर धांधलेबाजी

कार्यवाही के बजाय ब्लॉक के जिम्मेदार इस योजना में पलीता लगाने में माहिर हैं। पिपरौली क्षेत्र के 63 ग्राम पंचायत में हो रहे मनरेगा कार्यों में अधिकांश गांवों में ऑनलाइन हाजरी पूर्ण तरह से फर्जी सरकारी पोर्टल पर अपलोड कर सरकारी धन का बंटरबांट किया जा रहा हैं। कुछ ग्राम कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है बावजूद जिम्मेदार आंखे मूंद धृतराष्ट बन तमाशाबीन बने हैं। इस संदर्भ में पिपरौली खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायतों की जांच की जाएगी, दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

सरदार नगर ब्लॉक मुख्यालय पर रात्रि निवास नहीं करते हैं एडीओ पंचायत

- सरकार के निर्देशों की उड़ाई है जा रही है धज्जियां
- शिकायती प्रार्थना पत्र देकर किया कार्यवाही की मांग

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदार नगर के तमाम अधिकारियों द्वारा सरकारी निर्देश की धज्जियां धड़ल्ले से उड़ायी जा रही है। किन्तु जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय कुछ लोगों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है।

बताते चलें कि सरकार का निर्देश है कि सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर रात्रि निवास करें। लेकिन सरकार के इस आदेश की धज्जियां विकास खंड सरदार नगर पर धड़ल्ले से उड़ाई जा रही है। सरदार नगर ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ पंचायत) राधेश्याम जायसवाल द्वारा धड़ल्ले से इस आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि एडीओ पंचायत लगभग तीन वर्षों से सरदार नगर ब्लाक में कार्यरत हैं। जबसे उनकी यहां नियुक्ति हुई, तबसे आजतक कभी ब्लाक मुख्यालय पर वे रात्रि निवास नहीं करते हैं। उनका अपने घर से आना जाना लगा रहता है ।जिससे लोगों को अपने कार्य के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि एडीओ पंचायत के साथ साथ तमाम ब्लाक के अधिकारी ब्लाक मुख्यालय पर रात्रि निवास नहीं करते हैं। कुछ लोगों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उक्त प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से किया है।

राघवपट्टी पड़री की टीम बनी माईधीया प्रीमियर लीग 2025 की विजेता

चौरीचौरा, गोरखपुर। माईधीया प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मंगलवार को राघवपट्टी पड़री की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डॉ रामेंद्र मणि त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और विजेता और उपविजेता टीम को साइकिल पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि और दोनों टीमों के खिलाड़ियों को घड़ियां प्रदान की गई। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रामपुरा की टीम ने टॉस जीतकर राघवपट्टी पड़री की टीम को पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राघवपट्टी पड़री की टीम ने 10 ओवरों में छह विकेट खोकर 92 रन बनाएं। 92 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रामपुर की टीम 8 विकेट पर सिर्फ 52 रन ही बना सकी। मैच का मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज रंजीत को मिला।

रोड शो का आयोजन आज

इटावा। उप कृषि निदेशक आरएन सिंह ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक में मिलेट्स जागरुकता कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन होगा।

युवती ने फांसी लगाकर दी जान

इकदिल, इटावा। किसी बात से छुब्ध होकर युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी होते ही परिजनों में कोहरम मंच गया। मानिकपुर मोड़ के पास विकास कालोनी भाग एक मे रहने वाले रामप्रकाश जाटव के 20 वर्षिय बेटी सीता ने सोमवार दोपहर को घर के बेसमेंट में पंखा के कुंडा में दुपट्टा से बनाये गए फांसी के फंदे से लटक गई। मां छतपर बैठी हुई थी जब नीचे गई तो बेटी को आवाज लगाई , बेटी ने नही सुना तो मां ढूंढ़ते हुए बेसमेंट में गई तो बेटी को फंदे से लटकता देख शोर मचाया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के लोग पहुंचे फांसी का फंदा काटकर युवती को नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका दो भाई तीन बहनों में घर की छोटी बेटी थी।

बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा ब्लाक क्षेत्र के डेमुसा गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव की खराब हो चुके मुख्य मार्ग की मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। और सड़क निर्माण कराने की मांग किया।

प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि गगहा जानीपुर मार्ग से गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर डेढ दशक पहले क्षेत्र पंचायत निधि से सड़क का निर्माण कराया गया था। जो कुछ ही दिन बाद टूट गयी। लापरवाही के चलते सड़क मरम्मत अब तक नहीं हुई। बदहाल सड़क होने के चलते आना जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए अब तक ब्लाक मुख्यालय, तहसील, बासगांव सांसद कमलेश पासवान सहित अन्य शिकायत पोर्टल पर भी किया। सड़क निर्माण का आश्वासन मिलने के बाद भी समस्या पर ध्यान नही दिया गया।

इस मौके पर सौरव सिंह, प्रवीण सिंह , सुभाष सिंह, अर्जून सिंह,अनुज, सुरेन्द्र सिंह,क्रषबहादुर सिंह,राजन, चन्दन,सोनू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

स्कार्पियो कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर नगर के ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक सवार युवक को रौंदा युवक की हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। फरुखाबाद थाना कोहनाह के गांव वंगसपुर के रहने वाले मोहम्मद सईद सिद्धिकी (45)पुत्र मोहम्मद सफी सोमवार दोपहर के बाद बाइक से औरैया के तरफ से इटावा के तरफ जा रहा था। तभी उपरोक्त स्थान पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्रयागराज कुम्भ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की स्कार्पियो कार ने जोरदार टक्कर मारते हुए लोहे की रेलिंग को तोड़कर स्कार्पियो कार सर्वीस रोड पर आ गिरी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसका सवार बुरी तरह घायल हो गया । और स्कार्पियो कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े बाइक सवार को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी और शव को मोर्चरी में रखवाया। दिल्ली सफदरगंज के मोहल्ला अर्जुन नगर में रहने वाले कार सवार राजीव तोमर पुत्र नाबाब सिंह ने बताया कि वह प्रयागराज कुम्भ स्नान कर अपने परिवार के साथ लौट रहे थे तभी बाइक अनियंत्रित हुई और उनके कार का संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में अनुपस्थित विभागों को नोटिस जारी

गीडा/पिपरौली, गोरखपुर। विकास खण्ड पिपरौली के ब्लाक सभागार में मंगलवार को ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024झ2025 में कार्यों की समीक्षा किया गया। तथा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्ताव भी मांगा गया है। बैठक में अनुपस्थित रहे विभागों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया हैं। खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ल ने वित्तीय वर्ष 2024झ2025 में विकास कार्यों की समीक्षा किया। और सरकार द्वारा गांव में चलाई जा रही योजना के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अवगत करते हुए कहा कि आवास का सर्वे किया जा रहा आप सभी लोग ध्यान दे कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अन्य विभाग के कर्मचारियों के अनुपस्थित पर जोरदार विरोध करते हुए कार्यवाही की मांग किया। जिस पर खण्ड विकास अधिकारी ने कार्यवाही का आश्वसन देते हुए सम्बंधित विभाग को नोटिस जारी करने की बात कही। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने सदस्यों को संबोधित करते हुए उपस्थित सदस्यों से आगामी 2025झ2026 कार्य योजना के लिए विकास कार्यों का प्रस्ताव देने को कहा। उन्होंने मौजूद लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वही पिपरौली सहायक विकास अधिकारी पंचायत अरविन्द सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, तहसील आदि कई जगहों के कर्मचारी अनुपस्थित रहे उन सभी विभागों के खिलाफ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

डीएम एसएसपी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर अलर्ट

इटावा। प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अमृत स्नान के मद्देनजर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। 12 फरवरी को होने वाले स्नान के लिए लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय और एसएसपी संजय कुमार ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड का विस्तृत निरीक्षण किया।

डीएम और एसएसपी ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। स्टेशन और बस स्टैंड पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए रेस्क्यू टीम तैयार रखी गई है। मेडिकल सुविधाएं देखीं यात्रियों की सुविधा के लिए पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। रात्रि विश्राम के लिए रैन बसेरों की भी व्यवस्था की गई है। इटावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड महाकुंभ के लिए महत्वपूर्ण ट्रांजिट पॉइंट होने के कारण प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। निश्चिंत होकर जाएं प्रयागराज जिलाधिकारी अवनीश राय ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निश्चिंत होकर अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाएं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। निरीक्षण के दौरान अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

सपा जिलाध्यक्ष के पुत्र का दुखद निधन

जसवंतनगर, इटावा। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बबलू शाक्य के 16 वर्षीय पुत्र इशू शाक्य का दुखद निधन हो गया। वह ग्राम भतौरा के निवासी थे।

इशू को 7 फरवरी को अत्यधिक बुखार होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन उपचार के बावजूद, बीती रात उसकी मृत्यु हो गई। इशू के असमय निधन से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम छाया हुआ है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना दी और इस कठिन घड़ी में धैर्य रखने की अपील की। जैसे ही यह दुःखद समाचार फैला, समाजवादी पार्टी के नेता डॉक्टर बृजेश यादव, अनुज प्रताप सिंह, अनुज मोंटी यादव, राहुल गुप्ता, विनोद यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव, अजेंद्र गौर, रामवीर सिंह यादव, गोपाल गुप्ता, खन्ना यादव, आदि के अलावा सेकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे।

श्रम विभाग के नोटिस से व्यापारियों में गुस्सा

इटावा। श्रम विभाग द्वारा व्यापारियों को भेजे जा रहे नोटिसों के संबंध में श्रम आयुक्त से मिला व्यापार मंडल, दर्ज करायी आपत्ति उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर श्वेता गर्ग से मिला और व्यापारियों को विभाग से जो नोटिस भेजे जा रहे हैं उस संबंध में वार्ता की और आपत्ति दर्ज करायी, जिलाध्यक्ष नें कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को साथ लेकर कुछ अधिकारी बाजार में आते हैं और अराजकता फैलाते हैं, ऐसे ऐसे व्यापारियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं जिनके पास सातों दिन दुकान खोलनें का लाईसेंस है, कुछ नोटिसों में दुकान के अन्दर बैठे ग्राहकों की संख्या को कर्मचारियों की संख्या लिख दिया गया है, और रिटायर्ड कर्मचारी अपना न देकर बात करनें के लिए कहते हैं, शहर मे साप्ताहिक बंदी रविवार की है, जबकि जिले के अन्य कस्बों मे अलग अलग दिन बंदी दिवस है, इस पर लेबर कमिश्नर महोदया नें व्यापारी नेताओं को आश्वस्त कराया कि बिना जिलाधिकारी के आदेश के किसी दुकान का चालान नहीं किया जा सकता, साप्ताहिक बंदी के अतिरिक्त अगर कोई विभाग का कर्मचारी किसी दुकान पर जाता है तो उसकी शिकायत करें, और उस से दुकनदार को वह प्रपत्र मांगने का अधिकार है कि किस अधिकारी के आदेश से आप आये हैं,जो लोग व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं, उनसे जबाब मांगा जायेगा, उन्होंने व्यापारी नेताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक दुकनदारों के शाप एक्ट में रजिस्ट्रेशन करवायें ये रजिस्ट्रेशन जनसेवा केन्द्रों से हो जाते हैं इसके लिए लेबर आफिस आने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर इब्जा के जिलाध्यक्ष पारस जैन, महेश जैन, चन्दन गुप्ता, रंजीत सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

टैक्स बार एसोसिएशन ने ज्ञापन डीएम को सौंपा

इटावा। टैक्स बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि राज्यकर विभाग के अपर सचिव की कार्य प्रणाली से प्रांत के करोबारी एवं अधिवक्ता बंधु मानसिक रूप से पीडित होने की ओर अग्रसर हैं वर्तमान समय में अपर प्रमुख सचिव द्वारा मौखिक आदेशों माल एवं सेवा कर अधिनियम के प्रावधानो ं में तथा निस्तारण की तिथि के विषय में लगातार हस्तक्षेप जारी हैं पूर्व में शासन और प्रशासन न्यायिक प्रक्रिया पर हस्तक्षेप करके कब्जा बनाने का प्रयासरत रहें हैं उसके पश्चात वाणिज्यकर अधिनियमों के अन्तर्गत अपीलों के निस्तारण पर प्रतिप्रेषित किये जाने पर मौखिक रूप से प्रतिबंधित किया गया हैं। प्रांत के समस्त एडिशनल कमिश्नर ग्रेट वन द्वारा अपर प्रमुख सचिव राज्यकर विभाग द्वारा निर्देश का उल्लेख करते हुये परिपत्र जारी किया है जिसमें माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत के वादों की स्कूटनी के बाद के अन्तर्गत आदेश जारी करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी के स्थान पर 10 फरवरी तक निस्तारण किये जाने का फरमान जारी किया हैं जो विधिक रूप से अपर प्रमुख सचिव जी के क्षेत्राधिकार सेबाहर है। माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा हस्तक्षेप करके विज्ञप्ति में संशोधन किए जाने के लिये अधिकृत नहीं है उपरोक्त निर्देश विधि के प्रतिकूल एवं नर्सिग सिद्वांतों की विपरीत है जिसका विधि में कोई स्थान नहीं है जो वास्तव मे ं उपरोक्त कार्य सीमित समय में किया जाना सभंव नहीं है जो प्रांत के व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं को मानसिक अर्थिक एवं सामजिक पीडा उत्पीडन किये जानें का मार्ग प्रशस्त है। टैक्स बार ऐसोसिएशन मांग करती हैं कि उक्त समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द करवाया जाये ताकि समस्त पीडित व्यापारियों को इस समस्या से निदान मिल सकें।

असंतुलित होकर बाइक गिरी, युवक की हुई मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुटपुरा के पास वाइक का पहिया पंचर होने से असंतुलित होकर गड्डे में जा गिरी जिससे पुत्र हुआ गंभीर रूप से घायल। घटना कीसूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल महेवा भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने चेकप करने के बाद 18 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया। ग्राम निवाड़ी कला के रहने वाले संतोष मिश्रा ने बकेवर थाने में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी को सूचना देते हुए बताया कि सोमवार की वह वाइक पर बेटा विशेष मिश्रा को पीछे बैठाकर गांव जा रहे थे जैसे ही उनकी वाइक थाना क्षेत्र के महेवा निवाड़ी कला मार्ग स्थित ग्राम मुकुटपुरा के पास पहुंचे कितभी उनका वाइक का पहिया अचानक पंचर हो गया जिससे वाइक चला रहे संतोष मिश्रा का संतुलन बिगड गया और वह वाइक सहित सड़क के किनारे एक गड्डे में जा गिरे जिससे वाइक पर पीछे बैठा उनका बेटा विशेष मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया।

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 35 /ECTC/2024-25 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 35, कार्य का नाम-: **220/33 के.वी. उपकेन्द्र, गोमती नगर लखनऊ पर 4x60 MVAसे 1x100+3x60 MVA क्षमतावृद्धि हेतु जानपदीय कार्य**। कार्य की अनुमानित लागत -: **रू. 28.01 लाख** कार्यावधि :-**02 माह** उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 04.03.2025 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 05.03.2025 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ''राष्ट्र हित में बिजली बचाए'' (पत्रांक : 592, दिनांक : 11.02.2025)**

संक्षेप

ईसानगर थाना क्षेत्र से गायब किशोरी हुई बरामद

लखीमपुर खीरी। थाना ईसानगर पुलिस द्वारा दो गुमशुदा किशोरियों को 24 घण्टे के अंदर बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुमशुदा व अपहताओं की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा दो किशोरियों को बरामद किया गया है। थाना ईसानगर पर किशोरियों की गुमशुदगी का मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है। गुमशुदा किशोरियों शिवानी पुत्री रामचन्द्र रस्तोगी उम्र करीब 14 वर्ष, रोहमा पुत्री जियाउलहक उम्र करीब 14 वर्ष नि0ग्राम त्रिकोलिया मजरा सिंगावर थाना ईसानगर दो दिन पहले गायब हो गई थी। गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत कर ईसानगर पुलिस ने किशोरियों को बरामद कर लिया है। पूछताछ में बरामद किशोरियो ने अपना नाम शिवानी पुत्री रामचन्द्र रस्तोगी उम्र करीब 14 वर्ष नि0 ग्राम त्रिकोलिया मजरा सिंगावर थाना ईसानगर, रोहमा पुत्री जियाउलहक उम्र करीब 14 वर्ष नि0 ग्राम त्रिकोलिया मजरा सिंगावर थाना ईसानगर बताया है। बरामद करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 अंकुर कुमार, का0 सोनवीर, म0आ0 प्रियंका भाटी, म0आ0 सोनिया सागर शामिल रही।

प्रधानों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ग्राम प्रधान पंचायतों में पूरी क्षमता के साथ सशक्त बनाए इसके लिए बैठक कर रणनीति तय की गई है। मंगलवार को गोला कुम्भी ब्लॉक सभागार में बैठक की गई। इसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने और योजनाओं की पूरी जानकारी को लेकर जन जागरूकता के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा इस बैठक में ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा, बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र, एडीओ पंचायत अवनीश कुमार मिश्र, सचिव शैल्वी बाजपेई, प्रियम, सर्वेश, राजीव सहित 40 ग्राम पंचायतों के प्रधान मौजूद रहे। वही मास्टर ट्रेनर मान सिंह वर्मा, अभिषेक पांडेय आदि प्रस्तुत रहे से मौजूद रहे।

चीनी मिल में स्थापत्य व वास्तु कथा यज्ञ 15 से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्थानीय चीनी मिल में बजाज देवालय में स्थापत्य एवं वास्तु कथा यज्ञ का छः दिवसीय आयोजन 15 फरवरी से 20 फरवरी तक किया जाएगा। चीनी मिल के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन में वास्तु स्थापत्य कला के राष्ट्रीय विद्वान वास्तु वचन आचार्य सुशील बलूनी कथाअमृत की वर्षा करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर ढाई बजे से शाम छहः बजे तक होगा। जबकि सायं छहः बजे से साढे छहः बजे आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

तीर्थ की सीढ़ियों पर स्टेप लाइट लगाने का कार्य तेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गोकर्ण कारिडोर के निर्माण में तेजी आ गई है। तीर्थ की सीढ़ियों पर लाइटिंग के कार्य के लिए पाइप डाली जा रही है। रिटेनिंग वाल बनाते समय ध्वस्त किए गए प्रशासनिक कैंप कार्यालय के पास नीव खुदाई के दौरान संजय सक्सेना की दीवार गिर गई। हालांकि कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने इसकी आशंका पहले ही व्यक्त की थी और कहा था कि रिटेनिंग और बाउंड्री वाल के निर्माण में नीव खुदाई के दौरान पास में बने भवनों के नीव की कम गहराई होने के कारण दिक्कत आ रही है। लेकिन इसकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की, जिसका खामियाजा भवन स्वामी को भुगतना पड़ा। इससे पहले भी श्री हंस राम मूलचंद अग्निहोत्री धर्मशाला के ध्वस्तीकरण के दौरान एक भवन की दीवार और लिंटर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसे समय प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा भवन की मरम्मत कराए जाने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक उसके भवन की मरम्मत नहीं हो सकी है। उधर तीर्थ की सीढ़ियों पर स्टेप लाइट लगने को लेकर पाइप और बिजली के तार बिछाए जा रहे हैं। जिसके बाद सीढ़ियों पर लाल पत्थर लगाए जाएंगे। हालांकि गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों का काम लगभग पूरा होने की कगार पर है। ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से बाउंड्री वाल निर्माण को लेकर जमीन के अंदर पिलर बनाए गए हैं। इसके बाद बाउंड्री वाल के निर्माण में भी तेजी दिखाई देगी।

जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें अधिकारी

शाहजहांपुर। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मा. प्रभारी मंत्री जी ने एनएसए, हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि भागे हुए अभियुक्तों की अरेस्टिंग जल्द होनी चाहिए इसके लिए टीमों का गठन किया जाए। पेंडिंग विवेचनाओं पर रोड मैप बनाकर डिस्पोजल किया जाए। अवैध शराब निर्माण में रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर शाहजहांपुर जनपद को प्रदेश में नंबर वन लाने का प्रयास करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, पुवांया विधायक चेतराम, तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आग से तीन घर राख

सिंगाही खीरी। रहीम पुरवा में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नकदी समेत हजारों का सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने आंकलन रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के मजरा रहीम पुरवा में सोमवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने अयोध्या प्रसाद के घर को अपने आगोश में लिया। देखते ही देखते आग ने नीलू, गुड्डू, और श्रीकेशन के घर को भी चपेट में ले लिया। आग लगते देख पड़ोसियों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। जिससे घरों में रखी 50 कुन्तल गुड़, 20कुन्तल धान, दो ट्रेक्टर, कम्प्यूटर करहा अनाज व खाने पीने का हजारों का सामान जलकर राख हो गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने मौके पर पहुंच कर पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

युवती के पिता से प्रेमी के परिजनों ने की मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में एक युवती अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। युवती के पिता जब युवक के घर उसे लने पहुंचे तो उसके परिवार वालों ने गाली गलौज करते हुये मारपीट की। पीडित ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 फरवरी को दलेलनगर निवासी संदीप राजपूत पुत्र सूरज लाल उसकी 20 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पुत्री सोने चांदी के जेबर, कपडे और नकदी अपने साथ ले गई। घटना की जानकारी होने पर वह संदीप के घर अपनी पुत्री को वापस लेने गया जहां उसकी मां और भाई ने गाली गलौज करते मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने संदीप, रंजीत व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने घर के दरवाजे पर शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रम्मापुर निवासी रोहित कुमार पुत्र प्यार वाले ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 फरवरी की देर रात मेवाराम पुत्र डालचंद, अरविंद पुत्र सोहनलाल, रिषिपाल पुत्र मेवालाल, अमर सिंह पुत्र जगन्नाथ उसके दरवाजे पर शराब पीकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किशोरी को भगा ले गया युवक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र से एक किशोरी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। लिसकी मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। जिसे 5 फरवरी को बहराच जिले के कैसरगंज के ग्राम रसूलाबाद निवासी विनय पुत्र सुरेन्द्र सिंह बहला फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी की मां ने उसकी पुत्री को बरामद कराने की मांग की है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्न लिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 27.02.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 28.02.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity eDistribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति ''इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति'' ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत है:- **1. ई-निविदा संख्या 127 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड रूदौली अयोध्या के अधीन मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत सीमा विस्तारित/उच्चीकृत एवं नवसृजित निकायों में सुदृढ विद्युत परिवर्तक क्षमतावृद्धि एवं केबिल लेईंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 23000.00। **2. ई -निविदा संख्या 128 एच (एफ) (कार्य)/ 2024-25:-**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली अयोध्या के अधीन मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत सीमा विस्तारित/उच्चीकृत एवं नवसृजित निकायों में सुदृढ विद्युत परिवर्तक क्षमतावृद्धि एवं केबिल लेईंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 24500.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या। ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' (पत्रांक : 1158, दिनांक : 11.02.2025)**

मोटरसाइकिल चोरी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निघासन-खीरी। सात फरवरी को वकील मो.इजहार नमाज पढ़ने पलिया रोड नूरी मस्जिद में गए थे। मोटर साइकिल प्रज्ञा लोहा भंडार के गोदाम के पास खड़ी कर दी थी। नमाज पढ़कर जब वापस आए तो मोटर साइकिल गायब मिली जिसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया। वकील ने कुछ जानकारी भी दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और न ही कोई सुराग लगा सकी। मंगलवार को वकीलों ने मीटिंग कर एसडीएम राजीव निगम को ज्ञापन देकर जल्द ही मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष अंबरीश कुमार श्रीवास्तव मंत्री टीएल यादव, संयुक्त मंत्री नवदीप सिंह गोल्डी, अंकेक्षक प्रमोदकुमार यादव सहित सर्वेश गुप्ता, उमाकांत जायसवाल, मो अमीन, भानुप्रताप गुप्ता, राजेंद्र रुहेला, वीरेंद्र रुहेला, रमेश मौर्य, आशीष कश्यप, वीरेंद्र कुमार, रामप्रताप, राहुल, उत्तम कुमार, अफसर अली, सोनेलाल, रामनिवास जायसवाल, सर्वेश मिश्रा, रवि गुप्ता, राकेश वैश्य आदि वकील मौजूद रहे।

तहसील बार एसोसिएशन के नवीन मंत्रिमंडल का शपथ समारोह आयोजित

मोहम्मदी खीरी। तहसील बार एसोसिएशन के नवीन मंत्रिमंडल के शपथ समारोह का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश सैयद माऊज बिन असिम ने नवगठित मंत्रिमंडल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी सिंह ने किया है।

मंगलवार को सिविल कोर्ट परिसर में शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य न्यायाधीश सैयद माऊज बिन असिम ने मां वीणा पाणि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया मुख्य अतिथि में कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलदीप सिंह और महामंत्री अमित मिश्रा समेत पूरे मंत्रिमंडल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए

- कुलदीप सिंह अध्यक्ष व अमित मिश्रा बने महामंत्री

कहा बार और बेंच रथ के दो पहियों के समान हैं जो एक के बिना अधूरे हैं। हमें गरीबों को सरल और सहज न्याय दिलाने की पहल करनी होगी वहीं अपर जिला जज सुभाष सिंह, अनिल कुमार राना, मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेंद्र नाथ गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता रामखेलावन मिश्रा, विवेक कुमार शुक्ला, अवधेश कुमार दीक्षित, सुनीत कुमार दीक्षित ने भी अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए जूनियर अधिवक्ताओं को गरिमा को बिना ठेस पहुंचे कार्य करने की अपील की इस मौके पर कैलाश चंद्र त्रिवेदी, योगेश त्रिवेदी, इंदु शेखर मिश्रा, मनोज दीक्षित, समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

रोडवेज परिसर में डीएम ने किया जलपान का वितरण

जौनपुर। महाकुम्भ के माघी पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के साथ मछलीशहर रोडवेज परिसर में प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को बिस्कुट, पेयजल, फल एवं सुक्ष्म जलपान, मिष्ठान आदि का वितरण किया।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से, जनपद में जितने भी श्रद्धालु अन्य जनपदोंध्प्रान्तो से आ रहे है, उन्हे सम्मान के साथ सुगमता पूवर्क यातायात, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाएगी। कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनपद के शाहगंज, मुगराबादशाहपुर, बदलापुर सहित समस्त बस स्टेशनों पर निःशुल्क बिस्कुट, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की गयी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह सहित अन्य समाजसेवा संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सुक्ष्म जलपान की व्यवस्था किए जाने पर सराहना की। ज्वांइट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, इशिता किशोर, एआरएम रोडवेज ममता दूबे, आदि उपस्थित रहे।

मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

शाहजहापुर / थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा तहसील परिसर से अधिवक्ता का मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर को कुल 07 अदद चोरी के मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार सन्तोष सिंह (एडवोकेट) पुत्र स्व0 बन्ता सिंह निवासी कोचर फार्म थाना खुटार तहसील पुवायां शाहजहाँपुर द्वारा थाना हाजा पर तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा तहसील परिसर पुवायां सीट से वादी का मोबाइल सैमसंग चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया गया था।

मूखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से आगे बढकर घेरकर इस व्यक्ति को मौके पर ही पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इसने अपना नाम सागर सिंह पुत्र अजयपाल सिंह निवासी ग्राम बसखेडा थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर हाल निवासी मो0 तरती बाजार कस्बा व थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर जाति ठाकुर बताया जिसके जामातलाशी से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी का मोबाइल बरामद हुआ अभियुक्त को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए समय करीब 14.24 बजे हिरासत पुलिस लिया गया तथा अभियोग मे धारा 317(2) इठर की वृद्धि की गयी। अभियुक्त को थाना पुवायाँ पर लाकर बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

कवि डॉ प्रदीप वैरागी और गणेश पथिक सम्मानित

पुवायां, शाहजहांपुर। बरेली की साहित्यिक संस्था कवि गोष्ठी आयोजन समिति एवं विशिष्ट बचपन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बदायूं रोड पर सरस काव्य गोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन वरिष्ठ कवि रणधीर प्रसाद गौड़ ₹धीर₹ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि हास्य व्यंग्यकार दीपक मुखर्जी 'दीप' रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रथम सत्र में लोकप्रिय कवयित्री राजबाला धैर्य -रचित 'विशिष्ट बचपन पत्रिका' जनवरी- मार्च 25 का विमोचन अथिति कवियों ने किया। द्वितीय सत्र में साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाहजहांपुर के प्रख्यात कवि डॉ.प्रदीप वैरागी प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार और कवि गणेश पथिक को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर कार्यक्रम संयोजिका राजबाला धैर्य एवं संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने सम्मानित किया। गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेटकवयित्री राजबाला धैर्य रामकुमार अफरोज ,संतोष कुमार श्रद्धा, भारतेंद्र सिंह, विनीत सक्सेना रामधनी निर्मल, रामकुमार अफरोज, राजकुमार अग्रवाल, कुमार आदित्य यदुवंशी, डॉ अखिलेश गुप्ता, सात्विक चौधरी, बीना, रीतेश साहनी एवं रमेश रंजन आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया।

थाना तिलहर पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहाँपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने चलाये जा रहे अभियान के दौरान मनोज कुमार अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं ज्योति यादव क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा राकेश कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध, बरामदगी अवैध शराब, शस्त्र, मादक पदार्थ एंव चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्कर, जिला बदर अपराधी व वांछित/वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम मे प्र०नि० राकेश कुमार द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न पुलिस टीमें गठित की गई तथा गठित पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभि0 मुस्तकीम पुत्र चांद बाबू निवासी मोहल्ला काशीराम कालोनी कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर हाल पता मौ0 उम्मरपुर कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर सम्बन्धित वारंटी एसटी नम्बर 633/2022 मु0अ0सं0 374/2019 धारा 498अ, 307, 323, 324, 504, 506 भ.द.सं. थाना तिलहर नियत तिथि 18. मार्च.2025 के निर्गत वारण्ट के अनुपालन में आज 11. फरवरी 2025 को मो0 उम्मरपुर में वारण्टी के मसकन थाना तिलहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उक्त वारण्टी को सम्बन्धित मा० न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी

पुण्यतिथि पर याद किए गये पं. दीनदयाल उपाध्याय

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एकात्म मानववाद के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिषद सभागार में गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन सुर्जन लाल वर्मा और नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीब असहाय एवं निर्बल के उत्थान के लिए सदैव कार्य करते रहे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का सामाजिक जीवन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रुप में गोला से हुआ। यह सौभाग्य की बात है। जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार ने भी दीनदयाल के कृतत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री धीरज बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सक्सेना, विजय बाजपेयी, नगर मंत्री राजीव वर्मा नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, सीमा वर्मा, पूर्व नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष बालगोविंद वर्मा, रजत गुप्ता, मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया, गोविंद कुमार, जीतू वर्मा, हिमांशु सिंह, शिवम कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीडीओ की अध्यक्षता में कृषि यंत्रों का चयन

लखीमपुर खीरी। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समिति के द्वारा कृषि यंत्रीकरण योजना अंतर्गत लाभार्थियों का ई लॉटरी के माध्यम से चयन की कार्रवाई की गई। इसमें अरविंद मोहन मिश्रा उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, जिला सूचना अधिकारी तथा आवेदक कृषक भी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी की अध?क्षता में विकास भवन के सभागगार में शासन द्वारा कृषि विभाग में संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत आवेदकों की उपस्थिती में कुल 44 यंत्रों के लिए चयन की कार्रवाई की गई, जिसमें कस्टम हायरिंग सेंटर रोटावेटर, स्ट्रॉ रीपर, हैरो, सुपर सीडर, कल्टीवेटर आदि यंत्र 40 से 50% अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना में जिले से कुल 95 कृषकों द्वारा आवेदन किया था जिसके सापेक्ष 44 कृषकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। इसमें पुतान सिंह को पावर चैफ कटर, आलोक सिंह को हैरो, गुरदीप सिंह को स्ट्रॉ रीपर, अनूप सिंह को कंबाइन मशीन, राम नरेश को कस्टम हायरिंग सेंटर, हरिवंश सिंह को कस्टम हायरिंग सेंटर तथा मानवी सिंह को रोटावेटर आदि किसानों का चयन किया गया।

दीवार गिराये जाने का विरोध, पुलिस ने रोका

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मोहल्ला मुन्नूगंज मे साझे की दीवार गिराए जाने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। पुलिस ने एसडीएम के आदेश के बाद काम रुकवा दिया है। मुन्नूगंज निवासी हितेंद्र गुप्ता का कहना है कि उनके मकान के उत्तर दो मन्जिला एक दीवार बनी है जो अत्यन्त जर्जर है। जिसमे पड़ोसी राजकुमार शर्मा तुडवा रहे हैं और नया निर्माण करा रहे हैं। यह दीवार इन दोनों पक्षो की सम्मिलित है। उनके दीवार तोड़ने से मकान में काफी क्षति हो सकती है। यदि जबरन विपक्षी उक्त दीवार को तोड़ते है और उसमे कोई नुकसान होता है तो उन्हें समस्त हर्जे-खर्चे की भरपाई दिलायी जाई। एसडीएम ने पुलिस को कार्यवाही का आदेश दिया। हितेंद्र का कहना है कि उसके बाद भी दीवार गिरना रुका नहीं तो उन्होंने ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर दीवार गिराने का काम रुकवा दिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डर
निविदा सूचना संख्या-एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2025
मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं।
निविदा सूचना सं0 एवं कार्य का विवरण:- एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/01/2025, कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत खलीलाबाद-बहराईच नई लाइन कार्य खण्ड में सम्बन्धित बघौली बाजार स्टेशन, बखीरा स्टेशन, मेहदावल स्टेशन, खेसरहा स्टेशन एवं बांसी स्टेशन हेतु एस.आई.पी के अनुसार इनडोर एवं आउटडोर कार्यो के साथ आर.डी.एस.ओ स्पेसिफिकेशन RDSO SPN/192/ 2019 VER.2 या लेटेस्ट (नवीनतम संशोधन के साथ यदि कोई हो) के अनुसार सेन्ट्रलाइज टाइप इलेक्ट्रानिक इण्टरलाकिंग (EI) सिस्टम का डिजाइन, प्रोग्रामिंग, इंस्टालेशन, सप्लाई, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य तथा खलीलाबाद-बांसी खण्ड में आंशिक सामग्री की आपूर्ति सहित दूरसंचार सम्बन्धित कार्य। **ब्याना राशिः** ₹ 12,54,200.00, **अनुमानित लागतः** ₹ 22,08,35,298.06, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 माह, निविदा बन्द होने की तिथिः दिनांक. 03.03.2025 को 15:00 बजे।
नोटः- इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।
उपमु0सि0दू0इं0/निर्माण-I, गोरखपुर
मुजाधि/सिगनल-98
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

किआ इंडिया शोरूम में एसयूवी सिरोस की लांचिंग

आजमगढ़। शहीदवारा, चकखैरूल्लाह स्थित किआ इंडिया मोटर्स शोरूम की नई ब्रांड एसयूवी कार सिरोस की धमाकेदार लाचिंग पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा रीबन काटकर की गई। नई किआ सिरोस एसयूवी कार के ग्राहकों में तेजी से पॉपुलर हो रही है और किआ के पोर्टफोलियो में अहम योगदान दे रही है। किआ इंडिया ने अपनी ब्रांड न्यू एसयूवी सिरोस को 8.99 लाख की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया है। इस कम्फर्ट एसयूवी का डिजाइन अपने अलग अंदाज से लोगों को पसंद आ रहा है, इसके साथ ही फीचर्स कन्वीनियंस, कंफर्ट और पावर के मामले में यह जबरदस्त है। इस अवसर पर एस.एम. अश्विनी श्रीवास्तव, डायरेक्टर हाजी इसरार साहब, हाजी अनीस, एमडी मोहम्मद हाशिम इसरार, सी.ई.ओ. मो. नजमुद्दीन, सचिन सिंह, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 15 को

आजमगढ़। उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि जनपद आजमगढ़ में औद्योगिक विकास में तेजी लाने तथा जन समान्य में उद्यमिता की भावनो को प्रोत्साहित करने के लिए जिला उद्योग केन्द्र, आजमगढ़ द्वारा जनपद में दो सप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 45 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रशिक्षण हेतु 15 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, आजमगढ़ में साक्षात्कार प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रशिक्षण में जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष के भीतर हो, अनुसूचित जाति, महिला वर्ग एवं विकलांग भूतपूर्व सेनिकों के लिए 45 वर्ष अधिकतम है, न्युनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 पास हो, वे सभी अपने मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड फोटो के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग लेने का कष्ट करें। जिससे चयनित प्रशिक्षार्थियों का पप्रशिक्षण दिलाया जा सके।

मधुमक्खियों का आतंकः दो महिलाओं को किया घायल

मीरजापुर। जिले में इन दोनों मधुमक्खियां का आतंक बढ़ गया है। जिले के लालगंज क्षेत्र के तुलसी गांव में मंगलवार को सरसों की फसल काटने जा रही दो महिलाओं को मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया?। परिजनों को जानकारी होने पर कंबल व धुएं की मदद से मधुमक्खियों से बचाकर दोनों महिलाओं को गंभीरावस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहंगपुर में भर्ती कराया, जहां पर मौजूद एएनएम ने दोनों महिलाओं का उपचार किया है। जानकारी के मुताबिक लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी छांगुर मौर्य ने बताया कि स्वर्गीय जग्गू प्रसाद मौर्य की 65 वर्षीया पत्नी शांति देवी व सुरेश की 35 वर्षीया पत्नी रानी अपने खेत में बोई सरसों की फसल काटने जा रही थी कि पीपल के पेड़ पर लगे छत्ते से मधुमक्खियां अचानक उड़कर हमला कर दिया। जिससे दोनों महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गई। जानकारी होने पर घर से कंबल व धुएं के सहारे दोनों महिलाओं को मधुमक्खियों से बचाते हुए निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों महिलाओं को बचाने में कई लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया लेकिन दोनों महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है।

साइबर जागरूकता की दी जानकारी

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेफर इण्टरनेट डे मनाये जाने के मकसद से जनपद स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारी की उपस्थिति में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, निजामुद्दीन अंसारी द्वारा पीपीटी व छोटे-छोटे वीडियो क्लीप के माध्यम से साइबर जागरूकता कि जानकारी देते हुए बताया की इन्टरनेट को सावधानी व जिम्मेदारी से प्रयोग करे और सुरक्षित रहे। कार्यशाला के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हु, कहा कि इन्टरनेट को बहुत सतर्क होकर प्रयोग करें। अनजान फोन या ईमेल के माध्यम से बैंक सम्बंधित जानकारी मागता है तो ना दें। फेक साफ्टवेयर के इस्तेमाल से बचे। इसी प्रकार से आईटीआई दुद्धी व राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में भी सेफर इण्टरनेट डे मनाने हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य व अध्यापकगण के साथ ही कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

साइबर स्वच्छता से डिजिटल जिंदगी को करें सुरक्षित

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गयी।

इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी चन्दन यादव एवं साइबर क्राइम से ओम प्रकाश जायसवाल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि एक डिजिटल युग में सिर्फ एक क्लिक से अवसरों के अथवा खतरों के दरवाजे खुल सकते हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता एक ऐसी प्रक्रिया है, जो व्यक्तियों को उनके उपकरणों और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाये रखने में मदद करती है। जैसे आप कीटाणुओं से बचने के लिए हाथ धोते हैं, वैसे ही साइबर स्वच्छता से आपकी आनलाइन आदतों को साफ करना शामिल है, ताकि आप अपनी डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रख सकें। अच्छी साइबर स्वच्छता से फिशिंग, हैकिंग और मैलवेयर जैसी चीजों से आपके व्यक्तिगत खातों और उपकरणों को प्रभावित होने से रोका जा सकता है। साइबर स्वच्छता के लिए फोन में आसान पासवर्ड का उपयोग

करने से बचें, इसके बजाय अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों का मिश्रण करके मजबूत पासवर्ड बनायें। दो चरणीय प्रमाणिकता सुरक्षा की एक अतिरिक्त स्तर जोड़ता है, जिसमें आपको एक दूसरा पासवर्ड जैसे आपके फोन पर भेजा गया कोड, के माध्यम से अपनी पहचान सत्यापित करनी होती है। अपने डिवाइस को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए बायोमेट्रिक्स (उंगलियों के निशान या चेहरा पहचान) या एक मजबूत पिन/पासवर्ड का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि फोन में केवल विश्वसनीय श्रोतों से ही ऐप्स डाउनलोड करें। अनौपचारिक श्रोतों से ऐप्स में मैलवेयर हो सकता है या वे आपका डेटा चुराने के लिए डिजाइन किये जा सकते हैं। सुरक्षित कनेक्शन का उपयोग करें। जब सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करें, तो संवेदनशील खातों, जैसे आनलाइन बैंकिंग तक पहुंचने से बचें। किसी भी लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट डाउनलोड करने से पहले हमेशा ईमेल के श्रोतों की पुष्टि करें। नियमित अपडेट सुरक्षा की खामियों को ठीक करता है, जिन्हें बुरे लोग हैक कर सकते हैं। इसके साथ ही कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी, आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाईन या सोशल मीडिया पर साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखें। अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें,

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर जागरूकता कार्यशाला

जो केवाईसी अपडेट के बहाने आपकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए निवेदन करें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से संबंधित मांग को पूरा न करें। सतर्क रहें, कभी भी भुगतान प्राप्त करने वाले क्यूआर कोड स्कैन या ओटीपी/पिन साझा न करें, ये स्कैम के तरीके हो सकते हैं। टेलीकॉम विभाग के नाम पर आने वाली कॉल्स पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से बचें। वास्तविक कूरियर सेवाएं बिना बुकिंग किये पार्सल के लिए कोई शुल्क नही लेती है। उच्च लाभ के प्रति प्रेरित करने वाले आनलाइन निवेश आफरों से बचें। अपने मोबाइल पर ऐप की नियमित जांच करें, अनावश्यक अनुमतियां रद्द करें और अनुपयोगी ऐप्स को हटा दें। कोई सरकारी एजेन्सी (पुलिस, सीबीआई, ईडी) वीडियो या वॉयस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती है। संवेदनशील लेन-देन जैसे बैंकिंग, कानून, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी इत्यादि के लिए सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करने से बचें। जागरूक करते हुए विषय विशेषज्ञ साइबर सेल एक्सपर्ट हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर ऐसा कोई वीडियो कॉल या फोन कॉल आता है तो आप अलर्ट हो जाएं, क्योंकि ये लोग साइबर अपराधी होते हैं और झांसा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर आप अपना पॉसवर्ड बहुत ही सिंपल न रखें, उसे स्पेशल कैरेक्टर का यूज करते हुए बनाएं, ताकि वह स्ट्रांग रहे और कोई हैक न कर सके। किसी भी प्रकार की साइबर फ्रॉड संबंधी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करें या फिर साइबर अपराध की शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में या ऑफिसियल बेवसाइट पर शिकायत दर्ज करें। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वि/रा आजाद भगत सिंह, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, मो अबुशाद अहमद (एसआई) सहित संबंधित अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

सब्जी विक्रेता को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

जौनपुर। जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के सेवई नाला के पास सोमवार की रात बदमाशों ने एक सब्जी विक्रेता को गोली मार दी। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रसूलपुर गांव निवासी 22 वर्षीय सचिन मौर्या पुत्र मुन्नीलाल रोज की तरह बाजार में सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह सेवई नाला पुल पर पहुंचा, पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली उसकी कमर में लगी, जिससे वह साइकिल समेत सड़क पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायल को स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सचिन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की। बदमाश किस दिशा में भागे, इसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने बताया कि अभी तक परिवार वाले भी किसी विवाद या दुश्मनी की जानकारी नहीं दे सके हैं।

नई दिशा देने वाले विचारक थे दीनदयालः कुलपति

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांत को याद किया। कुलपति ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति और समाज को एक नई दिशा देने वाले महान विचारक थे। उन्होंने अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प लिया था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए। संयोजक एवं अध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के सर्वांगीण विकास का व्यापक दर्शन है। उनके विचार हमें समाज में समरसता और राष्ट्रवाद को सशक्त करने की प्रेरणा देते हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा, आज के दौर में हमें दीनदयाल के सिद्धांतों को अपनाकर देश के समग्र विकास की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उनका दर्शन न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा, दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन हमें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमें शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. राजन तिवारी समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

व्यक्ति नहीं, मानवतावादी विचार के पोषक थे दीनदयाल

जौनपुर। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीहीपुर स्थित भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल

उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल मां भारती के सच्चे सपूत थे। वे एक व्यक्ति मात्र नहीं, बल्कि मानवतावादी विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और चितन के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रखर राष्ट्रवादी, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भाजपा कार्यकताओं के पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल की विचारधारा को अपनाते हुए भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना, पंडित दीनदयाल महामानव थे, जिनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी और विचारों की गहराई भी थी। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सन 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और हमारे प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि दीनदयाल जी में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था। समय बीतने के साथ भारतीय जनसंघ की विकास यात्रा में वह ऐतिहासिक दिन भी आया जब सन 1968 में विनम्रता की मूर्ति इस महान नेता को दल के अध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया गया। ओमप्रकाश सिंह रविंद्र दुबे शशांक सिंह शुभम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

मारपीट में एक घायल, चार के विरुद्ध केस दर्ज

हलिया, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के मनिगढा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिये भेज दिया है। क्षेत्र के मनिगढा गांव निवासी लक्ष्मिन की पत्नी नन्हकी ने दी गयी तहरीर में बताया है कि सोमवार को उसकी जमीन पर विपक्षी कब्जा कर रहे थे कि मना करने पर गांव निवासी उसके विपक्षी गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल में जुट गयी है।

35 लाख रुपये का गांजा व कारोबारी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिले के थाना सिधारी पुलिस तथा एसओजी टीम आजमगढ़ द्वारा 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त के कब्जे से 221.820 किलोग्राम नाजायज गांजा (कीमत लगभग 35 लाख रुपएं), अभियुक्त के कब्जे से 610 रुपए नगद तथा एक ट्रक बरामद किया गया है। प्र.नि. शशिचन्द चौधरी मय हमराह व एसओजी टीम प्रभारी संजय कुमार सिंह मय हमराह की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक ट्रक जहानागंज की तरफ से आ रही है उसमें कुछ संदिग्ध है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर सभी पुलिस वहां से प्रस्थान कर सुहेलदेव विश्वविद्यालय तिराहे पर पहुंचकर चेकिंग करने लगे कि थोड़ी देर में एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया पास आने पर पुलिस टीम द्वारा उस ट्रक को रूकवाकर चालक का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मनोज यादव पुत्र स्व. श्रीनाथ यादव ग्राम फौलादपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर वर्ष बताया। पूछताछ पर उसने बताया कि गाड़ी से माल खाली करके आजमगढ़ जा रहे हैं, गाड़ी में कोई सामान नहीं है, यह कहते हुए घबड़ा रहा था। शक होने पर नियमतः पुलिस द्वारा गाड़ी चेक किया गया तो गाड़ी के पीछे तीन बोरों का बण्डल मिला तथा पूछने पर पकड़े गये व्यक्ति ने बताया कि इसमें नाजायज गांजा है, तत्काल राजपत्रित अधिकारी को सूचित करते हुए मौके पर बुलाया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए चालक के गाड़ी की तलाशी लेने पर कुल 22 बण्डल (221.820ग्राम) गांजा प्राप्त हुआ। अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मनोज यादव उपरोक्त से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह ट्रक मेरे भाई मौनु यादव पुत्र श्रीनाथ यादव के नाम से है। इसका मालिक मैं ही हूं। गाड़ी मेरे नाम से नहीं हो पा रहा था इसलिए मैने अपने भाई के नाम से गाड़ी करा दिया। मैं सिर्फ माल लादकर गाड़ी ले आता हूं। यह माल असम ले लेकर आ रहा हूं। यह माल सौरभ सिंह पुत्र गिरीश सिंह निवासी प्रभुटण्डा थाना रानीपुर जनपद मऊ का है। वह असम में माल लदवा देते हैं और मेरे गाड़ी मे तेल डलवा देते हैं उसके बाद मैं उसके बताये स्थान पर जनपद मऊ में गाड़ी लेकर आता हूं तब वह वहां आकर अपना माल लेकर चले जाते हैं। मैं यह काम कई बार कर चुका हूं, आज पहली बार पकड़ा गया हूं। हम दोनों लोग मिलकर गांजा का कारोबार करते है और जो लाभ मिलता है उसे आपस में बांट लेते हैं।

एनएसएस से आम जनमानस में बढ़ती है जागरूकता

जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के माता प्रसाद आदर्श महाविद्यालय भभौरी में आयोजित एन0एस0एस0 सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए डॉ0 विजय कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने कहा कि एन.एस.एस. के माध्यम से आम जनमानस में जगरूकता फैलती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. यशवंत सिंह प्रोफेसर ला विभाग टी.डी. कॉलेज जौनपुर ने कहा कि एनएसएस.राष्ट्र सेवा का एक माध्यम है। कार्यक्रम के प्रारंभ में आये हुए अतिथियों ने मा सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित के पूजन किया। छात्राओ के द्वारा आये हुए अतिथियों के लिए स्वागत गान एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, महामंत्री पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं आये हुए अतिथियों का परिचय एवं आभार ज्ञापन प्रबन्धक डॉ.समर बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ.सीमा सिंह प्राचार्य, डॉ. तिलक राज सिंह, डॉ.अनुज प्रताप सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ.सकील अहमद, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. मधुबाला मिश्रा, डा. विनय उपाध्याय, डॉ.सुधाकर सिंह, डॉ.महेश मौर्या, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रवीण मिश्र ने किया।

दर्शनार्थियों से भरी स्कॉर्पियो में लगी आग

मीरजापुर। विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा पुलिस चौकी अंतर्गत मिजार्पुर-प्रयागराज हाईवे पर अष्टभुजा टोल के पास सोमवार की रात में झारखंड से आएं श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे, कि तभी अचानक स्कॉर्पियो आग का गोला बन बैठी। आग लगते ही मौके पर हाहाकार मच गया था। संयोग ठीक रहा है कि आसपास के लोगों की तत्परता से सवार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड एवं पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

अष्टभुजा चौकी पुलिस ने स्कॉर्पियो अपने कब्जे में लेते हुए बाद में यातायात सुचारू रूप से बहाल कराया है। मौके पर विंध्याचल थाना प्रभारी अमित कुमार, फायर ब्रिगेड प्रभारी अनिल प्रताप सहित अन्य लोग मौजूद पहुंच गए हुए थे। बताया जा रहा है कि विंध्याचल कोतवाली थाना क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत मिजार्पुर-प्रयागराज हाईवे मार्ग पर अष्टभुजा टोल के पास सोमवार की रात में झारखंड से आएं श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे कि तभी अचानक स्कॉर्पियो में आग लग लगी। आग लगते ही स्कॉर्पियो आग का गोला बन गई थी। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड एवं पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे आग पर काबू पा लिया गया। अष्टभुजा चौकी पुलिस ने स्कॉर्पियो को लिया अपने कब्जे में ले यातायात सुचारू रूप से बहाल कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के मुताबिक झारखंड के पलामू जिला निवासी राकेश कुमार प्रयागराज से कुंभ स्नान कर विंध्याचल देवी दरबार में दर्शन-पूजन करने के लिए आ रहे थे। जिनके स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई जिससे सवार सभी लोग सुरक्षित है।

श्रद्धालुओं की कार ट्रक में घुसी, दो की मौत

मीरजापुर। जनपद में मंगलवार की सुबह अमंगल साबित हुई है। भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि पांच अन्य घायल होने बताएं गए हैं। यह हादसा तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी कार के खड़ी ट्रक में घुसने से होना बताया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार के साथ अफरातफरी मच गई थी।

आनन-फानन में जुटे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कार में फंसे सभी घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया है जहां सभी कि उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के बाद वाराणसी में काशी दर्शन कर वापस महाराष्ट्र लौट रहे थे। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला है। यह हादसा मिर्जापुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा कलां रीवा-वाराणसी राजमार्ग पर घटित होना बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शीयों के मुताबिक हादसे का मंजर देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए थे। दुर्घटना के फौरन बाद मौके पर जुटे ग्रामीण बचाव एवं राहत कार्य में जुट गए थे, लेकिन कार में फंसे लोगों की स्थिति देखकर किसी का हिम्मत साथ नहीं दे रहा था। बाद में सूचना होने पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन और गैस कटर के माध्यम से कार की बॉडी को काटकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया है। मंगलवार 11 फरवरी 2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत शाहपुर चौसा के सामने हाइवे पर एक सियाज कार जिसमें सवार श्याम जायसवाल पुत्र नन्दलाल जायसवाल 35 वर्ष व सनी जायसवाल पुत्र केदार जायसवाल 35 वर्ष अपनी-अपनी पत्नियों व 03 बच्चों (एक का नाम श्रेयांश) 05 वर्ष निवासीगण रेयोडण्डा थाना अलीबाग जनपद रायगढ़ (मुम्बई) के साथ वारणसी से मिर्जापुर होते हुए मुम्बई जा रहे थे कि रोड के किनारे खडें ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे सनी जायसवाल व श्रेयांश उपरोक्त की मौके पर ही मौत हो गयी तथा अन्य लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतको के शव को कब्जें में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार के उपरान्त ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। परिवारीजनों को सूचना दे दिया गया है।

सरस्वती पूजन कर बारहवीं के छात्रों की भावभीनी विदाई

बीजपुर/सोनभद्र। आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी पुनर्वास प्रथम बीजपुर में मंगलवार को बारहवीं कक्षा के छात्रध्छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में सरस्वती पूजन एवं हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुरोहित भोलानाथ पांडेय द्वारा विधि विधान पूर्वक माता सरस्वती की पूजा अर्चना करवा कर सर्व मंगलकामना की गई। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्रध्छात्राओं ने हवन में आहुतियां देकर परीक्षा में सफलता की कामना की। हवन पूजन कार्यक्रम के पश्चात कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा बारहवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह में सीनियर छात्र छात्राओं ने जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों के साथ अपने अपने अनुभवों को साझा किया। वहीं जूनियर छात्रों ने भी अपने सीनियर छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर उनकी सफलता की कामना की।

प्रधानाचार्य ताड़क नाथ दुबे ने सभी बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा से सम्बंधित दिशा निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि मन लगाकर अध्ययन करें, बिना किसी तनाव के निर्भीक होकर परीक्षा में जाएं और मेहनत व लगन से पढ़ाई करें निश्चित ही सफलता आपके कदमो में होगी। इस अवसर पर कुछ बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया। अंत मे जूनियर छात्रों द्वारा सभी सीनियर छात्रध्छात्राओं को तिलक लगाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश मिश्रा, समाजसेवी अनिल त्रिपाठी, शिवधारी गुप्ता, श्रीराम यादव, क्षेत्र के पत्रकारगण, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकायें व बच्चे मौजूद रहे।

पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के केड़वर गांव निवासी एक व्यक्ति सोमवार को शाम हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के छतरिहा महूगढ़ गांव के पास सड़क किनारे सोमवार को शाम पेड़ से टकरा गया। एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर सिर में गंभीर चोट को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। देर रात मंडलीय चिकित्सालय में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची हलिया पुलिस पीएम कार्रवाई में जुट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के केड़वर गांव निवासी बाबूलाल (35) किसी कार्यवश बाइक से छतरिहा महूगढ़ गांव में गया था सोमवार को शाम वापस लौटते समय जैसे ही कुछ दूर आगे गया कि अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे सूखे पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस सेवा से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जहां पर देर रात मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई।

धूमधाम से मना गुरुकुल एकेडमी में वार्षिकोत्सव

जिला संवाददाता(vol)

शाहगंज (सोनभद्र)। शाहगंज कस्बा में संचालित गुरुकुल एकेडमी का 13वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्नों छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक अनिल कुमार अग्रवाल एवं योगेश कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती वंदना व अतिथियों के अभिनंदन में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत अभिभावकों एवं उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुक्त कर दिया।

बालक अंश कुमार तथा बालिका परिधि ने तो अपनी टीम के साथ म्यूजिक गीत पर नृत्य कर खूब धमाल मचाया। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन से सरस्वती मंदिर का प्रांगण जहां तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा, वहीं दर्शक नन्हें-मुन्नों की प्रतिभाओं की सराहना करते रहे। छात्राओं की ह्यबरसो रे मेघा-मेघा बरसोह्न गीत पर

प्रस्तुत सामूहिक नृत्य की लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रतिभागी बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले क्षेत्रीय पत्रकारों संतोष कुमार नागर, ज्ञानदास कन्नौजिया, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव एवं सत्य प्रकाश मिश्रा को प्रबंधक समिति द्वारा कलम, डायरी एवं मोमेंट भेंटकर सम्मानित किया गया अन्त में प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षिका प्राची, नैंशी पांडेय, रुबी दुबे तथा दीपिका मौर्या ने संयुक्त संचालन किया।

इस मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर रीना अग्रवाल, संरक्षक मंत्री देवी अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सहित राजकुमार नागर, अनुज सिंह, संतोष कुमार, नितीश कुमार शुक्ला, अजय जायसवाल, धनंजय कुशवाहा, सविता श्रीवास्तव, छाया, सोनम, साधना सिंह, सुमन, संगीता, राज नंदिनी, कविता, खुशी सिंह, दीपिका, रितिका आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों के अलावा भारी संख्या में अभिभावक गण तथा स्कूल के कर्मचारी अमित कुमार मौर्य, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

मस्जिद के अवैध अंश का शांतिपूर्ण ढंग से किया गया ध्वस्तीकरण: डीएम

कुशीनगर। डीएम विशाल भारद्वाज ने बताया कि जिले के हाटा नगर में स्थित मदनी मस्जिद के मानचित्र की स्वीकृति नगर पालिका परिषद, हाटा द्वारा दिनाँक 25.9.1999 को की गयी। स्वीकृत मानचित्र में मस्जिद को गाटा संख्या-208 पर रकबा-7080.50 वर्गफीट पर निर्माण की अनुमति प्रदान की गयी थी। उन्होंने बताया कि मस्जिद द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर नगर पालिका परिषद, हाटा द्वारा दिनाँक 21.12.2024 को नोटिस दी गई, कि वे अवैध निर्माण के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। जिसके जवाब के लिए जाकिर अली द्वारा अतिरिक्त समय की मांग की गयी। न्याय हित में अतिरिक्त समय प्रदान करने के बाद द्वितीय नोटिस दिनाँक 08.01.2025 को नोटिस मदनी मस्जिद प्रबन्धन को दी गयी। तत्क्रम में नगर पालिका परिषद, हाटा द्वारा अवैध निर्माण के संबंध में दी गयी, नोटिस के विरूद्ध श्रीमती अजमतुन निशा पत्नी हाजी हामिद अली व अन्य द्वारा मा० उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-127/2025 दायर की गयी, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा 8.01.2025 को पारित आदेश में निर्धारित समय सीमा एवं प्रक्रिया का अनुपालन किया गया तथा मस्जिद प्रबन्धन को प्रतिउत्तर/साक्ष्य प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया। मस्जिद प्रबन्धन द्वारा 16.1.2025 को सुनवाई हेतु लिखित प्रतिउत्तर एवं व्यक्तिगत सुनवाई के उपरान्त गुण-दोष के आधार पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हाटा द्वारा 23.01.2025 को स्वीकृत मानचित्र के अतिरिक्त निर्मित 6555 वर्गफीट एरिया को अवैध घोषित किया गया। अवैध निर्माण को 15 दिनों में हटाने का आदेश दिया गया। मस्जिद प्रबंधन के अवैध निर्माण को न हटाने पर नगर पालिका, हाटा ने 9 फरवरी को मस्जिद के अवैध अंश का शान्तिपूर्ण ढंग से ध्वस्तीकरण किया गया।

एसपी के निर्देश के बावजूद रामकोला पुलिस कार्यवाही से कर रही परहेज

कुशीनगर। कप्तानगंज के रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा गांव निवासी एक व्यक्ति के घर का बाउंड्रीवाल दबंगों द्वारा जबरन तोड़ने व हरा सागौन का पेड़ काट कर उठा ले जाने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बावजूद भी रामकोला पुलिस द्वारा उक्त दबंग आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही न करने से परेशान पीड़ित ने दोबारा एसपी से मिलकर शिकायती पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाया है। उक्त गांव निवासी पीड़ित हेवन्त मणि ने एसपी को अपने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि कुछ मनबढ़, दबंग लोग जबरन उनका बाउंड्री वाल तोड़ दिए तथा उसमें लगे सागौन का हरा पेड़ काट ले गए। इतना ही नहीं उक्त दबंगो ने उन्हें गाली गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी भी दिए। जिसके संदर्भ में उनके द्वारा रामकोला पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया। रामकोला पुलिस मौके पर पहुची भी लेकिन उक्त दबंगो के विरुद्ध कार्यवाई नहीं की। तदोपरांत उनके द्वारा गत 5 फरवरी को पुलिस अधीक्षक से मिल कर घटना क्रम से अवगत कराया गया। जिस पर एसपी ने दूरभाष के माध्यम से रामकोला पुलिस को घटना के सम्बंध में कार्यवाई हेतु निर्देशित किया गया। किन्तु एसपी के निर्देश के बाद भी रामकोला पुलिस उक्त दबंगो के ऊपर कार्यवाई करने से परहेज कर रही है।

फैक्ट्री में बॉयलर फटने से घायल दो युवकों की मौत, एक गंभीर

देवरिया। कर्नाटक स्थित जेएसडब्ल्यू जिंदल कंपनी में एक बड़ा हादसा सामने आया है। फैक्ट्री में बॉयलर फटने से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के दो युवकों की मौत हो गई है जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना एक फरवरी को हुई, जब फैक्ट्री में लगा बॉयलर अचानक फट गया। हादसे में तरकुलवा थाना क्षेत्र के भरौटा गांव के निखिल (24), मठिया महावल गांव के प्रेमचंद गोंड (22) और तरकुलवा कस्बे के मुकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तुरंत कर्नाटक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह निखिल और प्रेमचंद की हालत अचानक बिगड़ गई और दोपहर बाद दोनों की मौत हो गई। मुकेश यादव की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। मृतकों के शव मंगलवार की सुबह उनके गांव पहुंचे, जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने घटना की पुष्टि की है। तीनों युवक कुछ दिन पहले ही रोजगार की तलाश में कर्नाटक गए थे। यह घटना प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

मदनी मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन के बाद सियासत शुरू

कुशीनगर। जनपद के हाटा नगर पालिका क्षेत्र में वर्षो से निर्माण हो रहे मदनी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलने के बाद राजनीति शुरू हो गयी है। ऐसी चर्चा है कि रविवार को मस्जिद के अवैध हिस्से पर जब प्रशासन का बुलडोजर चल रहा था तो मुसलमानों का रहनुमा बनने वाली सपा सहित अन्य दलों के नेता चुप्पी साधे हुए थे जबकि जिले के हर चौक-चौराहा उस दिन चर्चाओं का केंद्र बना हुआ था। मजे कि बात यह है कि मस्जिद का अवैध हिस्सा ध्वस्त होने के बाद दुसरे दिन से सपा कांगेस सहित अन्य दलों के नेताओं की बयानबाजी शुरू हो गयी। इतना ही नहीं तमाम नेताओं ने मौके पर पहुचकर सियासत गरमा दी है।

बतादे कि कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली थानाक्षेत्र के हाटा नगर में मदनी मस्जिद पर रविवार को पहुंचे छह बुलडोजर और पोकलैंड ने मस्जिद के आगे के अतिक्रमण वाले हिस्से को तीन ओर से ध्वस्त कर दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम और सीओ के साथ भारी पुलिस फोर्स और पीएसी के जवानों की मौजूदगी की वजह से किसी ने विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी. इस कार्रवाई के बाद सोमवार को मदनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर जनपद की सियासत गरमा गई। विपक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर मस्जिद पक्षकारों का हमदर्दी हासिल करने की सियासत शुरू की इसके बाद मौके पर पहुचने का एलान किया। इसके बाद सपा और कांग्रेस के नेताओ का मौके पर पहुंचे का सिलसिला शुरू हो गया। नतीजतन विपक्षियों ने मस्जिद के ध्वस्त किए गए अवैध हिस्से को देखा और मुस्लिम पक्षकारों से वार्ता कर घटना की निंदा करते हुए सरकार पर सवाल खडा कर मुसलमानों का रहनुमा बनने के होड में जुट गये है। कहना ना होगा कि रविवार को जब मदनी मस्जिद के अवैध हिस्से पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही थी उस समय मस्जिद पक्षकारों के पक्ष में किसी दल का कोई नेता खडा नही था। यही वजह है कि प्रशासन के कार्यों मे मस्जिद पक्षकारों की तरफ से किसी ने विरोध करने की हिम्मत नही की। हालांकि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का जिलेभर के मुसलमानों में मलाल जरुर रहा जो फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया पर देखने को मिला। किन्तु विडम्बना यह है कि प्रशासनिक कार्रवाई पूरी तरह शांति पूर्ण तरीके से निपटने के बाद मुसलमानों का हमदर्द बनने का सियासती खेल शुरू हो गया है। सपा के पूर्व मंत्री ने मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को प्रशासन द्वारा साम्प्रदायिक दंगा कराने की कोशिश करार दिया है।

सभासद ने की आत्मदाह की चेतावनी एसडीएम ने कराया दोनो पक्षों में सुलह

देवरिया। बैतालपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के सभासद बद्रीनाथ गुप्ता का नपं अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी पर आरोपो की झड़ी लगाते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी देने एक विडिओ सोमवार की देर शाम वायरल हुआ। जिसका संज्ञान लेने मंगलवार को एसडीएम बिपिन कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंच दोनो पक्षों की समस्याओं पर निर्देश देते हुए उनके निदान की रणनीति बनाई।

- बैतालपुर वार्ड नम्बर 10 के सभासद ने किया था ईओ और अध्यक्ष पर गम्भीर आरोप का विडियो वायरल

नगर पंचायत वार्ड नम्बर 10 के सभासद बद्रीनाथ गुप्ता सोमवार को एक विडिओ वायरल कर धमकी देते हुए ईओ अमिताभ मणि और नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता प्रकाश पासवान पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा था कि दोनो लोग आपसी तालमेल कर विकास कार्यों के पैसे का बंदरबांट कर रहे है। तथा एक वर्ष से मेरे द्वारा कराए गये विकास कार्यों का पेमेंट नही किया है। एसडीएम के समक्ष दोनो पक्ष के वार्ता के दौरान पेमेंट करने, बोर्ड की बैठक कराने, टेंडर अपलोड करने, हास्पिटल गेट के सामने वाले मार्ग निर्माण के गुणवत्ता की जांच कर पुनः निर्माण कराया जाए तथा सामानों की आपूर्ति करते समय सभासदों की राय ली जाए। इन सभी बिंदुओं को ध्यान देते हुए एसडीएम बिपिन कुमार द्विवेदी ने ईओ को आदेशित किया कि अगर विकास कार्य नियमानुसार सही हैं तो भुगतान करायें। और साथ ही शासनादेश के अंतर्गत प्रत्येक माह में एक बोर्ड की बैठक कर सभी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित कर टेंडर की प्रक्रिया को अमल में लाया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि अस्पताल गेट के सामने से जाने मार्ग की स्थिति को भी स्पष्ट करें। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह, सभासद ऋषिकेश मणि, लालमन यादव, मोनू यादव, रामसूरत सिंह, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिले के 29 निराश्रित वृद्धजनों ने संगम में किया स्नान

देवरिया। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण के निर्देश पर मंगलवार को देवरिया जनपद के वृद्धाश्रम में रहने वाले 29 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान करवाया गया है. सभी वरिष्ठजनों को जनपद से विभागीय अधिकारी बस द्वारा कुम्भ क्षेत्र में बने समाज कल्याण के अस्थायी आश्रम तक लेकर आये हैं।

100 बेड का है अस्थायी आश्रम : समाज कल्याण विभाग द्वारा कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को निःशुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं।

योग के साथ सुबह की शुरंआत : आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

एसपी ने पुलिस अफसरों व थाना प्रभारियों संग की समीक्षा गोष्ठी

देवरिया। एसपी विक्रान्त वीर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन देवरिया सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी की गयी। जिसका मुख्य विषय आगामी त्यौहारों में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना। महोदय द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तत्पश्चात अपराध गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान विभिन्नों अपराधों जैसेः महिला उत्पीड़न संबंधी अपराध, एससी/एसटी उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध, लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही का विवरण, गैर जमानतीय वारण्ट का तामीला/ पुरस्कार/ मफरूर की समीक्षा, जीआर/वीआर/सीवीआर/एमवीआर/ पीवीआर के निस्तारण की स्थिति, अन्य निरोधात्मक कार्यवाही (धारा-126/135 बीएनएसएस, 170 बीएनएसएस) की समीक्षा, मालों के निस्तारण की स्थिति, बरामदगी हेतु शेष चल रहे अपहत/अपहता के सम्बन्ध में समीक्षा, लम्बित चल रहे हिन्दू-मुस्लिम के प्रकरणों की समीक्षा, लम्बित रिट जमानत प्रार्थना-पत्र की समीक्षा, लम्बित चल रहे जनसूचना की समीक्षा तथा आईजीआरएस के निस्तारण की स्थिति, सीएम डैसबोर्ड पर प्रदर्शित सन्दर्भो की समीक्षा एवं कार्यवाही की अद्यतन स्थिति, मिशन शक्ति अभियान फेज-5 की समीक्षा, महिला बीट प्रबन्धन, आपरेशन क्लीन की समीक्षा, एचएस का विवरण, माफियाओं के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की समीक्षा, नाकाबन्दी स्कीम, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष गोपनीय रजिस्टर/ विवेचना रजिस्टर सैनिक सम्मेलन रजिस्टर व थाने के उप निरीक्षक के विवेचनात्मक एवं अन्य कार्यवाही की समीक्षा की गई। महोदय द्वारा आगामी त्यौहारों संत रविदास जयंती, शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि आदि के दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्रों के हॉट-स्पॉट एरिया को चिन्हित किया जाये तथा भ्रमण कर वहां की व्यवस्था की जानकारी करते हुए आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सड़कों, चौराहों, पार्क, होटल, ढाबों, स्कूल, बैंक व पेट्रोलपंप पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को चेक करना सुनिश्चित करें तथा गड़बड़ी की स्थिति में उन्हें दुरूस्त कराया जाए। संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सरार्फा बाजारों, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्धन कर सतर्कता रखने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि सभी थाना प्रभारी द्वारा बार्डर/बैरियर प्वाइंटों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ चेकिंग करायी जाए, रात्रि गस्त व होमगार्डो की ड्यूटी लगायी जाए। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। महिला पुलिस महिला सम्बन्धी प्रकरणों में पीड़ित परिवार से मिलकर उनका फीडबैक लेना सुनिश्चित करेंगी। महोदय ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिला सुरक्षा अभियान की समीक्षा करेंगे तथा एण्टी रोमियों एवं मिशन शक्ति टीम के साथ स्कूलों/कालेजों में जाकर जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे। महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया दक्षिणी श्री सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर श्री अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर श्री दीपक कुमार शुक्ल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री अरुण कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह, प्रभारी आंकिक श्री सुनील श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

अनायास कृपा के लिए सुदामा जैसी भक्ति कीजिये : राघव ऋषि

देवरिया। मनुष्य सुख पाना चाहता है परन्तु सही दिशा में प्रयास नहीं करता है। मनुष्य का स्वभाव है वह बिना किसी प्रयत्न और कष्ट के सुख चाहता है। मनुष्य पुण्य करना नहीं चाहता फिर भी पुण्य के फल की इच्छा रखता है। पाप करता है फिर भी पाप के फल को नहीं चाहता यह उद्गार सप्तम दिवस की कथा में पूज्य ऋषि जी ने कहा। वेद की ऋचाएं कन्या बनकर प्रभु सेवा करने आई थीं। वेद के तीन काण्ड व एक लाख मंत्र हैं। कर्मकांड जिसमें अस्सी हजार मंत्र जो ब्रह्मचारी के लिए हैं। उपासनाकाण्ड इसके 16 हजार मंत्र जो गृहस्थ के लिए हैं। भगवान ने सोलह हजार उपासना रूपी वेद की ऋचाओं से विवाह किया। धर्म की मयार्दा में रहकर अथोर्पार्जन एवं गृहस्थ धर्म का पालन करना है।

सुदामा चरित्र की व्याख्या करते हुए पूज्य राघव ऋषि जी ने कहा कि सुदामा अर्थात सुंदर रस्सी से बंधा हुआ। माता, पिता, भाई, पत्नी, पुत्र आदि दस रस्सियों से जीवरूपी सुदामा बंधा है। सुदामा जी गरीब थे। जो भगवान को देता नहीं वह गरीब होता है। सुदामा ज्ञानी थे। आज कल ज्ञान केवल अथोर्पार्जन का माध्यम रह गया है ज्ञान का फल धन या प्रतिष्ठा नहीं परमात्मा से मिलना है। सुदामा की पत्नी सुशील महान पतिव्रता थी। गरीब पति की निष्ठा से सेवा करने वाली पत्नी सुशीला। पति पत्नी साथ साथ रहकर प्रभु सेवा करते हैं तो ऐसा गृहस्थ आश्रम संन्यास से भी श्रेष्ठ कहा गया है। भगवान की सेवा पूजा माध्यम है परन्तु लक्ष्य परमात्मा से मिलना है। इसके लिए जीवन में साधना आवश्यक है। सुशीला के आग्रह पर साधना रूपी तंडुल पोटली में लेकर सुदामा द्वारिका प्रस्थान किए। दुर्बलता के कारण उन्हें मूर्छा आ गई भगवान ने सोते हुए सुदामा को गरुण के माध्यम से द्वारिका में पहुंचाया। जीव यदि दो कदम प्रभु के लिए आगे बढ़े तो भगवान सौ कदम आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर सौरभ ऋषि ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो भजन सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। भगवान मनुष्य के वस्त्र या धन नहीं अपितु निर्मल हृदय देखते हैं। ऋषि ने बताया कि सुदामा पूर्वजन्म में केवट थे अतः प्रभु ने उनके चरणों को धोया। गरीब होना अपराध नहीं है। परन्तु गरीबी में प्रभु को भूल जाना अपराध है। सुदामा पोटली को संकोचवश छुपा रहे थे। भगवान मन में हंसते हैं कि इसने उस दिन चने छुपाए थे और आज तंदुल। जो मुझे देता नहीं उसे मैं भी कुछ नहीं देता। भगवान ने तंदुल का प्राशन कर समस्त विश्व को अन्नदान का पुण्य सुदामा को दिया। सुदामा के ललाट पर विधाता ने लिखा था श्रीक्षय अर्थात दरिद्र होगा। इसे तिलक लगाते हुए भगवान ने उल्टा किया। जो यक्ष श्री बन गया अर्थात कुबेर जैसी संपत्ति। सुदामा की विदाई करते हुए भगवान रुक्मिणी व रानियों के आंखों में आंसू आ गये।

सीएम युवा योजना के संबंध में बैठक

- योजना तहत जनपद को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

कुशीनगर। डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में डीएम कार्यालय में उद्योग विभाग की नवीन योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना की बैंकवार प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक दौरान प्रगति समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा बैंको को प्रेषित आवेदन पत्रों के सापेक्ष बैंकों द्वारा किए गए स्वीकृति एवं वितरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 28 आवेदन पत्रों में से 05 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 02 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। बडोदा यूपी बैंक के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 140 आवेदन पत्रों में से 27 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति एवं 19 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके बैंक को प्रेषित कुल 55 आवेदन पत्रों में से 11 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति व 3 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। इण्डियन बैंक के जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि उनके बैंक को प्रेषित 54 आवेदन पत्रों में 14 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति व 6 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है। अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। पीएनबी के जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि उनके बैंक की प्रेषित कुल 105 आवेदन पत्रों में 22 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति वं 22 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है भारतीय स्टेट बैंक के जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि उनकी बैंक शाखाओं को प्रेषित कुल 105 आवेदन पत्रों में 4 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति व 1 लाभार्थी के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। यूनियन बैंक के जिला समन्वयक ने अवगत कराया कि उनकी बैंक शाखाओ को प्रेषित कुल 35 आवेदन पत्रों में 9 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृति व 3 लाभार्थियों के पक्ष में ऋण वितरण किया गया है, अवशेष आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया इस योजना में जिले का लक्ष्य 1000 आवंटित है, जिसमे कुल 562 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किए गए हैं, जिसके सापेक्ष 92 स्वीकृति व कुल 34 लाभार्थियों को ऋण वितरित किये जा चुके हैं।

देवरिया के एक और व्यक्तित्व रामा बाबू को डाक विभाग ने अपने विशेष आवरण पर दी जगह

देवरिया। भारतीय डाक विभाग ने देवरिया नगर के लोकप्रियनगर पालिका अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद बरनवाल (रामा बाबू) जिन्होंने दो बार कार्यकाल 1957 एवं पुनः 1988 मे पूरा किया और नगर के विकास के लिए महत्व पूर्ण कार्य किया। उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर एक विशेष आवरण एवं विशेष विरुपण का विमोचन पोस्ट मास्टर जनरल गोरखपुर क्षेत्र गौरव श्रीवास्तव के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम मे विशिष्ट अथिति अलका सिंह नगर पालिका अध्यक्ष, विनय बरनवाल एवं डॉ आदित्य सिंह होंगे। इस आवरण एवं विरुपण का प्रस्ताव एवं डिजाइन रुपरेखा डाक टिकट संग्राहक हिमांशु कुमार सिंह ने बनाया और इसे अनुमोदन हेतु भेजा था। विभाग द्वारा औपचारिक कार्यवाही करने के उपरांत इसकी संस्तुति प्रदान की और इसका प्रधान डाक घर से विमोचन किया जायेगा। हिमांशु ने बताया कि अभी तक मेरे द्वारा बनाये गए कुल चार विशेष कवर जारी किया जा चुका है। प्रथम बार राजकीय इंटर कॉलेज के 100 वर्ष पूरे होने, दूसरी बार नागरी प्रचारणी सभा के सौ वर्ष, तीसरा फरवरी 2024 में श्री लक्ष्मी नारायण चतुवेर्दी एवं चौथा रामा बाबू पर जारी होगा। इसके पूर्व देवरिया के एकमात्र व्यक्तित्व विश्व नाथ राय को यह गौरव प्राप्त है। जिन पर एक स्पेशल आवरण एवं एक डाक टिकट भी जारी किया जा चूका है। श्री रामा बाबू का जन्म 12 फरवरी 1925 को माझगांव मे संपन्न शाह परिवार मे हुआ। आपके पिता का नाम श्री गंगा प्रसाद बरनवाल था। श्री रामा बाबू के प्रयास से वर्तमान टाउन हॉल और पुस्तकालय का निर्माण हुआ और उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा 14 जनवरी 1962 के हाथों हुआ। इन्होंने अपने पिता के नाम पर गंगा प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना मजगाँवा में की। प्रस्तावक हिमांशु कुमार सिंह ने फिलटेलिक सोसाइटी ऑफ उत्तर प्रदेश के माध्यम से कई फिलटेलिक प्रदर्शनी और राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके है।

जल निकासी परियोजना का डीएम ने निरीक्षण किया

देवरिया। कतरारी मोड़ से रामनाथ देवरिया मार्ग पर निमार्णाधीन जल निकासी परियोजना (कंस्ट्रक्शन ऑफ आर सी सी स्टॉर्म वाटर ड्रेन) का मंगलवार को डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने गहन निरीक्षण किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 43.11 करोड़ रुपये है और इसे मार्च 2025 तक पूरा करना है। अभी तक 65 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ठेकेदार द्वारा कार्य में भारी लापरवाही और देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में किए गए निरीक्षण में कार्यों में पाई गई कमियों को न तो सुधारा गया है और न ही कार्य की गति में सुधार किया गया है। उन्होंने निर्माण कार्य मे लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई और निर्माण कार्य कर रही फर्म को ब्लैकलिस्ट करने तथा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि कार्य में तुरंत गति नहीं लाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह परियोजना हर हाल में वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने से पहले पूरी होनी चाहिए। डीएम ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की प्रक्रिया तेज की जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय अनूप सिंह, अधिशाषी अधिकारी देवरिया संजय तिवारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

आपत्ति जनक वीडियो बना कर प्रताड़ित कर आत्महत्या को उकसाने पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव की महिला का आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना कर शारीरिक संबंध बनाने के लिए महिला को मानसिक रूप से विवश करने व प्रताड़ित करने को लेकर महिला द्वारा आत्महत्या करने के विरुद्ध थाने में एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज हुआ है। बताया गया है कि महिला के पति ने घटना के चार दिन बाद थाने में तहरीर दिया है। दिये गए तहरीर में महिला के पति ने यह आरोप लगाते हुए लिखा है कि मेरी पत्नी का एक युवक द्वारा अश्लील फोटो एवम वीडियो बना कर उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। मेरी पत्नी द्वारा शारीरिक सम्बन्ध न बनाने पर फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। जिससे तंग आकर मेरी पत्नी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दिए गए तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 108 बी एन एस व 306 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना थाने के उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को सौंप दी है।

समर्पण दिवस के रूप में मनी दीनदयाल की पुण्यतिथि

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा नगर मण्डल द्वारा पंडित दीनदयाल जी के पुण्यतिथि के अवसर पर न्यू कालोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वे युगद्रष्टा थे। उनका एकात्ममानववाद का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है, जिसको ध्येय मानकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार काम कर रही है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठाता, हम सभी के आदर्श श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है। उनके महान विचार, शिक्षाएं और आदर्श जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणापुंज हैं। उनका विचार हमें आत्मनिर्भर भारत और समावेशी विकास की प्रेरणा देता है। उनकी राष्ट्रसेवा, निस्वार्थ त्याग और विचारधारा को नमन करते हुए, आज हम उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। इस अवसर पर मुख्य रुप से धनुषधारी मणि, अम्बिकेश पाण्डेय, नवीन चंद्र सिंह, अरुण मिश्र, डॉ विनोद पाण्डेय, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, नित्यानंद पाण्डेय, राहुल कुमार, सूरज प्रसाद, भीम आदि उपस्थित रहे।

जीव और ब्रह्म का मिलन ही महारास

देवरिया। बैतालपुर के रामनगर वार्ड में जानेमाने डॉक्टर ए एन पाण्डेय के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्री पवन शरण जी महाराज ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गए जाने वाले पांच गीत भागवत के पांच प्राण है। जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भवपार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारिका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय पाठ किया गया। कथा के दौरान कथा व्यास ने कहा की महारास में भगवान श्री कृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं। इस अवसर पर सह यजमान बृजेश पाण्डेय, विश्वनाथ मणि, धनंजय मणि त्रिपाठी, शैलेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, डॉ आरपी त्रिपाठी, विद्याधर द्विवेदी, ब्रह्मदेव यादव, अनिल कुमार त्रिपाठी, इंद्र कुमार दीक्षित, सरोज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

कुशीनगर। डीएम विशाल भरद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर ₹सुरक्षित इंटरनेट दिवस₹ मनाया जाता है। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा बताया कि ₹बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथ₹ थीम के तहत इस वर्ष भी आज 11 फरवरी 2025 को ₹सुरक्षित इंटरनेट दिवस₹ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अधिकतर लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं जिसके कारण उन्हें कभी-कभी भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता और व्यक्तिगत डाटा भी चोरी हो जाता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें हो सकता है, वह साइबर अपराधियों से संबंधित हो। उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्टिंग जैसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है, यदि इस प्रकार की कोई कॉल आती है तो तत्काल पर उसकी सूचना दें, ताकि साइबर अपराधियों के खिलाफ समुचित स्तर से उचित कार्य अमल में लाई जा सके। उन्होंने सचेत करते हुए यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी, क्रेडिट कार्ड अथवा अकाउंट नंबर शेयर न करें तथा अनजानी इंटरनेट कॉलिंग को रिसीव करते हुए विशेष रूप से सुरक्षा बरतें और ज्यादा बेहतर है कि उसको रिसीव न करें और यदि किसी कारणवश कॉल रिसीव कर ली गई है तो उसके बताए हुए किसी भी निर्देश का पालन कदापि न करें।

संक्षेप

कार की टक्कर में बाइक सवार दंपति घायल

पाटन, उन्नाव। मोटरसाइकिल सवार दंपति को कार चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से पति पत्नी दोनों घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार चल रहा है। उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा पाटन स्थित पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल से तकिया मेला से अपने घर मनिकापुर जा रहे दंपति को तेज रफ्तार कार चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से मोहम्मद रियाज 27 वर्ष पुत्र मोहम्मद निजाम व उसकी पत्नी सबीना बानो 25 वर्ष निवासी मनिकापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने पास के स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। स्थिति खतरे से बाहर बताई गई।

आरोपी कांग्रेस सांसद की यौन शोषण मामले में अगली सुनवाई 24 को

सीतापुर। यौन शोषण मामले में आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी को निर्धारित की गई है। मामला 17 जनवरी को सामने आया था। जब एक महिला नेता ने सांसद राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद 30 जनवरी को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राठौर को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में, पुलिस जांच के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में जुटी है। इसी क्रम में पुलिस ने सांसद के वॉयस सैंपल के लिए फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी से अनुमति मांगी है। एफएसएल से अनुमति मिलते ही पुलिस सांसद को वॉयस सैंपल के लिए लैब ले जाएगी। यह वॉयस सैंपल मामले की जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

आग से नकदी और गृहस्थी सहित हजारों का सामान खाक

सीतापुर। पिसावां थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से घर में रखी गृहस्थी व नकदी सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर दी है। थानाक्षेत्र के नादन निवासी आशा देवी पत्नी स्व सुमेर ने थाने पर तहरीर देते हुये बताया कि वह सोमवार की रात्रि खाना खाने के बाद घर में लेटी थी रात्रि करीब आठ बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी जिसके चलते वह घर से जान बचाकर भागी शोर सुनकर पड़ोस के काफी लोग एकत्रित हो गये। जब तक वह लोग आग पर काबू पाते तब तक घर मे रखी दस हजार आठ सौ रुपये की नकदी तीन छप्पर तीन चारपाई एक तखत, रजाई, गद्दा, बर्तन, व राशन सहित करीब पचास हजार का सामान जल कर राख हो गया।

कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन

मीरजापुर। सीटी विकास खंड क्षेत्र के लोहंदी महावीर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ छठवें दिन मंगलवार को आचार्य विष्णुधर द्विवेदी ने कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके समूचे जीवन, बाल लीलाओं का भजन के माध्यम से रेखांकित करते हुए कृष्ण और राधा जीवन प्रसंग को बताया। उन्होंने उपस्थित भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से हमें बहुत कुछ मिलता है। प्रभु श्री कृष्ण की लीला मात्र लीला ही नहीं है बल्कि यह [illegible]। राधा रमण प्यारे, राधा रमण, प्रभु राधा रमण बोल...., गोकुल का कांधा, बृज का....हरि बोल! जमुना के जल वहीं श्याम खेले लहरों में उछले... सुनाते हुए लोगों को भक्ति भाव में झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान आचार्य महेंद्र देव पांडेय, विद्यापति त्रिपाठी, अंकुश मिश्रा, राजू, सर्वेश कुमार त्रिवेदी, आयोजक श्रीमती वीना देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार उपाध्याय इत्यादि व्यवस्था को संचालित करने में जुटे हुए थे। मिर्जापुर नगर के विख्यात लोहंदी महावीर हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 फरवरी तक चलेगा। भागवत कथा समापन के बाद 13 फरवरी को विशाल हवन यज्ञ के पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए महेंद्र देव पांडे ने बताया कि श्री कृष्ण लीला से जुड़ी हुई भव्य झांकी के साथ मंगलवार को कृष्ण और रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर कथा श्रवण कराया गया जबकि बुधवार को कृष्ण और सुदामा मिलन के बाद समापन किया जाएगा।

स्कूलों में पानी की आपूर्ति की जाये: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने संबंधित से स्कूल में पेयजल एवं शौचालय की स्थिति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय की स्थितियों में सुधार लाया जाये, इसके बिना स्कूल अनुपयोगी है। जिन स्कूलों में शौचालय नहीं बने हैं उन स्कूलों में प्राथमिकता पर शौचालय बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही बच्चों के मल्टीपल हैण्डवाश के लिये उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण करते रहे। जलापूर्ति के लिये हैण्डपम्प समरसेबल की जानकारी लेते हुये कहा कि स्कूल में टंकी रखकर पाइप लगाते हुये पानी की समस्या दूर की जाये तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भी स्कूलों में पानी की आपूर्ति की जाये। कक्षाओं में टायलीकरण, विद्युत, विद्युत वायरिंग, उपकरण एवं संयोजन का भी कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्कूलों में रंगाई-पुताई सही ढंग से नही है वहां भी कार्य सही ढंग से कराया जाये तथा स्कूल की बाउन्ड्रीवाल एवं फर्नीचरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान जिन स्कूलों में रंगाई व पुताई का कार्य पूर्ण नही पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्कूलों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुये इसे गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित जो भी शिकायतें आ रही उसका निस्तारण किया जाये। जर्जर स्कूलों या भवनों की नीलामी से पूर्व उसका मूल्यांकन सही ढंग से किया जाये। स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति में सुधार के निर्देश देते हुये कहा कि ज्यादा से ज्यादा नामांकन किये जाये व इसका प्रेरणा पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से नही बन पाया हो, उनका आधार कार्ड तत्काल बनवाया जाये ताकि बच्चों के लिये जो पैसा खातों में पहुंचाया जा रहा है वह आसानी से पहुंच सके। जो बच्चे स्कूल नही आ रहे है उनके अभिभावकों से मिलकर इस संबंध में उनसे जानकारी ली जाये। दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन की जानकारी के साथ-साथ उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की प्रगति की जानकारी लेते हुये कहा कि जहां-जहां पर बच्चों की उपस्थिति कम है तो उसके कारण की जानकारी करते हुये स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नौ लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

महमूदाबाद/ सीतापुर। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला द्वारा अपने स्थानातंरण से पहले सोमवार को लेखपाल संघ महमूदाबाद के नवनियुक्त महामंत्री सहित नौ लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया।

लेखपालों के कार्यक्षेत्र में हुये में सुशील कुमार को छतौनी व अंगेथुआ, सुशील कुमार गौड़ को बरुई बरुवा व कनरखी, पंकज कुमार को देशी लौकिया, रमाकांत रावत को इचैली व सिहरुखेड़ा, रजनीश सोनकर को कलुवापुर व बाबूपुर, पूणेंद्र प्रकाश को महमूदाबाद, भिटौरा व बरियारपुर, मो. गुफरान को कांसा, नरेंद्र कुमार को गौड़ेचा व बांसुरा तथा ललित मौर्य को न्यामतपुर लबरहा क्षेत्र की नई कमान सौंपी गई है।

16 ओवरलोड वाहन सीज

सीतापुर। मंगलवार को प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उप जिला लहरपुर अधिकारी आकांक्षा गौतम और एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी के नेतृत्व में टीम ने 16 वाहनों को सीज किया और 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। कार्रवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण खुलासा हुआ जब एक ट्रक में धोखाधड़ी का मामला सामने आया। ट्रक के आगे और पीछे अलग-अलग नंबर प्लेट लगी हुई थीं, जो नियमों का गंभीर उल्लंघन है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई ओवरलोड वाहन चालक मौके से भाग निकलने में सफल रहे। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए चलाया गया, जो सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में विदाई समारोह का आयोजन

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में मंगलवार को को कक्षा-12 के तेरहवीं बैच के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप चेयरमैन आशीष सिंघानिया एवं सचिव परीक्षित त्रिपाठीद्य

द्वारा दीप-प्रज्वलन करके किया गया। विदाई समारोह की परंपरा के अनुसार कक्षा-11 के छात्रों ने सर्वप्रथम सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गायन, नृत्य तथा छात्र जीवन से संबंधित नाटक की प्रस्तुति देकर कक्षा-12 के सभी छात्रों का मनोरंजन करते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएँ भी दीं। विदाई समारोह के अंतर्गत आयोजित मिस्टर फेयरवेल एंड मिस फेयरवेल प्रतियोगिता का आयोजन इसका मुख्य आकर्षण बिंदु रहे, जिनमें मिस्टर फेयरवेल - ऋतुराज वैश्य 12.सीए वं मिस फेयरवेल - इर्तिजा सलीम 12 बी चुने गए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ मौजूद रहे और उन्होंने छात्रों को आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करके विद्यालय तथा माता-पिता के नाम को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय से विदाई के समय छात्र-छात्राएँ अत्यंत भावुक थे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

- 34 ब्लैक स्पॉटस पर बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप आदि कार्य पूर्ण करा लिए जाए

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात सुदृढ़ीकरण, सिटी प्लानिंग, जामिंग की समस्या आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद में शासन द्वारा अप्रूव किए गए 34 ब्लैक स्पॉटस पर आवश्यक कार्य जैसे बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप आदि निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण करा लिए जाएं। इसके अलावा नव प्रस्तावित ब्लैक स्पॉट्स के लिए भी आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर ली जाए ताकि सड़क दुर्घटना में कमी आ सके। उन्होने कहा कि शहर में जामिंग की समस्या को रोकने के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। डग्गामार/अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगे तथा ओवरलोडिंग को प्रतिबन्धित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि जाम रोकने के लिए संचालित की गयी गरूड़ वाहिनी हमेशा सक्रिय रखी जाए। बैठक में एडीएम (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्टेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव, सीओ सिटी सोनम सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी प्रान्तीय खण्ड हरदयाल अहिरवार, एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा एवं एआरटीओ प्रवर्तन अरविन्द सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

नवागत एसडीएम बाल कृष्ण सिंह ने किया कार्यभार ग्रहण

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। एसडीएम महमूदाबाद का तबादला लहरपुर में एडीएम न्यायिक के पद पर हो गया। महमूदाबाद में बाल कृष्ण सिंह को एसडीएम के पद पर तैनात किया गया है। महमूदाबाद में विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन द्वारा पांच फरवरी को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया था। इसके अतिरिक्त कई मामलों को लेकर शिकायतीपत्र भी उच्चाधिकारियों को भेजे गए थे। शिकायतों की जांच शासन स्तर पर चल रही थी।

इस बीच सोमवार की देररात जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने महमूदाबाद में करीब डेढ़ वर्षों से तैनात एसडीएम शिखा शुक्ला का तबादला लहरपुर में एसडीएम न्यायिक के पद पर कर दिया। एसडीएम न्यायिक लहरपुर बाल कृष्ण सिंह को जिलाधिकारी ने महमूदाबाद की कमान सौंपी है। जिलाधिकारी ने प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बगैर संबंधित को नवीन तैनाती स्थल पर अविलंब कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे नवागत उप जिलाधिकारी बाल कृष्ण सिंह ने महमूदाबाद तहसील पहुंच कार्यभार ग्रहण कर लिया।

चार्ज लेने के बाद नवागत एसडीएम ने बताया कि शासन की पात्र जरूरतमंद के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं को उन तक पहुंचाना और पीड़ित को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 से निर्धारित समय तक कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनने के लिए उपलब्ध रहने का पूरा प्रयास करेंगे।

मछरेहटा में बाघ की मौत से सनसनी हमले से दहशत में ग्रामीण

सीतापुर। बीते छह दिनों से मछरेहटा विकास खंड में बाघ की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई थी। ग्रामीणों द्वारा कई स्थानों पर बाघ के पग चिन्ह देखे गए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल था। मंगलवार को मधवापुर के मजरा छिछाही में उसी बाघ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी, लेकिन विभाग की घोर लापरवाही ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के खेतों में बाघ के पदचिह्न नजर आ रहे थे। कुछ लोगों ने दावा किया कि उन्होंने बाघ को रात के समय घूमते हुए भी देखा था। इस वजह से ग्रामीणों में भय बना हुआ था, और लोग शाम होते ही अपने घरों में कैद हो जाते थे। पशुपालकों को भी डर था कि कहीं उनके मवेशी बाघ का शिकार न बन जाएं। बाघ का शव मिलने के बाद लोगों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने कई प्रयास किए थे, लेकिन उनकी लापरवाही भी साफ नजर आई। विभाग ने पहले बीजुआमऊ में पिंजड़ा लगाया, फिर उसे एक्डला पुरवा में स्थानांतरित कर दिया। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़े में बकरा भी बांधा गया, लेकिन वन विभाग की योजना विफल रही। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की सुस्त कार्यशैली के कारण बाघ को सही समय पर नहीं पकड़ा जा सका, जिससे वह लगातार हमले करता रहा। इससे पहले, एक्डला पुरवा में बाघ ने ग्रामीणों के लिए बड़ा खतरा खड़ा कर दिया था। बीती रात करीब 11 बजे बाघ ने दीन दयाल के घर के बाहर बंधी गाय पर हमला कर दिया। रस्सी टूटने से गाय बच गई, लेकिन इस घटना ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। ग्रामीण मनीराम ने बताया कि बाघ पिंजड़े की ओर न जाकर गांव में घुस आता है और पहले भी कई बकरियों को शिकार बना चुका है। वन विभाग की लापरवाही इस बात से भी जाहिर होती है कि ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और डर के बावजूद विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। वन दरोगा विजय श्रीवास्तव ने बताया कि दीन दयाल की गाय पर हमला हुआ था, जिसके पंजों के निशान और खरोंच के साथ खून भी निकला था। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में और अधिक भय व्याप्त हो गया है। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और गांव के बाहर रोशनी जलाने की सलाह दी है ताकि बाघ गांव में प्रवेश न कर सके, लेकिन यह उपाय नाकाफी साबित हुए।

हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन आज

महमूदाबाद/सीतापुर। मां संकटा देवी धाम में स्थापित पांच नए मंदिरों के प्रथम स्थापना समारोह के मौके पर 12 फरवरी बुधवार को दोपहर एक बजे रामचरित मानस का अखंड पाठ, हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। यह जानकारी धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने दी।

द्रोपदी कोल्ड स्टोर का शुभारंभ

महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद के अबदुल्लापुर स्थित द्रोपदी कोल्ड स्टोर का शुभारंभ मंगलवार को पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा व मुंडा गोपाल आश्रम के महंत 1008 सत्यानंद महराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत कोल्ड स्टोर के प्रबंधक हरिश्चद्र वर्मा ने माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मुकेश वर्मा, अतुल वर्मा, मो. कादिर, गणेश वर्मा, साकेंद्र यादव, इश्तियाक साद, सतीश वर्मा, रामतेज वर्मा, असीम नजीर सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। कोल्ड स्टोर में आलू भंडारण के लिए लाने वाले पहले किसान सजीवन वर्मा को अतिथियों द्वारा साइकिल भेंटकर स्वागत किया गया।

रिक्त राशन की दुकान के चयन को लेकर खुली बैठक संपन्न

सफीपुर, उन्नाव। ब्लॉक मवई भान में एक वर्ष से चल रही रिक्त राशन वितरण दुकान के लिए चयन की खुली बैठक में शामिल नौ समूहों में प्रथम वरीयता पाने वाले जय भोले स्वयं सहायता समूह का नाम चयनित हुआ। इस अवसर पर विकास व एन आर एल एम के अधिकारी मौजूद रहे। गांव क्षेत्र को राशन वितरण करने वाले संचालक शिवगोपाल गुप्ता के एक वर्ष पूर्व देहांत होने के बाद रिक्त दुकान का चयन हेतु 23 सितंबर 2024 को सात समूह जय भोले, राधा स्वामी, राज श्यामा, जयशंकर भोले, गौतम बुद्ध, उमंग व गांधी महिला स्वयं सहायता समूह के अनुमोदित संचालकों ने आवदेन किया था। एन आर एल एम के ब्लाक मिशन प्रबंधक यतेंद्र सिंह ने बताया कि मानकों के अनुरूप समूहों के संचालकों के बीच मानक परीक्षण किया तो गौतम बुद्ध, उमंग, गांधी महिला के संचालिकाओं ने प्रतिभाग नही किया। शेष जय भोले की संचालिका रोली सिंह ने जमा 40 हजार स्लिप के अलावा अन्य अभिलेख जमा कर दिए पर राधा स्वामी समूह के खाते में जमा 40 हजार का मानक पूर्ण नहीं था। वहीं राज श्यामा व जयशंकर भोले में 9 सदस्य ही थे जबकि मानक 10 सदस्यो का है। वितरक चयन बैठक पूर्व निर्धारित तिथि मंगलवार को पंचायत भवन में आयोजित हुई जहा पंचायत अधिकारी सकुशल सिंह की उपस्थिति में एन आर एल एम के मिशन अधिकारी राजेश कुमार व यतेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार ग्राम प्रधान फूलमती सहित पुलिस बल की मौजूदगी में प्रथम वरीयता समूह जय भोले का नाम घोषित किया गया। जिस पर आई सहमति के उपरांत संचालिका रोली सिंह के नाम को अंतिम रूप दिया गया। बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि वितरक समूह की महिलाओं द्वारा कराया जाना सुनिश्चित है मानक की जाच एन आर एल एम की टीम करती है।

सफल स्वरोजगार प्रशिक्षणार्थी सम्मेलन व प्रशस्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान उन्नाव के द्वारा सफल स्वरोजगार प्रशिक्षणार्थी सम्मेलन का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा आरसेटी बाजार का निरीक्षण किया, तत्पश्चाप दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उक्त कार्यक्रम में आरसेटी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण उपरांत स्व उद्यमी द्वारा किए गए क्रियाकलापों व आयोपार्जन के साथ-साथ विभिन्न चुनौतियों से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी अपनी बात खुले मन से मुख्य अतिथि के समक्ष रखी साथ-साथ प्रशिक्षण एवं विभिन्न सहयोग के लिए आरसेटी वं अन्य विभागों का आभार व्यक्त किया। आंचलिक प्रबंधक रणवीर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के बारे में समस्त प्रतिभागियों को आरसेटी निदेशक द्वारा अवगत कराया गया मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु आरसेटी निदेशक को धन्यवाद देते हुए कहा गया कि यह अत्यंत प्रभावी कार्यक्रम है इस कार्यक्रम से युवाओं को उनकी क्षमता अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर युवाओं को युवा उद्यमी बनाना है जिसके लिए सरकार व बैंक कटिबंध है युवा उद्यमियों के लिए सरकार द्वारा 5 लाख तक की राशि अनुमन्य की गई है। युवाओं द्वारा बताए गए चुनौतियों के समाधान हेतु मुख्य अतिथि द्वारा एक-एक करके उत्तर दिया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील सिंह वर्मा द्वारा सभी प्रतियोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त स्वतरू रोजगार प्रदीप कुमार पांडे, परियोजना अधिकारी डूडा, डीडीएम नाबार्ड सुमित कुमार, वित्तीय सलाहकार बी एन शुक्ला, एवं साइटसेवर इंडिया के कार्यक्रम समन्वय संदीप पांडे का प्रतिभाग रहा।

राशन वितरण में सर्वर बना मुसीबत

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बीजपुर पुनर्वास प्रथम स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर तीन दिन से सर्वर की गड़बड़ी होने के कारण कार्ड धारकों को राशन नहीं हो रहा हैं इससे उनमें आक्रोश व्याप्त है।आक्रोशित कार्ड धारकों ने जिलापूर्ति अधिकारी से शिकायत कर राशन वितरण करवाए जाने की मांग किया है।कार्ड धारक गीता विश्वकर्मा,कमलेश गुप्ता,आनंद सिंह सहित दर्जनों कार्ड धारकों ने बताया कि हम लोग तीन दिन से राशन दुकान पर गल्ला लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं दुकानदार सुगनी देवी द्वारा कहा जा रहा हैं कि सर्वर की गड़बड़ी से मशीन नहीं काम कर रहा हैं जिससे राशन वितरण में कठिनाई आ रही है।मंगलवार को उपभोक्ताओं ने दुकानदार के सामने विरोध प्रदर्शन कर राशन लेने के लिए बवाल काटा कहा उच्चाधिकारियों को इस समस्या का तत्काल समाधान कराना चाहिए।हम दूर दराज से आवश्यक कार्य छोड़कर राशन लेने आते है तो यहां सर्वर खराब बता कर वापस कर दिया जा रहा है इससे कार्डधारकों में आक्रोश व्याप्त है। इस बाबत आपूर्ति निरीक्षक संदीप श्रीवास्तव से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया सर्वर में तकनीकी समस्याएं आ गई है जल्द ठीक करा लिया जाएगा।

खेल से समय प्रबंधन और अनुशासन की आदतें विकसित होती हैं : रवि शंकर गिरी

सीतापुर। मेरा युवा भारत योजना अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम में उत्साहपूर्वक रूप से किया गया। प्रतियोगिता अंतर्गत 6 क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों व टीमों ने प्रतिभाग किया।

समूह खेल में कबड्डी व वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिसमे बालिका वर्ग में कबड्डी में महमूदाबाद की टीम विजेता जबकि लहरपुर की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग वालीबॉल में लहरपुर टीम विजेता, जबकि पहला टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम मुनव्वर, द्वितीय चंदन रावत तथा तृतीय स्थान अनुभव यादव ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 500 मीटर स्लो साइक्लिंग में प्रथम, खुशी वर्मा, द्वितीय अंशिका वर्मा व सविता राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग कुश्ती 45-55 किलोग्राम वर्ग में प्रथम विजेता राम जी, द्वितीय विजेता ललित कुमार तथा तृतीय स्थान ललित कुमार का रहा स बैडमिंटन में मेहविश खातून प्रथम विजेता जबकि बेबी उपविजेता रहीं। रेफरी के रूप में लौंगश्री यादव, रवि सिंह, नीलम कुमारी, प्रदीप तिवारी, संतोष कनौजिया, रजनीश कुमार, धीरेंद्र, आशीष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा जिला व्यायाम शिक्षक व विशेष सहयोग लेखा एवं कार्यक्रम सहायक पारुल का रहा। युवाओं में खेलों से समय प्रबंधन और अनुशासन की आदतें विकसित होती हैं व खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है यह बात पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया व सभी विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजा बनने के लिए मानसिक व शारीरिक शक्ति को बढ़ाना चाहिए मानसिक शक्ति शिक्षा सेवा शारीरिक शक्ति मैदान में खेल से बनती है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि खेलों का शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है यही एक ऐसी विधा है जिसमें कोई आरक्षण नहीं है। सम्मानित मंच द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित भी किया गया और समूह खेलों की ब्लॉक स्तरीय विजेता टीमों को माय भारत किट भी प्रदान की गई जिसे सभी ने सराहा स कार्यक्रम में विशेष सहयोग पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नूर आलम, अलाउद्दीन, पंकज, आदेश इत्यादि का रहा।

संक्षेप

ईमानदारी के साथ पूरा करें चकबंदी कार्य: डीएम

बांदा। जिलाधिकारी ने विकास खंड बड़ोखर खुर्द में जिला प्रशिक्षण केन्द्र ग्राम विकास संस्थान में नव प्रोन्नत चकबंदी कार्यकर्ताओं का मंडलीय प्रशिक्षण दीप जलाकर आरंभ किया। डीएम जे0 रीभा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और चकबंदी कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य के गांव में संपन्न होने से भूमि विवाद, चकरोड एवं भूमि संबंधी पैमाइश आदि के विवाद समाप्त होंगे और किसानों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में कर्मचारियों को चकबंदी के कामों के संबंध में पूरी जानकारी दी जाए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नोडल अधिकारी अजय कुमार वर्मा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट इरफान उल्ला खान तथा मंडल के चकबंदी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

गांव के दबंग पर महिला से अभद्रता करने का आरोप

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गदयाना में रहने वाली रानी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। रानी ने बताया कि बीती 8 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव में रहने वाला खुशीलाल नाम का युवक आया और अश्लील फब्तियां कसने लगा। विरोध करने पर उक्त युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुये गालियां दी। शोरगुल होने पर उसके पुत्र सुनील व अनिल भी मौके पर आ पहुंचे, जिन्होंने जब इसका विरोध किया तो खुशीलाल नाम के उक्त युवक ने उनके साथ भी गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि इस घटना के बाद से वह पूरे परिवार के साथ गांव में नहीं रह पा रही है। उक्त व्यक्ति द्वारा काफी आतंक व भय का माहौल बनाया जा रहा है। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही करवाये जाने और उक्त व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

कचरे घर में मिला नवजात का शव

ललितपुर। जिला महिला चिकित्सालय में बने बायोमेडिकल वेस्ट स्टोरेज रूम के आगे एक नवजात शिशु का बिना सिर का शव मिलने से हडकम्प मच गया। जानकारी मिलते ही चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सुरक्षित कर लिया गया है। जानकारी अनुसार कुछ लोगों ने महिला चिकित्सालय के पास बने कचरा घर में एक नवजात शिशु का शव पड़े देखा, खबर मिलते ही वहां लोगों का हुजूम लग गया। फिलहाल शव यहां कैसे आया और किसने फेंका? यह जांच का विषय बना हुआ है। इसी को लेकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डी0नाथ ने उक्त घटना के संबंध में एक चार सदस्यीय जांच समिति भी गठित कर दी है।

धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

ललितपुर। ब्लॉक बार के उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखकर उपस्थित शताधिक अभिभावक भाव-विभोर हो गए। सर्वप्रथम शिक्षकों और अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि समर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि राजकीय हाईस्कूल वस्त्रावन (पूर्व डायट प्रवक्ता) प्राचार्य उमा चैबे ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। इं. प्रधानाध्यापक हाकिम सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। संचालन डा.सुनील जैन ने किया। इस मौके पर कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई गयी। कक्षा 8 के सभी 41 बच्चों को भी सम्मानित किया गया। शारदा कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर अनुदेशक सुमित गुप्ता, दिग्विजय सिंह यादव, एसएमसी अध्यक्ष जशोदा कुशवाहा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुशवाहा, धर्मेंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री आदि तथा शताधिक अभिभावक उपस्थित रहे।

साइबर अरेस्ट, साइबर ठगी होने पर डरें नहीं

साइबर अपराधों से बचाव और जागरुकता के लिए सुरक्षित इंटरनेट डे का आयोजन

ललितपुर। इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव हेतु आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुरक्षित इंटरनेट डे, का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आज इंटरनेट हर उम्र के लोगों की जरूरत बन गई है, जिससे इसके इस्तेमाल में साइबर अपराध या साइबर फ्रॉड होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसलिए इंटरनेट का प्रयोग बहुत ही सतर्कता के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल में डाटा सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड डालें, फिंगरप्रिंट या फेसलॉक का प्रयोग करें, इमेल आईडी, बैंकिंग ऐप, यूपीआई आदि का पासवर्ड बदलते रहें, साइबर अरेस्ट जैसे फोनकॉल आने पर डरें नहीं, बल्कि तत्काल नजदीकी साइबर थाने में सूचना दें। उन्होंने बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा न करें और अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखे। वास्तविक कूरियर सेवाएं, बिना बुकिंग किए पार्सल के लिए कोई शुल्क नहीं लेती। उच्चलाभ के प्रति प्रेरित करने वाले ऑनलाइन निवेश ऑफरों से बचे। अपने मोबाइल पर ऐप्स की नियमित जांच करें-अनावश्यक अनुमतियां रद्द करें और अनुपयोगी ऐप्स को हटा दें। कोई सरकारी एजेंसी वीडियो या वॉयस कॉल्स के माध्यम से आपकी जांच या गिरफ्तारी नहीं कर सकती। सम्वेदनशील लेन-देन जैसे बैंकिंग, कानून स्वास्थ्य संबंधित जानकारी इत्यादि के लिए सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करने से बचें। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन ने साइबर अपराधों से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि कमी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओ.टी.पी., आधार, पैन या बैंक विवरण साझा न करें। अनियमित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहें। अनजान नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से सम्बंधित मांग को पूरा न करें।

उन्होंने बताया कि फोन का डाटा किसी अनट्रस्टेड ऐप से भी चोरी किया जा सकता है, इसे ऐप इंस्टोलेशन के दौरान बहुत सी परमिशन मांगते हैं, जो प्रायः हम एक्सेप्ट करके ऐप इंस्टॉल कर लेते हैं, इससे बचाव के लिए अपने फोन में एम कवल 2 ऐप इंस्टॉल कर सकते हैं जो गूगल प्ले पर उपलब्ध है। इसके अलावा सभी ऐप में 2 स्टेप वेरिफिकेशन जरूर इनेबल कर दें, ताकि कोई अन्य आपके फोन को हैक न कर सके। कार्यक्रम के दौरान एसआई राहुल सिंह और गौतम पुनिया ने साइबर अपराधों को पहचानने और उनसे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध की शिकायत हेतु 1930 हेल्पलाइन पर 24 घंटे के भीतर सूचना दें, इसके अलावा दूरभाष नंबर 7007575290, 8218841756 पर भी संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत डेमो दिखाया गया और उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर डी आई ओ एनआईसी अर्पित जैन, साइबर सेल से एसआई राहुल सिंह, गौतम पुनिया, कलेक्ट्रेट से ओ एस डी अनिल दीक्षित, प्रमेंद्र, अक्षय, चंद्रमणि पांडेय, सुमित कुमार, नरेंद्र सिंह सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

ई-लाटरी के माध्यम से 17 कृषकों का हुआ चयन

ललितपुर। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग से संचालित समस्त योजनाओं में दस हजार रूप्ये से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र-रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, ग्रामीण उद्यमी, एवं इत्यादि की ई-लाटरी की प्रक्रिया समस्त विकास खण्डवार सम्पन्न की गयी। ई-लाटरी में सर्व प्रथम प्रत्येक यंत्र हेतु मोकड्रिल किया गया तदोपरान्त कृषकों की चयन प्रक्रिया की गयी। जिसमें कृषि यंत्रो पर चयनित लाभार्थियों को पात्रता के आधार पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान एक निश्चित धनराशि की सीमा तक देय है। इस दौरान वसंन्त कुमार द्वबे उप कृषि निदेशक, मुकेश चन्द्र अध्यक्ष के0वी0 के0, सुरेश कुमार टेटे नामित प्रगतिशील कृषक, शैलेन्द्र जोशी प्रतिनिधि जिला कृषि अधिकारी, मुकेश पटेल प्रतिनिधि जिला अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, रंजीत यादव प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी, आकाश वर्मा प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, प्रवेन्द्र कुमार सिंह अवर अभियंता एवं सदस्य कृषकों के साथ-साथ जनपद से यंत्रों हेतु टोकन लेने वाले कृषक भी उपस्थित रहे। जिसमें ई-लाटरी के माध्यम से 17 कृषकों की चयन प्रक्रिया की गयी।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की अच्छी पहल, वृद्धजनों ने संगम में किया स्नान

बिजनौर। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है, इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर विभाग द्वारा जनपद के वृद्धाश्रम में रहने वाले 15 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान कराया गया है, इसके साथ ही वरिष्ठजनों ने समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाये गए पैवेलियन का भी भ्रमण किया। समाज कल्याण विभाग बिजनौर द्वारा कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को निःशुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की गयी है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

थाना बिसंडा में मां-बेटी मेला कार्यक्रम

बांदा। थाना बिसंडा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय पवई में मां बेटी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के माता-पिता के साथ बच्चियों को पढ़ाने-लिखाने व कम उम्र में शादी न कराने के बारे में जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति को प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से टीम द्वारा मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गयी। शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इस दौरान स्कूल में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व गीतों के माध्यम से साक्षरता को बढ़ावा देने के बारे में प्रस्तुति दी गयी। बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला उप निरीक्षक काजल देवी, मुख्य आरक्षी रामलाल, महिला आरक्षी प्रियंका यादव तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

पाइप लाइन बिछा रहे अधिकारियों को दबंगों ने किया गुमराह

पुलिस ने धक्का-मुक्की में घायल युवक की तहरीर पर पिता-पुत्र पर दर्ज की एफआईआर

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में सरकारी सड़क पर चबूतरा बनाकर अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध कब्जे को मोहल्लेवासियों ने धरना प्रदर्शन करते हुये हटवा दिया था। सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर बनाये गये चबूतरे को हटाये जाने को लेकर मोहल्लेवासियों से रंजिश रखने वाले दबंग पिता-पुत्र ने जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन को लेकर पहले तो सरकारी अधिकारियों को गुमराह किया, लेकिन मोहल्ले के जागरूक युवाओं ने जब मामले में हस्तक्षेप किया तो उनके साथ गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा होकर जान से मारने की धमकी तक दे डाली। प्रकरण में मोहल्लेवासी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दबंग पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है, तो वहीं दूसरी और मंगलवार को मारपीट में अंधरूनी चोटें आने पर युवक का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण किया गया। बताया जा रहा है कि मोहल्ला आजादपुरा में हर घर नल, जल योजना के तहत पानी की पाइप लाइन डाली जा रही थी। सोमवार को उक्त पाइप लाइन आजादपुरा निवासी बाबूलाल दुबे व उनके घर के सामने से सार्वजनिक रास्ते से निकल रही थी। इसी बीच बाबूलाल दुबे व उनके पुत्र दिनेश दुबे ने जल निगम के अधिकारियों को गुमराह करते हुये सार्वजनिक रास्ते से पाइप लाइन न डालने की बात कही। इस पर अधिकारियों ने जमीन से जुड़े कागजात दिखाने की बात कही। इसी बीच मोहल्ले के युवाओं ने सरकारी कार्य को पूरा कराने के लिए मौजूद अधिकारियों को बाबूलाल दुबे व उनके परिजनों द्वारा कुछ समय पहले उक्त सार्वजनिक रास्ते पर चबूतरा बनाकर दबंगई से किये गये अवैध कब्जे की जानकारी दी। बस फिर क्या था, बाबूलाल दुबे व उसका पुत्र दिनेश दुबे मोहल्ले के युवकों से गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। इस दौरान धक्का-मुक्की में एक युवक भी घायल हो गया।

कर्मचारियों से मानदेय के लिए सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

प्रधान व सचिव पर महिलाओं ने लगाये आरोप, डीएम को भेजा पत्र

ललितपुर। सामुदायिक शौचालय में कार्यरत कर्मचारियों (समूह) का मानदेय दिये जाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग किये जाने का आरोप लगाते हुये कर्मियों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि सभी महिलायें श्रीराम स्वंय सहायता समूह की सदस्यता है। यह समूह सिलगन के द्वारा सामुदायिक शौचालय सिलगन का रख-रखाव एवं सभी प्रकार के कार्य का निर्वाहन किया जा रहा है। जिसका शासन द्वारा प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान द्वारा करीब 7 माह से मानदेय नही दिया गया है और न ही सामुदायिक शौचालय व सामग्री क्रय करने हेतु सामग्री क्रय करने हेतु आने वाली धनराशि भी 24 माह से समूह सिलगन को नहीं दी गयी है। जिस कारण महिलाओं ने उक्त ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान से कई बार अनुरोध तो उक्त दोनों मानदेय व सामग्री क्रय की सम्पूर्ण धनराशि का 50 प्रतिशत हिस्सा रूपयों की माँग करते है और कहते है कि पहले हमारी अवैध धनराशि की माँग पूरी करो फिर उक्त धनराशि निर्गत करेंगे। महिलाओं द्वारा समूह के बचत धनराशि का उपयोग कर सामुदायिक शौचालय का संचालन किया गया है और उक्त ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान धनराशि निर्गत नही कर रहे है। जिस कारण प्रार्थनीगण काफी परेशान है। महिलाओं ने जिलाधिकारी से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। इस दौरान अध्यक्ष कौशिल्या, सुनीता देवी, गीता, करिश्मा, क्रान्ति, कुन्जा, मीना, मुन्नी, मंजली बहू, हल्की बहू आदि मौजूद रहीं।

महिला से मारपीट के मामले में दो आरोपियों को दो वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड की सजा

शहजाद अंसारी



बिजनौर। महिला को मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना असगर अली ने दो आरोपियों को दो वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार के तर्कों से सहमत होकर सुनाया फैसला।

अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार के अनुसार 06 जून 2001 को रात्रि लगभग 09 बजे सुनीता से उसके पड़ोसी सन्तराम व परवीन पुत्रगण बुद्ध सिंह व बुद्ध सिंह पुत्र रेती सैनी से कुछ कहासुनी हो गयी तो इस बात को लेकर गुस्साए आरोपी सन्तराम, परवीन, बुद्ध सिंह ने मारपीट कर सुनीता को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था जिसकी रिपोर्ट थाना बढ़ापुर में 323, 324, 504 आईपीसी के तहत दर्ज कराई और आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय से अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार ने अपने जोरदार तर्कों के जरिये साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना असगर अली ने अभियोजन अधिकारी सुनील कुमार के तर्कों से सहमत होकर अभियुक्त सन्तराम को धारा 324 आईपीसी में दो वर्ष के साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड तथा धारा 323 में 6 माह का साधारण कारावास व 500 रुपये अर्थदण्ड व धारा 504 आईपीसी में अभियुक्त को एक वर्ष का साधारण कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। एवं अभियुक्त परवीन को धारा 323 आईपीसी में 6 माह का साधारण कारावास व 500 रुपए व धारा 504 आईपीसी में अभियुक्त को एक वर्ष का साधारण कारावास व 500 रुपये व अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट के आदेश अनुसार सभी सजाएं एक साथ चलेंगी वही बुद्ध सिंह पुत्र रेती की विचारण के दौरान मृत्यु हो जाने के कारण मुकदमें से उसका नाम समाप्त कर दिया गया।

एमडी रेडियो डायग्नोसिस की डिग्री मिलने पर डॉ. समरीन शाहिद को दी मुबारकबाद

नगीना, बिजनौर। एमएम इंटर कॉलेज नगीना के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर की होनहार बेटी डॉ समरीन शाहिद ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमडी रेडियो डाइगोनोसिस की डिग्री पहली रैंक हासिल कर पूरी की। बेटी के यूनिवर्सिटी टॉप करने से उनके पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर की होनहार बेटी डॉ समरीन शाहिद ने एमबीबीएस की डिग्री भी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ से ही हासिल की थी। इसके अलावा शाहिद अली गौहर का एक बेटा सुहैल शाहिद और एक बेटी युसरा शाहिद भी अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से ही एमबीबीएस कर रहे हैं। रेडियो डाइगोनोसिस की डिग्री पहली रैंक हासिल करने पर नगर पालिका परिषद की चैयरपर्सन ताहिरा बेगम, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील, हाजी शेख तंजील आलम, रॉयल वुड क्राफ्ट के स्वामी हाजी जुल्फिकार आलम, काजी अरशद मसूद ऊर्फ शन्नु भाई, सलीम मुल्तानी, मास्टर अमिचंद यादव, मास्टर मोनिस, मास्टर शेख शहजाद, मास्टर ब्रज मोहन, आसिफ अल्वी, मास्टर अलीहसन उस्मानी, परवेज आदिल माही, एडवोकेट, सभासद जुनैद कुरैशी, गोपाल शर्मा, आफताब मुल्तानी, बदर मुनीम, सैय्यद उस्मान जैदी, असलम सिद्दीकी, सिद्दीक मुल्तानी, नूर अहमद आदि ने डॉक्टर समरीन शाहिद व उनके पिता प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर को मुबारकबाद दी है।

भाजपाइयों ने पंडित दीन दयाल को दी श्रद्धांजलि

बांदा। भारतीय राजनीति को नया आयाम देने वाले पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया तथा सभी बूथों पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्य तिथि को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर इकट्ठा होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अपनी-अपनी स्वेच्छा के अनुसार समर्पण निधि भी सौंपी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा के बूथ संख्या 255 में कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयं सेवक से लेकर जनसंघ के अध्यक्ष तक जीवन भर देश की संस्कृति और देश के हित के लिए समर्पित रहे। अलग-अलग बूथों पर ज्ञान प्रताप सिंह, दीन दयाल द्विवेदी, देशराज सिंह, अनूप तिवारी, रमेशचंद्र साहू, जौहरपुर प्रधान धर्मेन्द्र सिंह, अतुल दीक्षित, आशीष सिंह, पंकज रैकवार, राजेश गुप्ता रज्जन, दुर्गा चैरसिया, संजय रावत आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयकर को लेकर अधिकारियों ने दी विस्तृत जानकारी

बांदा। जिले के आहरण-वितरण अधिकारियों का आउट रीच प्रोग्राम राजकीय मेडिकल कालेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर आयुक्त आयकर, पीडीएस कानपुर तरुण कुशवाहा, उपायुक्त आयकर राजीव प्रसाद, आयकर अधिकारी अमित कुमार वर्मा, आयकर अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, आयकर निरीक्षक अविनाश कुमार, आयकर निरीक्षक अमित श्रीवास्तव तथा आयकर निरीक्षक कानपुर सुरेश चंद्र यादव उपस्थित रहे। इनके अलावा अतिरिक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला, उप कृषि निदेशक विजय कुमार, अर्थ एवं संख्याधिकारी आर के सिंह, डॉ रेखा रानी, अपर निदेशक चिकित्सा डॉ एस डी त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रोवेशन अधिकारी, आयकर अधिवक्ता सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साकिर अजीम एवं श्रीकांत श्रीवास्तव आयकर अधिवक्ता द्वारा किया गया। उपायुक्त आयकर राजीव प्रसाद ने आयकर कटौती किए जाने संबंधी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में इस प्रशिक्षण को बहुत उपयोगी बताया।

स्वरोजगार परक योजना का प्रचार- प्रसार कराकर लाभार्थियों को प्रशिक्षण दें : डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास से संबंधित जो भी कार्य हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें और उनकी आख्या भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि विगत बैठक से आगामी बैठक के बीच विभागीय कार्यों की प्रगति से संबंधित विवरण को अलग से सूचना भी तैयार करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में संचालित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कर उसका विवरण उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर बीती शाम विकास भवन सभागार में आयोजित विकास कार्यों से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर विकास, जल जीवन मिशन सहित जिन विभागों की शिकायत विगत बैठक में प्राप्त हुई थीं, उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही न बरतें। उन्होंने स्वरोजगार योजना से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार परख योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं और लाभार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनको नियोजित करने का भी प्रयास करें। उन्होंने डिजिटल इंडिया योजना के अंतर्गत सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम को पूर्ण गुणवत्ता के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मनरेगा एनआरएलएम, पीडब्लूडी, समाज कल्याण, उद्यान, चिकित्सा, पंचायत राज, पशुपालन, डूडा, पूर्ति, नगर विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा संपादित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण संपादित किए जाए।

इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्जुन चैधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉक्टर प्रभा रानी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को एनआईसी सभागार में इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग विषय पर कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष माह फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि थीम के तहत इस वर्ष भी आज 11 फरवरी 2025 को मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर फ्रॉड से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अधिकतर लोग साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं जिसके कारण उन्हें कभी-कभी भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता और व्यक्तिगत डाटा भी चोरी हो जाता है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें हो सकता है वह साइबर अपराधियों से संबंधित हो। उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्टिंग जैसी कोई भी वैधानिक प्रक्रिया नहीं है।

बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को दिए कड़े निर्देश

बांदा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि जिन बैंकों का सीडी रेसियो कम है, तत्काल बढ़ाएं। उन्होंने शाखा प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं के लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना जांच एवं पर्याप्त कारणों से आवेदन निरस्त न किए जाएं तथा प्राप्त आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कराकर ऋण स्वीकृत करने की कार्रवाई के निर्देश दिए। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक के उपस्थित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या है तो परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण को तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने माटी कला बोर्ड के अंतर्गत कुम्हारी कला के आवेदकों का रोजगार हेतु ऋण संबंधी आवेदकों का तुरंत निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

इस्तीफा या मजबूरी

भाजपा नेतृत्व ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तब हटाने का फैसला किया जब उनके खिलाफ विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव आने वाला था। उनके खिलाफ विधायकों में आक्रोश था और इस कारण पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह का इस्तीफा मजबूरन लेना पड़ा। मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय हिंसा और हत्याओं के कारण जलता रहा है, लेकिन भाजपा ने मुख्यमंत्री को बरकरार रखा। लेकिन विधायकों का विरोध और बगावत अविश्वास प्रस्ताव तक आ गया था। बीती 3 फरवरी को भाजपा के 19 विधायकों समेत कुल 33 विधायक दिल्ली आए और प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से मुलाकात कर मुख्यमंत्री बदलने का आग्रह किया था। विधायकों ने भाजपा नेतृत्व को आगाह भी किया गया कि अविश्वास प्रस्ताव के साथ भाजपा विधायक भी मुख्यमंत्री के खिलाफ वोट कर सकते हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को लगा कि 60 के सदन में करीब 35 विधायक विरोध में हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री का इस्तीफा आवश्यक हो गया है। अंततः मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तलब कर उन्हें इस्तीफे के लिए आदेश देना पड़ा। यह ऐसा

राजनीतिक इस्तीफा है जिस पर भाजपा को बहुत पहले ही फैसला कर लेना चाहिए। दरअसल मणिपुर हिंसा का एक बड़ा कारण यह भी था कि कुकी समुदाय में उनके प्रति घोर अविश्वास था। मणिपुर जल रहा था फिर भी मुख्यमंत्री को बीस महीने से अधिक समय तक क्यों पद पर बनाये रखा गया, इसका रहस्य तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ही जानते हैं। राज्य के विधायकों में बगावत की चिंगारी सरकार गिराने तक पहुंच सकती है, इसका अंदाजा तो सितंबर-अक्टूबर में ही भाजपा को हो गया था। तब भाजपा के 19 विधायक स्पीकर सत्यब्रत सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिले थे। उस दौरान महाराष्ट्र चुनाव के कारण मामला ठंडा कर दिया गया, लेकिन मणिपुर जलता रहा। राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव इतना हिंसक हो गया कि अभी तक 250 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो चुके हैं, लगभग 5000 घर जलाए जा चुके हैं। 386 धर्मस्थल तोड़े जा चुके हैं। भीड़ ने 3 मंत्रियों समेत 6 विधायकों के घर फूंक दिए। यहां तक कि मुख्यमंत्री के घर में आगजनी की घटना हुई। हिंसा के करीब 6000 मामले दर्ज हैं। इनमें 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। हिंसा के आरोप में कुल 6745 लोग जेल में कैद हैं। ये सभी सरकारी आंकड़े हैं। असली डाटा भिन्न और ज्यादा हो सकता है। वैसे मणिपुर में हिंसा और हत्याओं के दौर कांग्रेस सरकारों के दौरान भी देखे गए हैं, लेकिन मौजूदा दौर में महिलाओं को सरेआम नग्न कर सडकों पर घुमाया गया। इससे अधिक असामाजिक, अराजक और शर्मनाक हालात क्या हो सकती है? लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री अपने पद पर बने रहे। मणिपुर का मुद्दा संसद में भी पुरजोर तरीके से गूंजता रहा। चुनावों के दौरान भी कभी-कभार सुना गया, लेकिन 21 महीने तक यह मणिपुर क्यों उबलता रहा, शायद ही देश को कभी इसका जवाब मिल सके। बेशक बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को सौंप दिया है। भल्ला केंद्रीय गृह सचिव रह चुके हैं, उसी अनुभव के मद्देनजर उन्हें मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया। सवाल यह है कि अब बीरेन सिंह के जाने के बाद मणिपुर के हालात कैसे होंगे? क्या अमन-चैन का दौर लौट सकता है? क्या मैतेई और कुकी के बीच अनुसूचित जनजाति के दर्जे का विवाद हल हो सकता है? क्या मणिपुर में ड्रग सिंडिकेट को नियंत्रित किया जा सकेगा और म्यांमार की खुली सीमा का कानून संशोधित किया जाएगा? फिलहाल ये सवाल बहुत कठिन और पेचीदा लगते हैं, जिनका उत्तर समय आने पर ि मलेगा। लेकिन भाजपा नेतृत्व को नया मुख्यमंत्री चुनने से पहले राज्य के सभी समुदायों को विश्वास में लेना चाहिए। इससे हिंसाग्रस्त जनजातीयों के बीच विश्वास बहाली में राज्य प्रशासन को मदद मिलेगी।

राजनीति के अपराधीकरण पर कोर्ट की चिंता

शाहिद ए चौधरी

अगर अदालत किसी व्यक्ति को दोषी पाते हुए सजा सुना देती है, तो फिर वह कभी सरकारी नौकरी नहीं कर सकता। लेकिन जनप्रतिनिधि कानून में यह प्रावधान है कि सजायाफ्ता व्यक्ति अपनी सजा काटने के छह साल बाद चुनाव लड़कर जीतने पर सांसद या विधायक बन सकता है। इस विरोधाभास का क्या औचित्य है? यह प्रश्न सुप्रीम कोर्ट ने 10 फरवरी 2025 को किया और भारत सरकार व चुनाव आयोग से कहा कि इस संदर्भ में वह अपनी प्रतिक्रियाएं तीन सप्ताह के भीतर दाखिल करें। अगर वह निर्धारित अवधि में अपनी प्रतिक्रियाएं दाखिल नहीं करेंगे तो भी सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले में अपनी कार्यवाही जारी रखेगा। अगली सुनवाई 4 मार्च 2025 को होगी। अपने देश में राजनीति का अपराधीकरण बहुत बड़ी समस्या है, जिसको नियंत्रित करने के लिए अनेक अदालती व समाजिक प्रयास किये जा चुके हैं, लेकिन राजनीतिक दलों की इच्छाशक्ति के अभाव में अभी तक कोई खास सफलता नहीं मिल सकी है।

> राजनीति में अपराधियों का होना जटिल व चिंताजनक समस्या है। इसका समाधान केवल अदालतों से नहीं हो सकता, विशेषकर इसलिए भी कि सत्ता में आते ही व्यक्ति अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस भी ले लेता है। सियासी दल इसमें कुछ नहीं करते, जनता को ही विवेक से काम लेना होगा।

सभी सियासी पार्टियां बड़ी बड़ी नैतिकता व आदर्शवाद की बातें अवश्य करती हैं, लेकिन जब चुनाव के समय प्रत्याशियों के चयन का अवसर आता है, तो आपराधिक छवि के खद्दरधारियों को टिकट देने में संकोच नहीं करती हैं और यह तर्क देती हैं कि ऐसे ही व्यक्तियों के जीतने की संभावना अधिक होती है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि लोकसभा के 543 सांसदों में से 251 के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 170 पर तो ऐसे गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें पांच या उससे अधिक वर्षों की कैद का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त 4,732 वर्तमान या पूर्व विधायक ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक केस लम्बित हैं, इनमें से 1171 का संबंध उत्तर प्रदेश से है। यह संभव है कि इनमें से कुछ मामले राजनीति से प्रेरित हों, लेकिन जो हत्या, बलात्कार, दंगा, फ्रॉड आदि से संबंधित हैं, उनका क्या? कितने अफसोस की बात है कि जिन व्यक्तियों को (अपराध सिद्ध होने पर) सलाखों के पीछे होना चाहिए था वह संसद या विधानसभाओं में बैठकर कानून बना रहे हैं। राजनीति के अपराधीकरण पर विराम लगाने व चुनावी प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट दो ऐतिहासिक फैसले दे चुका है। एक के तहत प्रत्याशियों को अपना नामांकन करते हुए लाजमी तौरपर अपने एसेट्स और अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मुकदमों को घोषित करना होता है।

सामयिक

दूसरा यह कि अगर किसी सांसद या विधायक के खिलाफ अदालत दो या उससे अधिक वर्ष की कैद की सजा सुनाती है तो उसकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जाती है। अब जो न्यायधीश दीपांकर दत्ता व न्यायाधीश मनमोहन की खंडपीठ ने जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शंस 8 व 9 की संवैधानिक वैधता की जांच करना स्वीकार किया है, उससे अनुमान यह है कि राजनीति से आपराधियों को अलग करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तीसरा ऐतिहासिक फैसला सुना सकता है।

अब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह महत्वपूर्ण प्रश्न है कि जिन व्यक्तियों को अदालत ने दोषी पाया है, क्या उन पर चुनाव लड़ने के लिए जीवनभर का प्रतिबंध लगा दिया जाये? जनप्रतिनिधि कानून के तहत फिलहाल यह प्रावधान है कि दोषी व्यक्ति अपनी सजा काटने के छह साल बाद चुनाव लड़ने के योग्य हो जाता है। इसके विपरीत एक सजायाफ़्ता व्यक्ति जीवनभर किसी सरकारी दफ्तर में चपरासी की नौकरी पाने के भी योग्य नहीं रहता। इस विरोधाभास को सामने लाते हुए याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह ने कहा कि अगर कोई किशोर 17-वर्ष की आयु में किसी की हत्या कर देता है, तो उसे तीन वर्ष से अधिक की सजा नहीं दी जायेगी, जिसका अर्थ यह है कि जब वह 25-साल का होगा तो वह चुनाव लड़ने के योग्य हो जायेगा और किसी मजबूत राजनीतिक दल के समर्थन से वह सांसद या विधायक भी बन सकता है, लेकिन वह किसी सरकारी दफ्तर में चपरासी बनने के लिए कभी योग्य नहीं हो सकता। यही नहीं, दोषी राजनेता तो छह वर्ष के प्रतिबंध से बचने का भी रास्ता निकाल लेते हैं। वह अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री या सांसद/विधायक बना देते हैं। इसलिए न्यायाधीश मनमोहन ने कहा, हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए कि राजनेताओं को रिमोट कंट्रोल के जरिये सत्ता सुख हासिल करने का एक अन्य रास्ता मिल जाये।

बहरहाल, सियासत में आपराधियों का बोलबाला इस वजह से अधिक है, क्योंकि राजनीतिक पार्टियां संदिग्ध छवि वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपना प्रत्याशी बना देती हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को चाहिए था कि वह इस संदर्भ में राष्ट्रीय व राज्यों की राजनीतिक पार्टियों को भी नोटिस देता, जोकि मुख्य स्टेक होल्डर्स हैं। गौरतलब है कि 2003 में, पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज केस में, सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को आदेश दिया था कि वे अपने एसेट्स और आपराधिक केस घोषित करें। इस आदेश को 2018 में अधिक सशक्त करते हुए कहा गया कि शपथपत्र फाइल किये जायें जिसमें आपराधिक केस तो घोषित हों ही, लेकिन प्रत्याशी व उसके जीवनसाथी के एसेट्स की विस्तृत जानकारी भी हो। फिर 2013 के लिली थॉमस केस में सुप्रीम कोर्ट ने जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 8(4) को निरस्त कर दिया, जिसके तहत सांसद/विधायक अदालत द्वारा दोषी पाये जाने पर भी 90 दिन के भीतर उच्च न्यायालय में अपील दायर करके अपनी सदस्यता को बचा लेते थे। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि जैसे ही सांसद/विधायक के खिलाफ दो या उससे अधिक वर्ष की सजा सुनायी जाये तो उसकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जायेगी। अगर सजा पर ऊपरी अदालत रोक लगा देती है तो अयोग्यता को हटा लिया जाता है, जैसा कि राहुल गांधी के संदर्भ में हुआ था। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को आदेश दिया था कि वर्तमान व पूर्व सांसदों व विधायकों के खिलाफ जो आपराधिक मामले लम्बित हैं, उन्हें जल्द निपटाने के लिए विशेष अदालतें गठित की जायें और उनकी निगरानी के लिए अलग से बेंच स्थापित की जाये। लेकिन इस उद्देश्य के लिए अधिकतर राज्यों में विशेष अदालतें अभी तक गठित नहीं की गई हैं।

अदालतें राज्य सरकारों के सहयोग से ही गठित की जा सकती हैं और जब सत्तारूढ़ दलों की ही दिलचस्पी न हो तो क्या किया जा सकता है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि कुछ राज्यों में राजनेताओं के विरुद्ध आपराधिक मामले ट्रायल कोर्ट्स में दो दशकों से भी अधिक से लम्बित पड़े हैं। ऐसे मामलों में लम्बे समय तक फैसले न हो पाने के अन्य अनेक कारण भी हैं जैसे निचली अदालतों द्वारा उदारता के साथ तारीख पर तारीख दिए जाना, आरोपी का अदालत में हाजिर ही न होना और अदालतों पर निरंतर बढ़ता कार्य बोझ। जब न्यायाधीश दत्ता व न्यायाधीश मनमोहन की खंडपीठ का ध्यान 2023 के फैसले की ओर दिलाया गया तो उन्होंने कहा कि वह तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ का आदेश था और उसी संख्या की खंडपीठ इसका संज्ञान ले सकती है। उचित खंडपीठ के गठन के लिए यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश के सुपुर्द कर दिया गया है।

सोशल मीडिया

जैसाकि मैंने बीजीबीएस 2025 में वादा किया था, राज्य स्तरीय निवेश सिनर्जी समिति के गठन के लिए अधिसूचना आज जारी की गयी है, इससे बंगाल का औद्योगीकरण तेज होगा। ममता बनर्जी.

प्रधानमंत्री ने भारत का स्वाभिमान व सम्मान अमेरिका के आगे गिरवी रख दिया है, हमारे नागरिकों को हाथ में हथकड़ी, पैरों में बेडी डालकर अमेरिका से भेजा गया। संजय सिंह.

पं. दीन दयाल उपाध्याय का ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा, उनके विचार और दर्शन भारत के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान पर केन्द्रित है। केशव प्र. मौर्य.

सर्दियों के मौसम में उठायें बर्फबारी का आनन्द...

पर्यटन

सैर करने वाले मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं। एक, जो बिना किसी योजना के यात्रा करते हैं। वह बिना किसी एजेंडा के ट्रिप पर निकल जाते हैं और प्रतीक्षा करते हैं कि नई लोकेशन उनके सामने अपने आप खुलती चली जाये यानी वह अनिश्चित व अनपेक्षित के लिए गुंजाइश रखते हैं। दूसरे प्रकार के पर्यटकों में इस किस्म का समभाव नहीं होता है। वह अपनी छुट्टियां मनाने के लिए निश्चित कार्यक्रम बनाते हैं और उसी के अनुसार चलने का प्रयास करते हैं। मैं खुद को दूसरी श्रेणी में रखता हूं। अगर मेरी तरह आपकी परवरिश भी पश्चिम उत्तर प्रदेश में हुई है तो छुट्टियां मनाने की सभी चर्चाओं में मसूरी आवश्यक रूप से शामिल होगा (जब हिल स्टेशनों का मूल्यांकन किया जा रहा हो) और गोवा का (अगर बात समुद्र के किनारे जाने की हो रही हो)। हालांकि बचपन में मैं कई बार मसूरी गया हूं, लेकिन उससे आगे का हिमालय क्षेत्र मेरे लिए रहस्य ही रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए मैं हाल ही में एक सप्ताह के लिए सिक्किम की यात्रा पर गया। मैंने अपना कार्यक्रम बनाने में अधिक समय बर्बाद नहीं किया और जल्दी से इस पहाड़ी राज्य की टॉप साइट्स पर निशान लगा दिया- नाथूला पास, गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी।

फरवरी में गंगटोक में कड़ाके की ठंड पड़ती है। मैं सुबह के समय इस शहर में पहुंचा था, उद्देश्य सिर्फ इसे देखना ही नहीं था बल्कि मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं बर्फीली चोटियों के बीच होऊंगा। मैंने इस समय यहां जाने का इसलिए निर्णय लिया था ताकि सिक्किम को उसके जाड़े के पूर्ण वैभव में देख सकूं, यह जानते हुए भी कि कुछ चुनौतियों का अवश्य सामना करना पड़ेगा। कम तापमान और तेज ठंडी हवाएं जो आंखों में पानी ले आती हैं- यह कीमत थी जो मुझे चुकानी थी, अगर मुझे बफीर्ले रास्तों को देखना था बर्फीले मैदानों में खिलवाड़ करना था। जाहिर है, इस मोलभाव की प्रकृति परवाह नहीं करती है। ठंडे और ग्रे गंगटोक ने मेरा स्वागत किया। बादल भरे आसमान में सूरज तो बस एक सुझाव था और देर शाम तक मेरे मुंह से कार्बन डाइऑक्साइड गहरे जमे धुंए की तरह ऐसे निकल रही थी जैसे मैं चेन स्मोकिंग कर रहा हूं। सिक्किम की राजधानी में मैंने बाजारों और मठों को देखा, दिन में थोड़ी थोड़ी देर के लिए रोशनी की बौछार हो जाती थी। मेरे लिए आकर्षण के स्पॉट्स वह थे, जहां से मैं दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी (8,586 मी) कंचनजंगा को बिना किसी बाधा के देख सकूं। जब मैं एक ऐसे ही स्पॉट पर पहुंचा तो मेरे गाइड (जो चालक की भूमिका में भी था) ने धुंध की एक मोटी परत की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब आसमान साफ होता है तो दूर से ही कंचनजंगा को धूप में नहाते हुए देखा जा सकता है। मैंने अफसोस के साथ उसकी बात को स्वीकार किया। मैंने धुंध भरे क्षितिज को कई बार अपनी आंखों से भेदने का प्रयास किया, लेकिन अफसोस कि मैं नाकाम रहा, कंचनजंगा दिखायी नहीं दिया। मैं हताश होटल लौट आया।

अगली सुबह मुझे नाथू ला जाना था। गाइड ने बताया कि भारी बर्फबारी की वजह से सड़क बंद हो गई है। नाथू ला जाने के लिए पर्यटक परमिट लेना पड़ता है, वह अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मेरी हॉलिडे योजना पर नौकरशाही की गाज गिर गई। इससे अगले दिन मुझे बताया गया कि गुरुडोंगमार झील भी नहीं जाया जा सकता। सड़कों पर से बर्फ.हटाने में कई दिन लगेंगे। मुझे सिक्किम के जाड़ों का अच्छा अनुभव मिल रहा था। जब मैं उत्तरी सिक्किम में छोटे से टाउन लाचुंग जा रहा था तो मेरे गाइड को मुझ पर रहम आया और वह बोला, जब आप इतनी दूर आ ही गये हैं तो मैं आपको बर्फ दिखाये बिना नहीं जाने दे सकता। हम एक पतली, नागिन की तरह लहराती पगडंडी पर पहाड़ की तरफ जाने लगे। जल्द ही ढलान पर कोनिफेर (शंकुधर वृक्ष) ऐसे दिखायी देने लगे जैसे उन पर बूरा छिड़क दिया गया हो और जैसे जैसे हम ऊपर चढ़ते गये पेड़ तुषारावरण (फ्रॉस्ट) से मोटे होते चले गये। सड़क के दोनों किनारों पर कीचड़दार बर्फ जमा हो गई थी। पहाड़ों पर कारपेट की तरह बर्फ जम गई थी, पूजा ध्वज फड़फड़ा रहे थे, शांत पुल के नीचे नदी बह रही थी। मैं इन्हीं यादों के साथ घर लौटकर भी खुश रहता, लेकिन सिक्किम के मौसम देवताओं को अब मुझ पर दया आ गई थी, वह उदार हो गये थे। अगली दोपहर मेरी खिड़की के बाहर की दुनिया अचानक धुंधली हो गयी। हजारों रुई की गेंदें आसमान में तैर रही थीं। मुझे अपनी किस्मत पर विश्वास नहीं हो रहा था। मैं होटल के कमरे से बाहर निकल आया। एक सप्ताह की निराशा के बाद मैं स्नोफॉल देख रहा था। रातभर बर्फबारी होती रही और अगली सुबह भी। **समीर चौधरी.**

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।

–स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

जीवन का उद्देश्य

कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

अंतर्दृष्टि

मैं जिम्मेदार नागरिक हूं...

व्यंग्यलोक

सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैंती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है। आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए। पूरा-पूरा देश ही सड़क के पीछे रोजगारवान हुआ पड़ा है। आधा देश सड़क बनाकर उससे कोठी और कार पैदा करता है। शेष आधा देश सड़क फाड़कर विदेश यात्रा को प्राप्त होता है।

रामविलास जॉगिड़

आपकी बात

देश में बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है।

विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.

जनता को चाहिए राहत

चुनावी मौसम में सब कुछ फ्री लुटाने पर आमादा सरकारें चुनाव के बाद जनता की तरफ घूमकर देखना भी नहीं चाहती है। जबकि जनता हमेशा महंगाई में पिसती रहती है। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार में हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। मोदी सरकार ने राजनीतिक विरोध के बीच सख्त आर्थिक फैसले किये हैं।

विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

शिक्षक पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के निमड़ी पूरे बेला भारी गांव निवासी शिक्षक उमाशंकर चैरसिया पर हुए जानलेवा हमले के मामले में घायल शिक्षक के भाई ने मुकदमा कायम किए जाने हेतु इनायत नगर पुलिस को तहरीर दे दी है। हालांकि पुलिस घटना की जानकारी के बाद से प्रकरण के गहन छानबीन में जुटी है। बताते चलें कि निमाड़ी गांव निवासी शिक्षक उमाशंकर चैरसिया अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर में तैनात हैं। उनके भाई ओंकार नाथ द्वारा पुलिस को दी गई तहसील में आरोप लगाया गया है कि उनके भाई बीते 10 फरवरी 2025 को स्कूल बंद होने के बाद अपने घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में डीएम इंटर कॉलेज भिटारी बाबा के पास अज्ञात व्यक्तियों ने उनके भाई को भाई को भद्दी भद्दी गालियां दी थी और धारदार हथियार से उनके ऊपर वार कर दिए थे। जिससे उनके भाई मरणासन्न हो गए थे। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया है कि इस मामले में आशंका व्यक्त की है कि मेरे गांव के ही सीता पति पत्नी छेदीलाल, संजय व सूरज पुत्रगण छेदीलाल, सोना पुत्री छेदीलाल, प्रदीप चैरसिया पुत्र अज्ञात द्वारा रंजिशन घटना को अंजाम दिया गया है। जिनका इलाज लखनऊ स्थित सहारा हॉस्पिटल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने फिलहाल अभी कोई प्राथमिकी कि नहीं दर्ज की है अलबत्ता प्रकरण की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमानीगंज अजय सिंह कई शिक्षकों के साथ खाने पहुंच गए उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की माग की इस मौके पर शिक्षक अभिषेक शुक्ला, अंजनी सिंह, अंगद प्रसाद, जय प्रकाश, रमाशंकर पाठक, राजेश कुमार, पवन पाण्डेय, उपेन्द्र पाण्डेय, शुभम सिंह मौजूद रहे।

आवागमन रहा बाधित, श्रद्धालु परेशान

आठ घंटे जाम रहा रायबरेली-अयोध्या मार्ग, बुजुर्गों व बच्चों को हुई परेशानी

मिल्कीपुर-अयोध्या। राम मंदिर के दर्शन के लिए देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंगलवार को रायबरेली-अयोध्या हाइवे पर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रशासन की ओर से किए गए रूट डायवर्जन के चलते सुल्तानपुर जिले की सीमा पर मंगलवार सुबह पांच बजे से ही यात्री बसें रोक दी गई। इसके चलते करीब दो से तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप पर दर्शनार्थियों को करीब 8 घंटे के इंतजार के बाद अयोध्या की सीमा में प्रवेश मिल सका। कर्नाटक, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली सहित देश के कोने-कोने से श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद अयोध्या पहुंच रहे हैं। प्रयागराज से अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ श्री रामलला की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़ी है, भीड़ को देखते हुए कुमारगंज पुलिस प्रशासन एवं सीमावर्ती जनपद के पुलिस प्रशासन बॉर्डर मुस्तैद है। भारी भीड़ को देखते हुए सुबह 5:00 बजे से ही सीमा पर श्रद्धालुओं के वाहन को रोक दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखने को मिला, लोगों का कहना था कि सुबह से गाड़ियों को रोका गया धूप तेज होने के कारण गाड़ी में मौजूद बच्चों एवं बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ जा रही है। जयपुर के यात्री महेश कुमार ने बताया कि बस में मौजूद 60 वर्षीय वृद्धा नाजू देवी की तबीयत खराब हो गई है उन्हें जल्द ही चिकित्सा की जरूरत है, मामले की जानकारी जैसे ही प्रशासन चली, तो तुरंत उनके इलाज का इंतजाम किया गया, फिलहाल बस में मौजूद लोगों ने कहा कि बस को आगे भेज दिया जाय यहां धूप बहुत है आगे इलाज होगा तो प्रशासन ने उनके बस को आगे जाने दिया। कर्नाटक के निवासी प्रतीक एवं शशिकांत ने बताया कि सुबह 8 बजे से बॉर्डर प्रशासन द्वारा रोका गया है, हम लोग इंतजार कर रहे हैं कब तक अयोध्या में प्रवेश होगा, उन्होंने कहा कि इतनी दूर से आए हैं, चाहे जितने दिन लग जाये, बगैर दर्शन किए हुए वापस नहीं जाएंगे। बॉर्डर पर मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, झारखंड, के श्रद्धालु मौजूद थे, बैरियर के पास ही लंगर की व्यवस्था थी सुबह से मौजूद श्रद्धालु भोजन कर रहे थे, पश्चिम बंगाल निवासी सौरभ नाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुंभ मे बहुत अच्छी व्यवस्था की है, फिलहाल इतनी भीड़ होने की वजह से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जब इतनी भीड़ है तो थोड़ी बहुत परेशानी जरूर होगी, वहीं कुछ यात्रियों ने कहा कि यह महाकुंभ 144 वर्ष बाद लगा है, इसलिए सभी लोग स्नान करना चाहते हैं। और जो अन्य प्रदेश से आए हैं, वह रामलाल का दर्शन जरूर करना चाहेंगे।

श्री अयोध्या न्यास के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के सिविल लाइन कार्यालय पर अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं के लिए पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा वृहद स्तर पर भण्डारा चलाया जा रहा है। भण्डारे के व्यवस्था की देख-रेख में 50 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता लगाए गए है। भण्डारा प्रात 11 बजे से रात दो बजे तक अनवरत चलेगा। भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं की भोजन सेवा की गई। मेला स्पेशल रेलगाड़ियों के आते ही भण्डारा स्थल पर भीड़ बढ़ जाती है। भाजपा कार्यालय के हॉल में तथा इसके बगल श्रद्धालुओं के विश्राम स्थल बनाए गए है। जहां बढ़ी संख्या में श्रद्धालु रूक कर विश्राम कर रहे है। भण्डारा स्थल पर मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था की गई है। पेय जल तथा अन्य व्यवस्थाएं अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का दी जा रही है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की सेवा सत्कार का अवसर हम अयोध्या वासियों को मिला है यह गौरव की बात है। अयोध्या में बढ़ी संख्या में देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु पहुंच रहे है। इनकी सेवार्थ भोजन तथा अन्य सुविधाओं की व्यवस्था यहां की गई है।

घायलों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले होंगे सम्मानितः एआरटीओ

बाराबंकी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुय बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के विषय में तत्काल पुलिस को सूचना देने या उन्हें अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्तियों को उनकी परफॉर्मेंस के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने कहा कि एक्सीडेंट का पहला घण्टा गोल्डन ऑवर कहलाता है। एक्सीडेंट की इस अवधि में यदि घायलों को पुलिस के माध्यम से या स्वयं तत्काल अस्पताल पहुँचा दिया जाए तो उनकी जान बचने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते है। इसलिये घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाने वाले नेक आदमियों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर लगाये जायें संकेतक : डीएम

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर, दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हाकिंत कर उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किये जायें। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दिये जाने वाले निदेर्शों पर अमल लाया जाए। एनएच पर इनलीगल कट को बंद कराया जाए। बैठक मे जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहनों में नो हेलमेट नो फ्यूल की कार्यवाही जारी रखी जाए। बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल न दिया जाए। ट्रकों और रोडवेज की बसों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिये विशेष प्रयास किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में रोड एक्सीडेंट में हर हाल में कमी लाने के प्रयास किये जाए। जिले के सभी टॉप ब्लैक स्पॉट के विषय में समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, एआरटीओ प्रशसान अंकिता शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, सभी तहसीलों के एसडीएम, सीओ सुमित त्रिपाठी सहित सड़क सुरक्षा समिति सदस्य व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कुमारगंज में चार साल बाद अल्ट्रासाउंड शुरू

मिल्कीपुर उपचुनाव के दौरान रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती, चिकित्सकों की अभी भी कमी

अयोध्या। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के संचालन के चार वर्ष बाद अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो गई है। यहां पर एक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती कर दी गई है, लेकिन सर्जरी समेत अन्य विशेषज्ञों का अभी भी कमी चल रही है। यही नहीं स्टाफ नर्स की कमी का भी अस्पताल को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज के सौ शैय्या अस्पताल 2021 में बनकर तैयार हुआ था। लगभग 20 करोड़ की राशि से अस्पताल का निर्माण कराया गया है। लगभग चार वर्ष बीत जाने के बाद भी सृजित पदों के अनुरूप चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकी। यही कारण है कि यह चिकित्सालय अब तक अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सका है। मिल्कीपुर उपचुनाव के दौरान कई बड़े नेताओं समेत स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से भी ग्रामीणों ने अल्ट्रासाउंड न होने व चिकित्सकों की कमी की जानकारी दी थी। इसके बाद यहां पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की कवायद शुरू हो गई थी। कुछ दिन पहले ही जौनपुर से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शैलेंद्र कुमार चैधरी का यहां तबादला कर दिया गया। अब धीरे-धीरे यहां अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था पटरी पर आ गई है। हालांकि चिकित्सकों की कमी अभी भी बनी हुई है। फिजीशियन, नेत्र सर्जन, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, एनेस्थेटिस्ट, सर्जन, पैथॉलाजिस्ट, ओटी टेक्नीशियन व स्टाफ नर्स के 18 पद रिक्त हैं। सीएमएस डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि खाली पदों को भरने के लिए कई बार पत्र लिखा गया, लेकिन अभी तक चिकित्सकों व अन्य कर्मियों की तैनाती नहीं हुई है।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस वर्कशॉप संपन्न

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपांकर श्रीवास्तव ने बताया कि इंटरनेट पर्सनल एवं प्रोफेशनल जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कभी भी कॉल्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी जैसे ओटीपी आधार पैन या बैंक विवरण साझा न करें। अनियंत्रित आधार भुगतान सूचनाओं से सतर्क रहें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें। जो केवाईसी अपडेट के बहाने आपकी संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए निवेदन करें। कभी भी अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी या पैसों से संबंधित मांग को पूरा न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इन सब साइबर अपराध से बचे एवं सबको बचाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना होती है तो तत्काल थाना जाकर अवगत कराए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला गन्ना अधिकारी डॉ0 दुष्यंत सहित एनआईसी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला बार सभागार में कैरम प्रतियोगिता का जिला जज ने किया उद्घाटन

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन सभागार में दिवंगत युवा अधिवक्ता व कैबिनेट मेंबर आकाश निगम की स्मृति मे कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह एंव प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता ने किया। टूर्नामेंट का पहला मैच क्वीन लवर्स श्रवण सिंह और ब्रज किशोर पांडे मोनू ने शानदार खेल के दम पर ज्यूरिस हिटर्स हिशाम कादरी और आकाश द्विवेदी को 30-09 से हराया। दूसरे बोर्ड पर पटेल ग्रुप सुरेश पटेल और विपिन वर्मा और लकी बॉयज उबैद/गोलू और आमिर के बीच कांटे की टक्कर के बाद पटेल ग्रुप ने लकी बॉयज को 32-08 से पटकनी देने में कामयाबी पायी। जबकि पहले ग्रुप के दूसरे मैच में कैरम किंग्स मिर्जा हस्सान बेग और संदीप कुमार और एवन क्लब अमित मिश्रा और अनिल वर्मा के बीच दो बोर्ड के बाद कैरम किंग्स एवन से 10-06 से आगे होने के बावजूद अमित और अनिल के शानदार खेल के चलते 29-10 से हारे। मैच रैफरी की भूमिका नागेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, अजय वर्मा और जिम्मी ने निभाई। इस अवसर पर महामंत्री अशोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय अंशुमान सिंह, हरीश अग्निहोत्री, बृजेश दीक्षित, सुरेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र वर्मा, सुरेश गौतम आदि मौजूद रहे।

ई-लॉटरी से चुने गये किसान

बहराइच । उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्बर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत 21 जनवरी 2025 से 04 फरवरी 2025 तक अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में कृषि भवन सभागार में ई-लॉटरी के माध्सम से चयनित किया गया। इस अवसर पर कृषि यन्त्रीकरण योजनान्तर्गत रिसिया विकास खण्ड के श्री ध्यान सिंह, श्रीमती चम्पा देवी चित्तौरा विकास खण्ड के श्री नरेन्द्र कुमार श्री मुबारक अली श्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य किसानों का रोटावेटर, शिवपुर के श्री गिरजेन्द्र प्रताप सिंह का चयन कम्बाइन हार्वेस्टर में राम फेरन रिसिया के हाई टेक हब फार कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिये चयन हुआ। श्रीमती कोयली विकास खण्ड बलहा, श्री पाण्डेय महसी आदि किसानों का कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से चयन हुआ।

समिति की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने उपस्थित/चयनित किसानों से कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पास के किसानों को भी लाभान्वित करें। उप निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि एसएमएएम एवं इन-सीटू योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिये बुकिंग किसानों द्वारा की गई थी जिसमें निर्धारित लख्य 01 से अधिक किसानों द्वारा बुकिंग करने के कारण कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन करने का निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में 11 फरवरी 2025 को कृषि भवन सभागार बहराइच में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया है।

30 निराश्रित वृद्धों ने संगम में किया स्नान

निःशुल्क भोजन, आवास और आवागम की मिल रही है सुविधा

बहराइच । प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण के निर्देश पर मंगलवार को बहराइच जनपद के वृद्धाश्रम में रहने वाले 30 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान करवाया गया है. सभी वरिष्ठजनों को जनपद से विभागीय अधिकारी बस द्वारा कुम्भ क्षेत्र में बने समाज कल्याण विभाग के अस्थायी आश्रम तक लेकर आये है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 100 बेड का अस्थायी आश्रम कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को निःशुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। यहां पर योग के साथ सुबह की शुरूआत होती है। आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन, कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

बाराबंकी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा न्यास के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम मे विजय उद्यान पार्क स्थित पंड़ित जी प्रतिमा पर अधिवक्ता देवीशरण गुप्त, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, सुशील कुमार जायसवाल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने संयुक्त रुप से माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती रावत ने कहा कि गांव, गरीब, दलित के हितों की रक्षा के लिए पंडित जी का पूरा जीवन समर्पित रहा। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पंडित जी एकात्म मानववाद जनसंघ या भाजपा भारत को प्राचीन एवं सनातन राष्ट्र मानती है। भारतीय संस्कृति की एक गौरव सम्पन्न ज्ञान परम्परा है। सबका साथ-सबका विकास इसी अवधारणा का प्रतीक है। इस अवसर प्रमोद तिवारी, संदीप गुप्ता, अनूप कुमार यादव, भुल्लन वर्मा, कुंज बिहारी गुप्ता, प्रद्युम्न बाजपेयी, दयाशंकर श्रीवास्तव, योगेन्द्र वर्मा, राजकरन रावत, हरीश गुप्ता, पवन कुमार जैन, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रमेश शुक्ल, सुनील कुमार मौर्य, वेदप्रकाश गुप्ता, आशीष दत्त पाण्डेय, कृष्ण कुमार सिंह, सत्यम पाण्डेय, संदीप मिश्र, रवि कुमार मौर्य, मालती यादव, प्रिया, मनोज गुप्ता, गोविन्दा, शिवा यादव मौजूद रहे।

नो हेल्मेट नो फ्यूल के विरुद्ध परिवहन विभाग ने शुरू की सख्ती, 12 चालान

पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट फ्यूल न बेचने के लिए निर्देशित

बाराबंकी। सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम हेतु नो हेलमेट नो फ्यूल नीति के तहत परिवहन विभाग ने सख्त कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दौरान बिना पेट्रोल पम्पो पर ईधन भरवाने आये दर्जनो दो पहिया वाहन चालको के चालान किये तथा उनको हेलमेट पहनने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज मंगलवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पम्पो पर अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट 12 दो पहिया वाहन चालको के चालान किये गये। तथा उनको नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही पेट्रोल पम्प संचालको को हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को फ्यूल न बेचने हेतु निर्देशित किया।

जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारी : डीएम

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई गोष्ठी

बहराइच । इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एन.आई.सी. योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता व सन्दीप द्विवेदी तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

संयुक्त निदेशक श्री यादव ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025 में ह्यएक बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथह्न की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय कर मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके।

श्री यादव ने कहा कि साईबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में सबसे सशक्त माध्यम इण्टरनेट है जो सम्पूर्ण संसार को एक दूसरे से जोड़े हुए है। श्री यादव ने कहा कि जहां एक ओर इंटरनेट सीखने, सामाजिक संपर्क और व्यवसाय के लिए अनगिनत अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर साइबरबुलिंग, फिशिंग, डेटा उल्लंघन और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने जैसे जोखिम भी पैदा करता है। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है।

गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग, पब्लिक वाई-फाई, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल आदि को किस तरह सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने तथा सभी प्रकार डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताये गये। लोागों को बताया गया कि अपनी पर्सनल इनफॉरमेशन सभी के साथ सोशल मीडिया पर शेयर ना करें, मोबाइल, ईमेल, बैंकिंग पासवर्ड व सोशल मीडिया आईडी पासवर्ड कैसे सुरक्षित रखें, के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। गोष्ठी में यह भी बताया गया कि अगर किसी के साथ डिजिटल फ्रॉड होता है तो उनको साईबरक्राइम डाट जीओवी डाट इन व हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1930 तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गोष्ठी को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि साइबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक रहें।

जनपद स्तरीय सिंचाई बन्धु की बैठक सम्पन्न

बहराइच । जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम नलकूप विभाग की विद्युत एवं यांत्रिक दोष से बन्द नलकूपों को शीघ्र ठीक कराने का निर्देश दिया गया। मोतीपुर कालोनी नम्बर-3 में अवैध कब्जा धारकों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिया गया। माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त खण्ड सिंचाई विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा कुल कितने वृक्षारोपण कराये जाने की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सिंचाई विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने एवं कृषकों को प्रयाप्त मात्रा में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

हेरोइन के साथ गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उ0नि0 विधानचन्द यादव थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अंसार बाबू पुत्र नै?र उर्फ सवाहतुज्जमा नि0 दक्षिणगांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 52 वर्ष को ग्राम मुबारकपुर के पास से समय करीब 11:05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा व 1 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। नशा मुक्त अमेठी अभियानक्र के तहत मंगलवार को उनि# शिवबक्श सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मो0 कैफ पुत्र शमशाद नि0 कठोरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को बाजारशुक्ल रोड अण्डरपास के पास से समय करीब 10:50 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

तमंचे के साथ गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उनि# राम जी सिंह थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर अभियुक्त गोपाल श्रीवास्तव पुत्र शिव चन्दर श्रीवास्तव निवासी पट्टी मजरे बरसण्डा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को लोहिया पुल के पास से समय करीब 8:20 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद देशी तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

चोरों ने किसान के घर को बनाया निशाना

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के औनानीस सरपतही गांव में चोरों ने किसान इंद्रपाल के घर से नकदी, जेवरात ही नहीं बल्कि बेटी की शादी की खुशियां भी चुरा ली है। एक हफ्ते बाद किसान की बेटी की शादी होनी है। इसके लिए जुटाए गए दो लाख नकद और लगभग एक लाख के गहने चोरी हो गए है घटना की जानकारी के दौरान बिखरा समान देखकर किसान के घर खुशियों की जगह मातम छाया हुआ पुलिस ने चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक किसान इंद्रपाल ने गांव के ही खेत मे अपना नया आशियाना बना रखा है इसी मकान से इंद्रपाल की बेटी की20 फरवरी को शादी होनी है। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। गहने आदि खरीद कर घर में रखे थे। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक बेटी के शादी के लिए खरीदे गए नब्बे हजार रुपये के सोने के आभूषण इसके अलावा दो जोड़ी पायल ले रखा था इसके साथ ही दो लाख रुपये की नगदी शादी खर्च के लिए रखा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि दो एक दिन पूर्व घर में उसका लड़का रोशन सो रहा था। इसी दौरान लगभग डेढ़ बजे रात में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बेटी की शादी के गहने और जेवरात समेत दो लाख नगदी चोरी किया इसके बाद बाहर से दरवाजा बन्दकर भाग निकले।कोतवाली जितेंद प्रताप सिंह का कहना है कि घटना की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

श्रद्धालुओं और पुलिस के बीच हुआ विवाद

● सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर महाकुंभ स्नान के बाद एक श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या की तरफ जा रहा था। मुंजेश टोल कट के पास रॉन्ग साइड से एक वाहन चालक ने गाड़ी लाई, जिसे देखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बस में बैठे श्रद्धालु नीचे उतरकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसी बीच पुलिसकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें पुलिस कर्मी श्रद्धालु की पिटाई करते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो की पुष्टि वॉयस ऑफ लखनऊ द्वारा नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार अयोध्या से रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या अयोध्या प्रयागराज मार्ग से यात्रा कर रही थी। पुलिस ने टोल प्लाजा के पास बैरियर लगाकर अयोध्या जाने वाली वाहनों को रोक रखा था, जबकि अयोध्या दर्शन कर वापस लौट रहे वाहनों को एक लेन से ही जाने दिया जा रहा था। इस दौरान एक बस चालक रॉन्ग साइड से आ गया, जिससे जाम लग गया। पुलिस कर्मियों ने वाहन को सही साइड पर जाने को कहा, और इसके बाद एक विवाद उत्पन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बस चालक को डंडे से मारा और जब वे बचाव में उतरे, तो उन्हें और उनके परिवार को भी पीटा। एक श्रद्धालु ने कहा, ष्हम दर्शन के लिए जा रहे थे, पुलिस ने जो किया, वह गलत था। वहीं, कूरेभार पुलिस का कहना है कि श्रद्धालु गलत साइड पर वाहन खड़ा कर राजमार्ग को अवरुद्ध कर रहे थे, जिससे स्कूली बच्चों और अन्य श्रद्धालुओं को कठिनाई हो रही थी। पुलिस ने वाहन को सही मार्ग पर भेजकर यातायात को सुचारु किया।

महिला श्रद्धालुओं ने बनाई चैन

सुलतानपुर। बस पर सवार अयोध्या दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं को आगे कर महिला श्रद्धालुओं ने एक कड़ी बनाकर अयोध्या से वापस लौट रहे वाहनो को रोक रही थी की। प्रशासन पहले मुझे अयोध्या जाने दे तो हम अयोध्या वापस लौट रहे वाहनो को जाने देंगे। वहीं कूरेभार पुलिस का कहना है कि श्रद्धालुओं का एक वाहन गलत साइड पर वाहन खडाकर राजमार्ग को बाधित कर रखा था। जिससे स्कूली बच्चों, अन्य श्रद्धालुओं को समस्या हो रही थी। जिसे लेकर उसके वाहन को सही मार्ग पर कर रवाना किया गया

दहेज में नही मिली बुलेट तो बीवी को दिया तीन तलाक

सलोन, रायबरेली। केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए तीन तलाक कानून को दहेज लोभियों ने मजाक बनाकर रख दिया है। सलोन कस्बे की मिलकियाना पश्चिमी वार्ड की सादिया नाज नाम की महिला ने अपने शौहर पर दहेज में बुलेट गाड़ी न मिलने और डेढ़ लाख रुपये कीमत के गहने छीनकर बेचने का इल्जाम लगाया है। बुलेट न मिलने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक भी दे दिया है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र मोहम्मद कब्बन खान ने अपनी बेटी सादिया नाज की शादी, बहादुरगंज थाना लालगंज बैसवारा के रहने वाले अख्तर हुसैन के पुत्र मोहम्मद आस्कार से 17 मई 2023 को हुई थी। आरोप है कि लड़की पक्ष ने अपनी हैसियत के मुताबिक उपहार स्वरूप समान दिया था।

पीड़िता विवाहिता ने अपने पटी पर गंभीर इल्जाम लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है दहेज में एक बुलेट गाड़ी की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज तक किया जाता था। आरोप है उसकी बेटी अभी नन्हीं सी जान है और उसका इलाज भी चल रहा है। इसके बावजूद उसके शौहर ने डेढ़ लाख कीमत के आभूषण छीनकर कही बेच दिए है। 15 फरवरी को उसे घर से निकाल दिया और फोन पर तीन तलाक भी दे दिया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद प्रताप सिंह का कहना है कि विवाहिता की तहरीर पर पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक बीडीसी व तीन पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। उपचुनाव में ब्लाक के एक बीडीसी व तीन गांव पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। ब्लाक के उपचुनाव में मंगलवार को तीन गांव पंचायत सदस्य व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य का आवेदन निर्विरोध होने के चलते निर्विरोध निर्वाचन हुआ। बताते चलें की बीते वर्ष के सितंबर माह में वार्ड नंबर 50 ढेमा मुड़हा से क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश सिंह की हत्या हो गई थी, जिसके बाद सीट रिक्त चल रही थी। उपचुनाव में उनकी पत्नी रूबी सिंह निर्विरोध चुनीं गई। वहीं तीन ग्राम पंचायत सदस्यों पारसपट्टी वार्ड 8 से रामचंद्र, ढेमा वार्ड 15 से केशवानंद व श्रीरामपुर लमौली वार्ड 12 से मनकला भी निर्विरोध चुनीं गई। एआरओ उपेंद्र कुमार यादव ने सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया।

डीएम ने भूमि पूजन कर प्रारंभ कराया निर्माण

सलोन रायबरेली। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मोहम्मदाबाद सलोन (राजकीय आश्रम पद्यति स्कूल) में अतिरिक्त भवनों के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि जिलाधिकारी के प्रयास से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिल्टी (सीएसआर) से 50 लाख रुपये मिले थे जिससे विद्यालय के जर्जर भवन को ध्वस्त कर तीन कमरों के साथ अन्य निर्माण कार्य कराया जायेगा। ज्ञात हो कि एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं स्टेट हेड यूपीएसओ-1, स्टेट ऑफिस इंडियन ऑयल भवन, टीसी 39 वी विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ को उक्त आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिये नवीन चार कमरों के निर्माण कराने का अनुरोध किया था। जिसके बाद कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिल्टी के माध्यम से 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, प्रधानाचार्य कमलराज पाल तथा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एंव बच्चे मौजूद रहे।

जरूरतमंदों की निरंतर सेवा में तत्पर सामाजिक संगठन एमडब्ल्यूओः शिवदयाल शर्मा

गौरीगंज, अमेठी। सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन टहड के निरंतर मानवता की रक्षा के लिए किया जा रहे प्रयासों के तहत श्रद्धा हॉस्पिटल गौरीगंज जनपद अमेठी में भर्ती मरीज शहीदुन पत्नी जहीर आलम निवासी ओरीपुर पूरब गांव गौरीगंज को डिलीवरी के दौरान एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर गांव की आशा बहू अनीता तिवारी जी की सूचना पर सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर आर्गेनाईजेशन टहड के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा द्वारा संजय गांधी ब्लड बैंक अमेठी से एक यूनिट बी पॉजिटिव ब्लड दिलाया गया। वही सुरम्या हॉस्पिटल सुल्तानपुर में भर्ती गप्पू शर्मा निवासी खरगीपुर रामगंज अमेठी का नवजात शिशु को दो यूनिट प्लाज्मा की जरूरत पड़ने पर सुल्तानपुर के गोमती ब्लड बैंक से दिलाया गया। यह जानकारी संगठन के प्रांतीय महासचिव शिवदयाल शर्मा ने दी।

गौशाला में खामियां मिलने पर सेक्रेटरी सस्पेंड

जगदीशपुर, अमेठी। राज्यमंत्री द्वारा गौशाला के निरीक्षण में खामियां मिलने पर जिम्मेदारों को कडी फटकार लगाते हुए सेक्रेटरी को सस्पेंड कर दिया। विकास खंड के अंतर्गत स्थित बगाही गौशाला में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जिले के प्रभारी व राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां हरा चारा पशु आहार ना मिलने समेत भारी अनियमितताएं पाए जाने पर जिम्मेदारों को कडी फटकार लगाते हुए ग्राम पंचायत में तैनात सेक्रेटरी सुनील कुमार को सस्पेंड करते हुए तत्काल खामियों में सुधार लाने के लिए जिम्मेदारो को कडे निर्देश जारी किए। गौरतलब हो कि पूर्व में इसी गौशाला पर डीएम द्वारा किए गए निरीक्षण में कमियां पाए जाने पर इसी सेक्रेटरी समेत अन्य जिम्मेदारों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हुई थी परन्तु इसके बावजूद भी मनमानी करने वाले सेक्रेटरी पर कोई फर्क नहीं पड़ने पर पुनः गाज गिर गई। बताते चलें कि ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी की उदासीनता के चलते अन्य गौशालाओ में भी घोर अनियमितताएं व्याप्त हैं यदि इसी तरह निरीक्षण का दौर चलता रहा तो गौशालाओं की हकीकत सामने आ जाएगी। इस संबंध में डीडीओ अमेठी ने बताया कि मंत्री के निर्देश पर लापरवाही बरतने वाले सेक्रेटरी को सस्पेंड कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, किसान की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। चीनी मिल से गन्ने की तौल कराकर लौट रहे किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। अचानक घटी घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कूरेभार थाना क्षेत्र के सराय गोकुल निवासी सोहनलाल जायसवाल पुत्र मोती लाल मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे गन्ने की तौल कराकर घर लौट रहे थे कि घर से एक किमी पहले गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सरवन के पास झपकी आने से ट्रैक्टर ट्रॉली सहित खड्ड में गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक छह भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक के दो बेटी और एक बेटा था। अचानक घटी घटना से पत्नी आशा व अन्य परिवारी जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया।

शिशु वाटिका अभाप की बैठक में शिक्षा पर चर्चा

सुलतानपुर (वीओएल)। सरस्वती शिशु मंदिर विवेकानंद नगर में अखिल भारतीय परिषद की बैठक मां सरस्वती की वंदना के साथ शुरू हुई। वन्दना के पश्चात क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख ने देश भर से आए हुए कार्यकताओं का स्वागत किया। भारतीय अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान पूरे देश में शिक्षा का कार्य कर रही है उसी का एक महत्वपूर्ण फाऊंडेशनल कोर्स है यानी प्रारंभिक शिक्षा। प्रारंभिक शिक्षा जो शिशु वाटिका विभाग है और जीरो से 5 वर्ष की शिक्षा पर विशेष बल देती है। पूरे देश के कोने-कोने से आए हुए 35 कार्यकर्ता पांच दिवस का प्रशिक्षण शिक्षक एवं व्यवस्थाओं का चिंतन का आयोजन किया गया है। जिसमें शिक्षा के विभिन्न विषयों पर वृहद चर्चा हो इसके अंदर अपने विद्या भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद सहभाग कर रहे है। यह जानकारी क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश विजय उपाध्याय ने दी। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के मंत्री डॉ हरि दर्शन राम, विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर रामजी गुप्ता, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी, शिशु मंदिर के लिए प्रधानाचार्य ब्रह्म नारायण शुक्ला, आचार्य अनिल त्रिपाठी, शिशु वाटिका संचालिका उषा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

टूरिस्ट विंगर बस पलटने से 15 श्रद्धालु घायल

● अयोध्या दर्शन के बाद काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाते समय हुआ हादसा

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मंगलवार की सुबह अयोध्या से दर्शन करके काशी विश्वनाथ बनारस के लिए दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट विंगर बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई, जिसमें 22 श्रद्धालु सवार थे, बस पलटने से 15 श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीण व पुलिस की मदद से एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सबका इलाज चल रहा है एक महिला श्रद्धालु को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मंगलवार सुबह करीब आठ बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बासूपुर (सुदामा का पूरा) गांव के पास हिमांचल प्रदेश के शिमला से श्रद्धालुओं की टूरिस्ट विंगर बस पुलिया से टकराकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों ने वाहन के अंदर फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की 102 और 108 की आठ गाड़ियों से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेंद्र पटेल की निगरानी में डॉ. गिरीश चन्द्र व सभाराज पाल ने घायलों का उपचार किया। घायलों में हिमाचल प्रदेश शिमला की अंजना शर्मा, चंद्रकांता, लक्ष्मी, गीता देवी, मत्ती देवी, केसरी देवी, प्रमिला देवी, शिल्पा, मायती देवी, वीरा देवी, उमा देवी, जेआर मुखिया, विनोद कुमार, देवेंद्र डोगरा और सुषमा भारद्वाज शामिल हैं। सुषमा भारद्वाज को प्राथमिक उपचार के बाद आंतरिक एक्सरे के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया है। हादसे के वक्त बस में कुल 22 श्रद्धालु सवार थे। श्रद्धालुओं ने बताया कि वह अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद बनारस काशी विश्वनाथ दर्शन को जा रहे थे। चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेंद्र पटेल ने बताया सभी श्रद्धालु खतरे से बाहर है। घायल श्रद्धालुओं को चिकित्सा प्रभारी ने प्राथमिक उपचार के साथ ही उन्हें चाय पिलाया। उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर शिवप्रसाद, तहसीलदार जयसिंहपुर मयंक मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू दुबे और ग्रामीणों की मदद से श्रद्धालुओं के सामान को सुरक्षित रखवाया। दोनों अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल चाल भी जाना। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने भी सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचकर घायलों को सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद ने बताया कि प्रशासन श्रद्धालुओं की पूरी मदद कर रहा है।

माटीकला के लाभार्थियों को मिले मुफ्त बिजली की सुविधा : एमएलसी शैलेन्द्र

सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तरी प्रदेश के खादी ग्रामोद्योग और माटीकला बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया, जहां माटीकला उत्पादों की महत्ता और आधुनिक टूल किट्स की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर टूल किट्स का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. आर.ए. वर्मा ने इस योजना को समाज के पिछड़े तबकों के लिए संतुष्टि का स्रोत बताया। मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विभागीय योजनाओं की सराहना करते हुए कारीगरों को मुफ्त बिजली की सुविधा देने की पैरवी की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने लाभार्थियों को टूल किट्स वितरित किये। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की जिलाध्यक्षा सुमन राव कोरी एवं माटीकला बोर्ड के सदस्य एम. पी. प्रजापति की उपस्थिति में कारीगरों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर दोस्तपुर विकासखंड की पलियागोलपुर ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान उर्मिला पांडेय सहित सभी 14 विकासखंडों के दर्जनों ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। पलिया गोलपुर ग्राम पंचायत की लाभार्थी गिरिशा सहित 30 चयनित लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक टूल किट वितरित किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरएस यादव ने बताया कि विगत वर्षों में ग्रामोद्योग विभाग एवं माटीकला बोर्ड द्वारा जरूरतमंद वर्ग को निःशुल्क टूल किट्स और मशीनों का वितरण किया जा रहा है। अब तक लगभग 180 विद्युत चालित चॉक, दोना पत्तल और पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनों का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना में सहयोग देने वाले सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

बजबजाती नालियों और कूड़े के ढेर से ग्रामीण परेशान

हरचंदपुर, रायबरेली। जगह-जगह कूडे के ढेर व बजबजाती नालियां कन्दौरा ग्राम सभा की बदहाली बयां कर रही हैं। गंदगी व दुर्गंध के कारण लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। गांव क्या कस्बे साफ सफाई कर्मियों की तैनाती के बाद बत्तर स्थिति जिम्मेदारी की गंभीरता पर सवाल उठा रही है। दरअसल हरचंदपुर ब्लॉक के कंदौरा ग्राम सभा में बजबजाती हुई नालियां व कूड़े के ढेर ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहा है। गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर व बजबजाती बाजार की नालियों से सड़कों पर पानी बह रहा है नालिया व कूड़े के ढेर साफ बयां कर रहे हैं कि यहां पर साफ सफाई कई महीनों से नहीं हुई है। हरचंदपुर के कंदौरा निवासियों का कहना है कि कई बार इसके लिए ग्राम प्रधान से कहा गया है पर गंदगी व कूड़े के ढेर जैसे का तैसा ही है। वहीं जब कंदौरा प्रधान प्रतिनिधि इजहार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा नालियां और कूड़े का ढेर लगा दिया जाता है हमने कई बार ट्रालियां लगाकर सफाई व कूड़े के ढेर को हटवाया है मेरे यहां कोई सफाई कर्मी तैनात नहीं है। इसके लिए हमने कई महीने पहले खंड विकास कार्यालय को भी अवगत कराया है लेकिन अभी तक इस बार कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

भारत के तीसरे सबसे बड़े झंडे फहराने को लेकर मिठाई बांटकर जताई खुशी

लालगंज, रायबरेली। सोमवार को देर शाम के आधुनिक रेल कोच कारखाने के कालोनी परिसर में लगे 115 मीटर ऊंचे झंडे का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। इस उपलक्ष्य में बीएमएस के कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि यह हम सब रेल कोच कारखाने के निवासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। हालांकि आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि अगर जब 2020 के पहले यह पोल बनकर तैयार हुआ था, तब यह झंडा भारत ही नहीं एशिया का भी सबसे बड़ा झंडा था। लेकिन अब यह रेल विभाग का सबसे बड़ा व देश का तीसरे नम्बर का झण्डा है। बीएमएस के महामंत्री सुशील गुप्ता ने बताया रेलवे बोर्ड के अधिकारी एमटीआरएस पिछले 18 जनवरी को रेल कोच आये थे, तब बीएमएस ने इस मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं दिल्ली जाकर रेलमंत्री से बात करूंगा और आज आप सबको बताते हुए अपार गर्व हो रहा है कि मजदूर संघ टीम की प्रमुख मांग आज पूरी हो गई। सोमवार को इस झंडे का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया गया और सदैव के लिए यह तिरंगा झंडा हम सबके लिए प्रेरणादायक के रूप में काम करेगा। उक्त कार्यक्रम में बीएमसी के संगठन मंत्री रामबरन वर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ,सहायक महामंत्री जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह अग्रवाल, राजेश, सहदेव आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ का मिला शव

हरचंदपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने पंचनामा भर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक आर्थिक तंगी से परेशान था। माना जा रहा है कि तंगी की वजह से उसने जान दी है। कमरे में फंसी के फंदे पर लटके उसके शव को स्वजन ने देखा तो घर में चीख पुकार मच गई। मामले की जानकारी हरचंदपुर पुलिस को दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद फंदे पर लटके शव को नीचे उतारा गया। बताया जाता है कि युवक तंगी के वजह से तनाव में रहता था। वह शराब पीने का भी आदी था। जिसकी वजह से अक्सर पत्नी से विवाद होता रहता था पुलिस का कहना है कि उसी तनाव की वजह से उसने खुदकुशी की है।

दर-दर भटकने को मजबूर विकलांग की समस्या का कब होगा समाधान

महराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र में विकलांग व्यक्ति को अपनी पेंशन के लिए पिछले आठ महीनों से दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। सुखलिया ग्राम सभा पुरासी के निवासी राम सजीवन ने बताया कि पहले उन्हें नियमित रूप से पेंशन मिल रही थी। लेकिन पिछले 8 महीना से अचानक बंद हो गई। राम सजीवन के पास 70फीसदी विकलांगता का प्रमाण पत्र होने के बावजूद उनकी पेंशन रोक दी गई है। वह लगातार ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारियों तक अपनी समस्या लेकर जा रहे हैं लेकिन कोई समाधान नहीं मिल रहा है। एक अधिकारी उन्हें दूसरे अधिकारी के पास भेज देता है और सिर्फ आश्वासन देकर टाल देता है। इस मामले में सबसे दुखद पहलू यह कि एक विकलांग व्यक्ति को अपने अधिकार के लिए लगातार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। यह स्थिति सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मौजूद खामियों को भी उजागर करती है।

डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम स्टोर का किया निरीक्षण

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सैकड़ों विद्यालयों में एक ही दिन मना वार्षिकोत्सव

अमेठी। बुधवार को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शायदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव का संयुक्त आयोजन किया गया।दो दर्जन कम्पोजिट विद्यालयों में लर्निंग बाई डूइंग लैब का उद्घाटन भी हुआ। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुत किए। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर ध्यान रखने के लिए स्कूल से बराबर सम्पर्क बने रहने के संदेश दिए गए। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सुबह दौड़ और कुश्ती प्रतियोगिता से हुआ। समारोह में सबसे अधिक उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित भी किया।

कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में लर्निंग बाई डूइंग लैब का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने वार्षिकोत्सव को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालय अब संसाधनों के मामले में किसी भी सिटी मांटेसरी स्कूल से कमजोर नहीं है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक जीवन में एक सफल नागरिक बनने के लिए सभी प्रकार की दक्षताएं विकसित की जा रही हैं।अब बच्चों को रूचिपूर्ण शिक्षा का माहौल उपलब्ध है। विद्यालय से अधिक आनंददायक स्थल बच्चों के लिए और कोई नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। स्वागत भाषण में इं प्र अ संजीव कुमार ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मीना मंच , यूको क्लब, एल बी डी लैब और लाइब्रेरी के साथ बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए सारे संसाधन और प्रशिक्षित, कर्मठ और समर्पित शिक्षक जैसे सारे संसाधन मौजूद हैं। मीना मंच की सुगम कर्ता लालती देवी और संध्या गुप्ता के संयोजन में छात्र छात्राओं ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एआरपी मंजीत यादव ने शारदा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना हर मां बाप की पहली जिम्मेदारी है। वार्षिकोत्सव में अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया और कई अभिभावकों ने कार्यक्रम के वीडियो भी बनाए।

वार्षिकोत्सव का कुशल संचालन संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने किया। पूर्व प्रमुख और ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से एस एम सी अध्यक्ष रीता मौर्य और शिवकरन गुप्ता ने अतिथियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। एआरपी त्रिवेणी यादव, राज कुमार पटेल, जामवंत मौर्य, अवनीश वर्मा, विजय प्रताप, गणेश प्रसाद शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, महादेव प्रजापति, अखिलेश कुमार, आशा देवी, सुखलाल प्रजापति, सरिता यादव, उर्मिला, राम आसरे दूबे, कलावती विश्व कर्मा, शिव बहादुर सिंह, अंकित सिंह, सलिल मिश्रा, दिनेश कुमार, अनिल यादव काजल, रीता गुप्ता, राजेश पांडेय, राम अवध यादव ,रिपु मौर्य, निर्मला, सीता, बलवीर, धनपती, संगीता, विजय लक्ष्मी, सीमा, रामलली , सबीना बानो, शकुंतला, स्वाति सिंह, राजेश सिंह, सुनील भारती आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

सुबह टहलने निकले युवक पर मौत का झपट्टा, शिनाख्त में जुटी पुलिस

आगरा। ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र की नवीन गल्ला मंडी में मंगलवार सुबह टहलने आए युवक को ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर बुरी तरह कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया गया है। मृत युवक की जेब से भी पुलिस को कोई कागज नहीं मिले जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। ट्रक चालक को गाड़ी सहित मौके पर पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

तमंचा सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को अवैध असलहा एवं जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त शाहरुख उर्फ नाजिम पुत्र नफीस को लालपुर रोड़ पर नई आबादी बाउण्ड्री के पास थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

470 ग्राम गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना मटसैना पुलिस टीम ने 470 ग्राम अवैध गाँजा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्त सुनील पुत्र सुम्मेर सिंह निवासी पुलिस लाइन के पीछे नगला मुखराम थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद, प्रवेन्द्र कुमार पुत्र मातादीन राजपूत निवासी ग्राम वझेडा बुजुर्ग थाना अराव जनपद फिरोजाबाद, दीपक कुमार पुत्र राधेश्याम लोधी निवासी ग्राम नगला मवासी थाना मटसैना जनपद फिराजाबाद को 470 ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

वन विभाग की टीम पर हमला, सरकारी राइफल लूटी, दो कर्मी घायल

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर के हरिहा-समुहा जंगल में अवैध लकड़ी कटान रोकने गई वन विभाग की टीम पर लकड़ी माफियाओं ने हमला कर दिया। कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से किए गए इस हमले में वन दरोगा समेत दो वन कर्मी घायल हो गए। हमलावर सरकारी राइफल और मोबाइल लूटकर फरार हो गए।सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी भाग चुके थे। घायल कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि थाना नसीरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरिया में लकड़ी कटान की सूचना पर पहुँची वन विभाग की टीम के साथ मारपीट एवं टीम के दो शस्त्र ले जाने की घटना में उच्चाधिकारियों द्वारा मय पुलिस बल के तत्काल मौके पर पहुँचकर 06 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ कर जांच पड़ताल की जा रही है।

डीएम, डीआईजी ने पर्वों को लेकर की समीक्षा बैठक

मथुरा। डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने होली एवं महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। डीएम ने एकादशी रंगभरनी, बरसाना की लडडू एवं लट्ठमार होली, नन्दगांव की लट्ठमार होली, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा होली, श्री बांके बिहारी जी की होली, दाऊजी का हुरंगा, गोकुल छड़ीमार होली, फालैन का पंडा, संपूर्ण ब्रज में होलिका दहन आदि कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने समस्त एसडीएम तथा सीओ को निर्देश दिये कि सभी अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक करें। पीस कमेटी की बैठक में संबंधित नगर निगम / नगर पंचायत नगर पालिका, विद्युत, लोनि आदि विभागों के अधिकारियों को अवश्य बुलाएं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्रों में होलिका दहन के स्थानों की जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

सीओ नगर ने अवगत कराया कि जनपद में विभिन्न प्रकार के जुलूस, यात्रा आदि निकाली जाती हैं, जिसके संबंध में वनवे व्यवस्था लागू की जायेगी। डीएम ने नगर निगम/नगर पंचायत/नगर पालिका के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि सभी अपने क्षेत्रों में सफाई की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करें। भीड़ वाले क्षेत्रों में खंभों को 6 फीट तक प्लास्टिक से कवर कर दिया जाए। परिवहन विभाग ने अवगत कराया पिछले वर्ष 150 बसें संचालित की गई थी, जिसके सापेक्ष इस वर्ष अधिक बसों का संचालन किया जायेगा। बसें कोसीकलां, वृन्दावन, भूतेश्वर, आदि बस स्टैंडों से संचालित होती हैं। डीएम ने एआरटीओ परिवर्तन को सख्त निर्देश दिये कि बसों के कोई न बैठे इस व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाये। अभियान चलाकर सभी बसों का फिटनेस चेक करें तथा बस संचालकों के साथ बैठक सुनिश्चित करें। पुलिस उप महानिरीक्षक / एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अपने थानों में त्यौहार रजिस्टरों का विधिवत अध्ययन करें, जुलूस यात्रा के मार्गों का पूर्व में निर्धारण करते हुए स्वयं निरीक्षण करें। होलिका दहन एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है, जिसके संबंध में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। बरसाना में पार्किंगों का चिन्हांकन तथा पार्किंग में रैम्प, लाइटिंग, कैमरा आदि को ससमय स्थापित कराना सुनिश्चित करें। नकली रंग पर प्रभावी कार्यवाही करें। सभी परिक्रमा मार्गों पर अवैध अतिक्रमण को हटवायें।

सीडीओ ने निर्माण में शिथिलता पर एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये

फिरोजाबाद। सीडीओ शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सीएम डैशबोर्ड की बैठक आयोजित की गई, बैठक के दौरान सीडीओ ने लोनिवि, विद्युत परियोजना अधिकारी नेडा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कृषि चिकित्सा जल जीवन मिशन पंचायती राज, पर्यटन पशुधन पिछड़ा वर्ग मत्स्य बाल विकास समाज कल्याण उपायुक्त उद्योग आदि विभाग की गहनता से समीक्षा की। बैठक के दौरान विभागों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने और कार्यों की धीमी गति से करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस व विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। सीडीओ ने फैमिली आई डी की समीक्षा में प्रगति खराब होने पर नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने की कार्यवाही के निर्देश दिए, उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लॉक एवं सचिव वार सूची तैयार करें, जिनके कार्यों की प्रगति खराब है, उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, उन्होंने यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्यों में धीमी गति होने तथा भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष भौतिक प्रगति कम होने पर ग्रेड खराब की स्थिति पर स्पष्टीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति खराब होने पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खण्डवार सड़कों का विवरण उपलब्ध कराएं और स्वीकृत सड़क निर्माण की लम्बाई पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही वह वित्तीय प्रगति में भुगतान न किए जाने की स्थिति से खासे नाराज दिखें एवं इनके द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को स्पष्टीकरण देने व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में लंबित आवेदन होने के कारण संबंधित बैंकों को कड़े निर्देश दिए की शीघ्रतापूर्ण लंबित आवेदनों को निस्तारण कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाएं एवं उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जो बैंक शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के अंदर शीथिलता व लापरवाही और लाभार्थियों को बैंक के अनावश्यक बार-बार चक्कर कटवा रहे है उन बैंकर्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए की सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित गति से निदान करें।

प्रीपेड ऑटो टैक्सी ड्राइवर यूनियन की सांकेतिक हड़ताल

आगरा। कैंट के सभी प्रीपेड आटो टैक्सीड्राइवर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को सांकेतिक हड़ताल की गई. सुबह सात बजेसे करीब 11 बजे तक यह ह ?ड़ताल रही जिसमें आनलाइन टैक्सी कंपनियां ओला, उबर और रैपिडो जैसी सेवाओं के विरोध किया गया। मीटिंग के बाद संरक्षक अनुपम पंडित, अध्यक्ष शाहिदखान, महामंत्री अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष लोकेश परमार व मुन्ना भाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से मिला और अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया.महामंत्री अनिल शर्मा के अनुसार शहर में तकरीबन 450 प्रीपेड टैक्सी हैं। लेकिन आनलाइन बुकिंग के कारण प्रीपेड टैक्सी चालकों के रोजगार और परिवार पर संकट छा गया है। उन्होंने तत्काल ओला, उबर और रैपिडो की सेवाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

महाकुंभ से लौट रहे पति-पत्नी की मौत

आगरा। कार और डंपर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि कार सवार 4 गंभीर घायल हैं। हादसा सोमवार दोपहर 2 बजे बाह इलाके में चित्राहाट के पास शाहपुर बाह्मण में हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार पूरी तरह से खत्म हो गई। कार में बैठे लोग अंदर फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी के दरवाजे को काटकर शव और घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आगरा के फतेहाबाद रसूलपुर के रहने वाले महेंद्र प्रताप सिंह अपनी पत्नी भूरी देवी के साथ महाकुंभ गए थे। स्नान के बाद वापस आते वक्त सोमवार सुबह उनकी कार की डंपर से टक्कर हो गई। गाड़ी की फ्रंट सीट पर बैठे पति-पत्नी का शरीर पूरी तरह से पिस गया। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार में पिछली सीट पर बैठी 60 साल की अरविंद कुमारी, 40 साल की पिंकी, भाग्यश्री और सेवाराम को एसएन मेडिकल भेजा गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। महेंद्र प्रताप शनिवार दोपहर 11 बजे आगरा में अपने घर से प्रयागराज के लिए निकले। प्रयागराज के जाम में फंसने की वजह से वह सोमवार को वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि कार चला रहे महेंद्र प्रताप बहुत थक गए थे। कार चलाते हुए उन्हें झपकी आ गई। बाह-कचौरा रोड पर बाह साइड से डंपर आ रहा था। सिंगल रोड होने की वजह से दोनों गाड़ियां आमने-सामने आ गईं। कार तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई। हादसे के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के अंदर ही लोग फंस गए। वहीं, डंपर चला रहा शख्स हादसे के बाद भाग निकला। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को कॉल किया। आरोप है कि एम्बुलेंस 30 मिनट बाद आई। इसके बाद महेंद्र और भूरी देवी को बाह उलउ भेजा गया। डॉक्टरों ने उनहें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के साथ मिलकर लोगों ने कार के अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। हॉस्पिटल में घायल सेवाराम ने डॉक्टर को बताया कि मैं पीछे बैठा था। सब लोग बहुत थके हुए थे। हम भी हल्की नींद में थे। अचानक तेज धमाका हुआ। जब कुछ समझ आया तो देखा कि कार के आगे का हिस्सा धंस चुका है। सब लोग फंस गए हैं। मुझे लगता है कि महेंद्र को शायद झपकी आ गई थी। इसकी वजह से हादसा हुआ। कार और डंपर की टक्कर के बाद सड़क पर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने डंपर और कार को क्रेन की मदद से किनारे लगवाया। इसके बाद ट्रैफिक शुरू हुआ।

- आगरा में कार और डंपर की आमने-सामने की टक्कर गाड़ी काटकर शव निकाले

कुंभ से लौट रहे यात्रियों से भरी बस खाई में पलटी, 2 घायल

आगरा। संगम में पवित्र डुबकी लगाकर वापस आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस चालक को झपकी आने के कारण एत्मादपुर के इनर रिंग रोड टोल प्लाजा के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस पलटने से दो लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा स्थानीय लोगो की मदद से यात्रियों को बस से बाहर निकाला जा जा रहा है। बताया जा रहा है बस में कुल 40 यात्री सवार थे। बस पलटने से मौके पर चीख-पुकार मच गई। सभी लोग कुंभ में स्नान करके वापस मथुरा जा रहे थे।

आगरा दिल्ली हाईवे के ब्लैक स्पॉट ने पिता-पुत्र की जान ले ली

आगरा। आगरा- दिल्ली हाईवे के ब्लैकस्पॉट ने एक और परिवार की खुशियां छीन लीं। रामबाग फ्लाईओवर पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने सेवानिवृत्त जेल वार्डर सूरज पाल (65) और उनके 18 वर्षीय बेटे को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पिता बेटे को बाइक से फिरोजाबाद के कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा दिलाने ले जा रहे थे। हादसे की जानकारी से सेवानिवृत्त जेल वार्डर की पत्नी और बेटी का हालबेहाल है। एक तरफ घर का चिराग बुझ गया तो दूसरी तरफ परिवार को चलाने वाला नहीं बचा। मां-बेटी का दुख देखकर लोग भी रो पड़े। घटना सोमवार सुबह तकरीबन 10:30 बजे की है। सेक्टर 12 डी, आवास विकास कॉलोनी निवासी सूरजपाल सिंह मुख्य बंदीरक्षक थे। वह जिला जेल फिरोजाबाद से सेवानिवृत्त हुए थे। बेटा राहुल कुमार फिरोजाबाद स्थित कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को उसकी इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा थी। पिता सूरजपाल बेटे राहुल को बाइक से फिरोजाबाद लेकर जा रहे थे। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर 20 मिनट तक जाम लग गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। तब यातायात शुरू हो सका। राहगीरों ने हादसा करने वाले ट्रक का पीछा किया था। इस पर चालक उसे शाहदरा चुंगी के पास खड़ा करके भाग गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। थाना एत्माद्दौला के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवारों को टक्कर मारकर मृत्यु करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। हादसे की जानकारी सूरजपाल की पत्नी ब्रजेश देवी और बेटी खुशी को पुलिस ने दी थी। उन्हें बताया था कि पिता-पुत्र हादसे का शिकार हो गए। उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी ले जाया गया। दोनों इमरजेंसी पहुंच गईं। तब तक उन्हें सूरजपाल और राहुल की मौत की जानकारी नहीं थी। रिश्तेदार भी आ गए। उन्हें बताया गया कि शव पोस्टमार्टम गृह पर हैं। यह बात रिश्तेदार भी शुरूआत में मां-बेटी को बताने की हिम्मत नहीं कर सके। रिश्तेदार उन्हें पोस्टमार्टम गृह पर लेकर गए। जैसे ही रिश्तेदार ने उनकी मौत के बारे में बताया। दोनों बेहाल हो गईं। फूट-फूटकर रोने लगीं।

महाकुंभ से लौट रही बस खड़ी बस से टकरायी, तीन की मौत

मथुरा। महाकुंभ से स्नान करके नोएडा वापस लौट रही बस में यमुना एक्सप्रेस वे पर खड़ी बस में पीछे से आ रही स्लीपर बस अनियंत्रित होकर घुस गयी। हादसे में 15 लोग घायल हो गए, जबकि तीन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही डीएम और एसएसपी सहित स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर पहुंच गये। एक मृतक के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

नोयडा से गाड़ी संख्या यूपी 75 ऐटी 7822 प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कराकर वापिस लौट रही थी। जिसमे करीब 60 से अधिक यात्रिया बैठी हुयी थी। राया कट के माइल स्टोन 110 के समीप बस खराब होने पर चालक परिचालक समान लेने शहर चले गए। इस दौरान कुछ यात्री बस के अंदर आराम कर रहे थे, तो कुछ यात्री सड़क किनारे पर घूम रहे थे। कुछ समय पश्चात प्रयागराज से एक अन्य स्लीपर बस संख्या एचआर 55 एएफ4629 के चालक को झपकी आने से खड़ी बस में पीछे से घुस गयी। इस दौरान लोगो मे चीख पुकार एसडीएम महावन आदेश कुमार एसडीएम मांट अभिनव जे जैन क्षेत्राधिकारी महावन धर्मेंद्र कुमार चौहान थाना राया प्रभारी अजय कौशल यमुना एक्स. अधिकारी थाना बलदेव सहित अन्य थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। हादसे में उत्तर नगर निवासी 70 वर्षीय परमानंद जोशी समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अलग अलग अस्पतालों में इलाज के लिये प्रयागराज से कुंभ स्नान कराकर नोएडा लौट रही थी। मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद प्रसाशन नेदूसरी बस से गंतव्य को भिजवाया। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी सीपी सिंह और डीआईजी शैलेश पांड़े जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल चाल जाना और बेहतर इलाज के लिये सीएमओं को दिशा निर्देश दियें तों वही मृतकों के परिजनों से भी जानकारी ली।

भाजपाई पं. दीनदयाल उपाध्याय को भूले मूर्ति पर किसी ने नहीं किया माल्यार्पण

एक बार लौटने के बाद पुनः पहुंचे डैंपियर नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करता नगर निगम कर्मचारी मोहम्मद शकील

- दीनदयाल पार्क में सुबह से लगा हुआ था ताला

मथुरा। अच्छे दिन किया आये भाजपाई अपने पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को ही भूल गए आज उनके बलिदान दिवस पर महानगर के डैंपियर नगर स्थित पार्क में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए कोई भी नहीं पहुंचा जबकि 55 वर्षों से लगातार पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नियमित श्रद्धांजलि देने उपस्थित होते थे। जनपद में पार्टी के राज्यसभा सदस्य लोकसभा सदस्य के अतिरिक्त पांच विधायक मौजूद है साथ ही नगर निगम महापौर भी पार्टी के हैं। आज सुबह 9:30 बजे तक दीनदयाल पार्क के गेट का ताला लगा हुआ था यदि कोई कार्यकर्ता आया भी होगा तो लौट कर चला गया।

9:35 पर नगर निगम का कर्मचारी मोहम्मद शकील आया उसने देखा कि यहां कोई नहीं है तो वह एक माला खरीद कर लाया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर अर्पित की। ज्ञात रहे कि अभी. अभी दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से विजय हुई है। लेकिन किसी को इस महान व्यक्ति की याद नहीं आई। बताया जाता है पार्टी के बड़े नेता महानगर प्रमुख केंद्रीय बजट के गुणगान में लगे हुए हैं।

चोरी का खुलासा, दो चोर पकड़े

मथुरा। थाना कोसीकलाँ पुलिस ने 19 घण्टे में चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दो चोर और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर व चोरी की हुयी ट्राली, चोरी की 02 मोटर साइकिल व 2 चाकू बरामद किए हैं। थाना कोसीकलाँ पुलिस टीम द्वारा, ग्राम उमराला में गत 5 फरवरी को चोरी हुयी ट्रोली के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना कोसीकलां की विवेचना में प्रकाश में आये लवकुश (21) पुत्र स्व० प्रेम सिंह निवासी ग्राम दहगांव कृष्ण (20) पुत्र देशराज निवासी ग्राम कोटवन को कोटवन से आगे दहगाँव उमराला तिराहे से करीब 30 मीटर दहगाँव की तरफ से चोरी की घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर सहित चोरी की ट्राली, चोरी की 02 मोटरसाइकिल व 02 चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उमराला में गत 5 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा एक ट्राली को चोरी कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा विवेचना शुरू की गयी थी। पुलिस टीम द्वारा लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों की वीडियो फुटेज की मदद से थाना कोसीकलां पर चोरी का मुकदमा पंजीकृत होने के 19 घण्टे के अन्दर दो लोगों को गिरफ्तार किया।

गुरुकुल विधा पीठ में लगा नेत्र चिकित्सा शिविर

मथुरा। गुरुकुल विद्या पीठ, पुष्प विहार, मथुरा में आज राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान कल्याणं करोति, मसानी मथुरा के द्वारा आज विद्यालय में एक नेत्र चिक्तिसा शिविर लगाया गया ,जिसमे विद्यालय से जुड़े छात्र ० अभिभावकों ने नेत्र परीक्षण कराये साथ ही क्षेत्र वासियों ने भी चिकित्सा सुबिधा का खूब लाभ उठाया। छात्र, अभिभावकों ने प्रतिभाग किया, सभी ने विद्यालय व्यवस्था ० अध्यापन कार्य की जमकर की तारीफ वहीं वुजर्गों को चिकित्सा सुबिधा के रूप में दवाइयाँ ० आई ड्रॉप बाँटी गयी।

समर्पण दिवस के रूप में मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

टूंडला। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद कैंप कार्यालय पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। समर्पण दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय हम सभी कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत हैं व बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के सभी कार्यकताओं को उनसे संगठन कार्य में सतत रूप से लगे रहने की ऊर्जा मिलती है। जिस प्रकार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया उसी प्रकार से हमें भी निस्वार्थ भाव से संगठन कार्य करते रहना है व संगठन को नित्य प्रति नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है। जो समर्पण की भावना पं.दीनदयाल उपाध्याय में थी वही समर्पण भावना हमें अपने अंदर विकसित करना है। कार्यक्रम में टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह नारखी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील चक, टूंडला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश धनगर, जिला उपाध्यक्ष हनुमत बघेल पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ब्रज क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन अनंत प्रताप सिंह शशांक प्रताप सिंह सुनील पाठक मुकेश धामा पवन चक प्रदीप जैन टाईगर हनी जादौन दीपक ठैनुआ गौरव सिसोदिया विकास वाल्मीकि महेंद्र झा, सुनील चौहान गिरवर निषाद मोहन सिंह काके प्रीतपाल विनोद बाबू दाताराम रवि माहौर आदि लोग उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने मनायी पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

टूंडला। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी टूण्डला नगर कार्यालय पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दीपक राजोरिया ने कहा कि पंडित दिन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक ओर संघटन कर्ता थे भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश पालीवाल ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने समर्पण भाव से जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। युवा भाजपा के जिला महा मंत्री प्रदीप जैन टाइगर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर देश भर में समर्पण दिवस के रूप में मना रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष रूपेश शुक्ला भाजपा जिला मंत्री संजय परमार प्रदीप जैन टाइगर विनोद दीक्षित अजीत जुरैल सुदीप शर्मा श्याम मोहन उपाध्याय आजाद जैन किशोर चौधरी लकी ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अवैध पशु कटान करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ गिरफ्तार किया

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध पशु कटान करने वाले एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक तमंचा एक खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस दो चापर चाकू एक रस्सी बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अवैध पशु कटान करने वाले अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रसूलपुर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना रसूलपुर पर अवैध पशु वध के पंजीकृत मुकदमे में

वांछित अभियुक्त लईक कुरैशी पटेल कारखाने के पीछे लालपुर मंडी ग्राउंड मे अवैध हथियारों के साथ किसी जानवर को काटने की तैयारी कर रहा है, सूचना पर तत्काल थाना रसूलपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अभियुक्त लईक कुरैशी ने पुलिस टीम को अपनी ओर आते देखा तो पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त लईक कुरैशी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भिजवा कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

सनातन ध्वजवाहक स्वामी श्रील प्रभुपाद बने विश्व गुरु

मथुरा। इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक व आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार विश्व गुरुकी उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में संपन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई।

निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष मधु पंडित दास और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने की। अखाड़ा

परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, ह्लहम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद को ह्लविश्व गुरुह्व की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है ह्व वैश्विक हरे कृष्ण आंदोलन के चेयरमैन और संरक्षक, अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक और चेयरमैन, वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के चेयरमैन और इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष मधु पंडित दास ने इस्कॉन और हरे कृष्ण आंदोलन के सभी अनुयायी की ओर से आचार्य श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु से अलंकृत कर सम्मानित करने का निश्चय करने के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रति अपनी कृज्ञता व्यक्त करते हैं।

शत चंडी महायज्ञ 56 भोग फूल बंगला और जागरण संपन्न

मथुरा। शहर के अंतापाडा स्थित श्रीकृष्ण काली मंदिर पर 11वां पाटोत्सव आयोजित किया गया। बीती 2 से 10 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान शत चंडी महायज्ञ 56 भोग फूल बंगला एवं देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है जिसमें श्रद्धालु भक्त भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम को लेकर आयोजक मंडल के सदस्य पं मनीष शर्मा पं तुषार शर्मा ने बताया है कि 2 फरवरी को घटस्थापना गणपति मात्रका पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसकी पूणार्हुति 7 फरवरी को की गई। सोमवार को मां भगवती का पंचामृत अभिषेक चुनरी मनोरथ श्रृंगार वं छप्पन भोग धराया गया शाम को मां भगवती की विशाल आरती और महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ।

संक्षेप

सोने में सात दिन से जारी तेजी थमी, 200 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। सोने में पिछले सात दिन से चली आ रही तेजी थम गई तथा वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच स्टॉकिस्टों की बिकवाली के कारण इसकी कीमत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन इसका भाव 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमत 900 रुपये टूटकर 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र का भाव 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के कांग्रेस के समक्ष बयान से पहले सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिसपर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के भविष्य के ब्याज दर में कटौती के बारे में जानकारी के लिए बारीकी से नजर रखी जाएगी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले सात सत्रों में सोना 5,660 रुपये या 6.8 प्रतिशत चढ़ा था। इस साल सोने की कीमत 8,910 रुपये या 11.22 प्रतिशत बढ़ी है।

इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का विस्तार कर रहा मेटा

नई दिल्ली। सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर, मेटा भारत में चरणबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का विस्तार कर रहा है, जिससे युवा उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। ये टीन अकाउंट्स खासतौर पर किशोरों के लिए बनाए गए हैं, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और उनकी उम्र के उपयुक्त डिजिटल अनुभव मिल सके। इन अकाउंट्स में पहले से मौजूद सुरक्षा सुविधाएं अवांछित बातचीत को सीमित करती हैं, गोपनीयता सेटिंग्स को मजबूत बनाती हैं और माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद करती हैं, जिससे युवा उपयोगकताओं को एक अधिक सुरक्षित सोशल मीडिया अनुभव मिल सके। आज के डिजिटल दौर में, जहां इंटरनेट बच्चों की सोच और आदतों को प्रभावित कर रहा है, वहां उनकी ऑनलाइन सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है।

इंडियावुड 2025 छह मार्च से

नई दिल्ली। इंडिया वुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है । कार्यक्रम और भारत के लकड़ी कार्य और फर्नीचर उद्योग की निरंतर वृद्धि के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। इंडिया वुड की यात्रा कांतिरवा स्टेडियम में अपनी साधारण शुरूआत से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लकड़ी के काम और फर्नीचर निर्माण प्रदर्शनों में से एक बनने तक, एक अद्वितीय है।

यूरोपीय संघ ने अमेरिकी शुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की दी चेतावनी

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि इस्पात तथा एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क को लेकर जवाबी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे 27 देशों के समूह को कड़े जवाबी कदम उठाने पड़ेंगे। वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाए जाने पर बयान में कहा कि यूरोपीय संघ अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि शुल्क, कर हैं... व्यापार के लिए बुरे, उपभोक्ताओं के लिए और भी बुरे हैं। यूरोपीय संघ पर अनुचित शुल्क का जवाब दिया जाएगा। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इसके जवाब में इतनी ही कड़ी कार्वाई की जाएगी। इस बीच, यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने संसद को बताया कि यदि अमेरिका हमारे लिए कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ता है, तो यूरोपीय संघ एकजुट होकर प्रतिक्रिया देगा। अंततः व्यापार युद्धों से हमेशा दोनों पक्षों की समृद्धि को नुकसान होता है।

सेंसेक्स ने लगाया एक हजार अंक का गोता

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक का गोता लगा गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका के नये सिरे से शुल्क लगाने को लेकर व्यापार युद्ध की आशंका से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,018.20 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,281.21 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 नुकसान में जबकि छह लाभ में रहे। अमेरिका के सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क की पुष्टि से रियल्टी, औद्योगिक, सोच-विचार कर खर्च किये जाने से जुड़े उपभोक्ता सामान और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। यूरोपीय संघ के नेताओं ने भी अमेरिकी शुल्क के जवाब में कदम उठाने का संकल्प लिया है। इससे व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में जोमैटो पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में से केवल भारती एयरटेल का शेयर लाभ में रहा। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,290.21 अंक यानी 2.91 प्रतिशत नीचे आ चुका है, जबकि एनएसई निफ्टी में 667.45 अंक यानी 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,463.72 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अमेरिकी व्यापार नीतियों और शुल्क दरों को लेकर जारी अनिश्चितता, घरेलू आर्थिक वृद्धि संबंधी चिंताओं और एफआईआई की लगातार बिकवाली के कारण बाजार धारणा कमजोर हो रही है। मांग संबंधी चिंताओं और ऊंचे मूल्यांकन के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.40 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 2.88 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध 3,478 शेयरों में गिरावट रही जबकि 525 शेयर लाभ में रहे। 94 शेयरों के भाव यथावत रहे। एशिया के अन्य बजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा।

परमाणु ऊर्जा सभी ऊर्जा चर्चाओं का हिस्सा होगी: हरदीप सिंह पुरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि परमाणु ऊर्जा सभी ऊर्जा चर्चाओं का हिस्सा होगी, क्योंकि इसका व्यावसायीकरण अभी तक नहीं हुआ है। मुख्य रूप से भारतीय संदर्भ में, हालांकि देश ने अमेरिका के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं भारत ने तेल एवं गैस के लिए बोली के अपने सबसे बड़े दौर की मंगलवार को शुरुआत की। इसमें 1.91 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 25 ब्लॉक की पेशकश की गई। इनमें से अधिकतर ब्लॉक अपतटीय क्षेत्र में हैं।

इसके जरिये सरकार का मकसद आयात में कटौती और ऊर्जा सुरक्षा में मदद के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। यह संदर्भ में महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह के अंत में अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सहित कई विषयों पर चर्चा करेंगे। इससे पहले, भारत ऊर्जा सप्ताह-2025 पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पुरी ने सोमवार को कहा था, मुझे आश्चर्य होगा यदि अमेरिका से ऊर्जा प्राप्त करने का मुद्दा (प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच) चर्चा में शामिल न हो। पुरी ने कहा कि राष्ट्रपति (ट्रंप) ने कहा है कि वह वैश्विक ऊर्जा कीमतों में कमी लाना चाहते हैं, इसलिए चाहते हैं कि बाजार में अधिक से अधिक ऊर्जा आए। भारत जैसे देशों के लिए यह एक सकारात्मक बात है। आईईडब्ल्यू 2025 में मंत्रिस्तरीय चर्चा के दौरान पुरी ने कहा, परमाणु (ऊर्जा) एक कुशल लागत प्रभावी माध्यम प्रदान करती है, लेकिन आपको एक विशेष मार्ग अपनाना होगा और मुझे यकीन है कि जहां भी इस तरह की चर्चाएं होंगी, यह प्रमुख रूप से चर्चा का विषय होगा। मैं ऐसा होते हुए देख रहा हूं। परमाणु ऊर्जा के वाणिज्यिक विस्तार के बारे में मंत्री ने कहा कि हमने भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हमारे पास भारत-विशिष्ट आईएईए सुरक्षा समझौता था लेकिन किसी कारण से वाणिज्यिक अनुबंध कभी नहीं हो सका... लेकिन अब हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर के बारे में बात कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20,000 करोड़ रुपये के परमाणु मिशन की घोषणा की थी।

दक्षिण कोरिया के शीर्ष आर्थिक शोध संस्थान ने आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया

सियोल। दक्षिण कोरिया के शीर्ष आर्थिक शोध संस्थान ने चार महीने में दूसरी बार मंगलवार को देश की अर्थव्यवस्था के लिए अपने वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की। संस्थान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क संबंधी कदमों के प्रभाव के बारे में चिंता भी जाहिर की है।

कोरिया डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (केडीआई) ने अपने नवीनतम अनुमान में कहा कि 2025 में दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्था 1.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह नवंबर में घोषित उसके पिछले अनुमान से 0.4 प्रतिशत कम है। केडीआई के अर्थशास्त्री किम जियोन ने कहा कि ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद व्यापारिक माहौल का बिगड़ना एक प्रमुख कारक है। दक्षिण कोरिया राष्ट्रपति यूं सुक येओल के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक अभियोग के कारण उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता से भी जूझ रहा है। केडीआई के समष्टि आर्थिक विश्लेषण विभाग के प्रमुख जंग क्यूचुल ने कहा कि नवंबर में, हमने यह मान लिया था कि शुल्क बढ़ाने के ट्रंप के कदम समय के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगे और इस साल इतनी जल्दी लागू नहीं होंगे, लेकिन चीन जैसे देशों को लक्षित करके शुल्क बढ़ाए जा चुके हैं। हमें उम्मीद थी कि ट्रंप प्रशासन के सत्ता में आने के बाद अनिश्चितताएं धीरे-धीरे दूर हो जाएंगी।

वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में आयोजित होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट मध्य प्रदेश का 24 फरवरी को उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह जानकारी दी। यादव ने मंत्रिमंडल की बैठक में कहा कि भोपाल में होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के आने की मंजूरी मिल गई है।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस दो-दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल होंगे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को छतरपुर में कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे और उसके अगले दिन निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अधिकारी ने कहा कि इस सम्मेलन की मेजबानी के लिए भोपाल में तैयारियां चल रही हैं। अधिकारी के मुताबिक, निवेशक सम्मेलन में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के वाणिज्य दूतावासों और विदेश से आने वाले उद्योग एवं व्यापार समूहों के साथ बेहतर समन्वय को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को नयी दिल्ली में एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। निवेशक शिखर सम्मेलन का आयोजन मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन विभाग कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य निवेश के माहौल और औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालना है। राज्य सरकार के मुताबिक, निवेशक सम्मेलन वैश्विक नेताओं, उद्योगपतियों और विशेषज्ञों के लिए उभरते बाजारों और रुझानों पर अंतर्दृष्टि साझा करने और मध्यप्रदेश की निवेश क्षमता का लाभ उठाने के तरीकों का पता लगाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

निवेशकों को हुआ 16.97 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के कारण निवेशकों को 16.97 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका के नये सिरे से शुल्क लगाने को लेकर व्यापार युद्ध की आशंका से बाजार नीचे आया।

बीएसई सेंसेक्स में पिछले पांच दिन में 2,290.21 अंक यानी 2.91 प्रतिशत की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 1,018.20 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,281.21 अंक तक लुढ़क गया था। शेयर बाजार में गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 16,97,903.48 करोड़ रुपये लुढ़क कर 4,08,52,922.63 करोड़ रुपये पर आ गया। अकेले मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 9,29,651.16 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह करीब दो साल में एक सत्र में दर्ज सबसे अधिक तेजी है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि 88 के स्तर के करीब पहुंचने के एक दिन बाद मंगलवार को हुई तीव्र बढ़त, विश्वव्यापी शुल्क युद्ध की चिंताओं के बीच अत्यधिक अस्थिर मुद्रा बाजार को दर्शाती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और कारोबार के दौरान 86.61 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छू गया। अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 63 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 87.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से रुपये में करीब एक प्रतिशत की तेजी आई, जो करीब दो साल में एक सत्र में दर्ज सबसे अधिक बढ़त है। चौधरी ने कहा कि घरेलू बाजारों में कमजोरी और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से रुपये के आगे नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी व्यापार शुल्क पर अनिश्चितता भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, आरबीआई की ओर से आगे कोई भी हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। व्यापारी इस सप्ताह अमेरिका और भारत से मुद्रास्फीति के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। चौधरी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर-भारतीय मुद्रा की जोड़ी के 86.50 से 87.20 रुपये के दायरे में कारोबार करने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.40 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.23 प्रतिशत चढ़कर 76.80 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,463.72 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

ऑस्ट्रेलियाई इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क छूट पर विचार कर रहे हैं: ट्रंप

मेलबर्न। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क छूट पर विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क की घोषणा से पहले ट्रंप से फोन पर बातचीत की और छूट की मांग की थी। ट्रंप ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका का व्यापार अधिशेष उन कारणों में से एक है जिसकी वजह से वह शुल्क से छूट पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार के बारे में ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि हमारे पास वास्तव में अधिशेष है। यह (ऑस्ट्रेलिया) उन कुछ देशों में से एक है, जिनके साथ हमारे पास अधिशेष है। मैंने (अल्बनीज से) कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर हम गहनता से विचार करेंगे। ट्रंप ने इस्पात पर 2018 के शुल्क से अपवादों और छूटों को हटाने के बाद यह बात कही, जिसका मतलब है कि सभी इस्पात आयातों पर न्यूनतम 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। 2018 के 10 प्रतिशत एल्युमीनियम शुल्क को भी बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले अल्बनीज ने कहा था कि उन्होंने छूट के लिए ऑस्ट्रेलिया का पक्ष रखा और दोनों नेताओं ने सार्वजनिक रूप से फैसले की घोषणा करने पर सहमति व्यक्त की, जो यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हुए कि हमारे दोनों देशों के हित में छूट पर विचार किया जा रहा है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी ऑस्ट्रेलिया को ऐसे शुल्क से छूट मिली थी। अल्बनीज ने मंगलवार को अमेरिका और ब्रिटेन के साथ पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के साथ हुए ऑकस समझौते पर भी बात की।

पेज एक का शेष

भारत के

रहे हैं। तीसरा, हमारे पास आर्थिक ताकत और राजनीतिक स्थिरता है। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक स्थिति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है जो ऊर्जा व्यापार को आसान तथा अधिक आकर्षक बनाती है। इसके अलावा, भारत वैश्विक स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और यह देश के ऊर्जा क्षेत्र में नई संभावनाओं को बढ़ावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए अगले दो दशक बहुत महत्वपूर्ण हैं और अगले पांच वर्षों में हम कई उपलब्धियां हासिल करेंगे। उन्होंने कहा हमारे ऊर्जा लक्ष्य 2030 की समय-सीमा के अनुरूप हैं।

एआई पर वैश्विक

लोगों का जीवन बदलने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें टिकाऊ विकास के लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो। इसके लिए संसाधनों और प्रतिभा को एक साथ लाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का इस्तेमाल बढ़ने पर नौकरियां जाने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा, इतिहास ने हमें दिखाया है कि प्रौद्योगिकी की वजह से काम कहीं जाता नहीं है। सिर्फ इसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां पैदा होती हैं। मोदी ने कहा एआई का विकास अभूतपूर्व पैमाने और रफ्तार से हो रहा है और इसे उससे भी तेज गति से अपनाया और लागू किया जा रहा है। इसमें सीमाओं के पार भी एक-दूसरे पर गहरी निर्भरता है। हमें एआई-संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए सिरे से कौशल देने में निवेश करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भारत एआई को अपनाने और डेटा गोपनीयता पर प्रौद्योगिकी एवं कानूनी समाधान लाने में अग्रणी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम सार्वजनिक भलाई के लिए एआई एप्लिकेशन विकसित कर रहे हैं। भारत यह सुनिश्चित करने के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने को तैयार है कि एआई का भविष्य अच्छा हो और सभी के लिए हो।

रविदास जयंती

अवकाश घोषित होने से होली-दिवाली की तरह छुट्टी हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने बताया कि 17 दिसंबर 2024 को साल 2025 के अवकाशों की सूची जारी की गई थी, जिसमें संत रविदास जयंती को निर्बंधित अवकाश की श्रेणी में रखा गया था। उस आदेश में संशोधन करके अब संत रविदास जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन सभी सरकारी कार्यालय व बैंक बंद रहेंगे।

जेईई-मेन

ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू सहित 13 भाषाओं में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा भारत के बाहर 15 शहरों में भी आयोजित की गई थी जिनमें मनामा, दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत सिटी, कुआलालंपुर, अबू धाबी, पश्चिम जावा, वाशिंगटन, लागोस और म्यूनिख शामिल हैं।

आस्था का

करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आकर डुबकी लगाना बड़ी बात है। उन्होंने कहा, कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुंभ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, कि ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर अति विशिष्ट व्यक्तियों को मिलने वाली सुविधाएं भोगीं और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था। उन्होंने कहा, कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही, वहीं मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया।

45 करोड़ ने

संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींच कर ला रहा है। मंगलवार, 11 फरवरी को सुबह आठ बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2.2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

ये प्रमुख लोग अब तक लगा चुके हैं पावन डुबकी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ (मंत्रिमंडल समेत) भी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, अन्तरराष्ट्रीय रेसलर खली, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं।

नियंत्रण रेखा

अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ पर गश्त के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस धमाके की सूचना मिली, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। हमारे जवानों ने इलाके को घेर लिया और तलाश अभियान जारी है। इसने कहा व्हाइट नाइट कॉर्प्स दो वीर जवानों के बलिदान को सलाम करता है और श्रद्धांजलि देता है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

महाकुंभ भगदड़

व्यवस्था नहीं होने से शव सड़ गल रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने तीन फरवरी को उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करे।

कयाकिंग-कैनोइंग

पर पहले भी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी हैं और आगे भी खेलों का क्रम सालभर चलता रहे, यह प्रयास किये जायेंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय आर्थिकी को बल मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने टिहरी में शीतकालीन पर्यटन की थीम पर डेस्टिनेशन टिहरी कैलेंडर 2025 लांच किया। यह कैलेंडर टिहरी की एक प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थल के रूप में उभरती क्षमता पर प्रकाश डालता है, जिसमें रोमांच, प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक स्थलों का समृद्ध मिश्रण है। उत्तराखंड पर्यटन और टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से टिहरी गढ़वाल के जिला प्रशासन द्वारा कैलेंडर बनाया गया है।

वैश्विक सुरक्षा

लचीलापन और रणनीतिक सहयोग के महत्व को रेखांकित करता है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है और मित्र देशों के रक्षासेना प्रमुखों एवं स्थायी सचिवों के अलावा लगभग 30 रक्षा मंत्री भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत के दृढ़ विश्वास को दोहराते हुए रक्षामंत्री ने कहा हम अपनी रक्षा क्षमताओं में बदलाव लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने एक बहुत ही अनुकूल नीति व्यवस्था लागू की है जो आधुनिक अत्याधुनिक भूमि, समुद्री और वायु प्रणालियों की एक पूरी श्रृंखला में निवेश तथा उत्पादन को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि रक्षा में अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में भारत का उभरना हमारी क्षमताओं और आकांक्षाओं का प्रमाण है। राजनाथ सिंह ने कहा आज हमारे पास बड़े भारतीय स्टार्टअप परितंत्र के भीतर एक जीवंत रक्षा स्टार्टअप तंत्र है, जो यूनिकॉर्न काउंट (कम से कम 7,500 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले स्टार्टअप) के मामले में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा हमारे उभरते वांतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र, महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास आधार तथा उद्यमशीलता की भावना से समर्थित सहयोग के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं। सिंह ने सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों से कहा कि भारत का कौशल आधार उसे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लागत पर उत्पादन करने में सक्षम बनाता है तथा देश अपने मित्रों और साझेदारों के साथ अत्याधुनिक रक्षा उपकरण, हार्डवेयर, सेवाएं और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं आपको उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन तथा नवाचार को बढ़ावा देने में हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

सड़क हादसों

राजमार्ग पर कैसरगंज थानांतर्गत करीम बेहड़ गांव स्थित गुप्ता ढाबा के पास सामने से आ रहे डम्पर ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गयी जिसे कार में सवार अबरार (28), उनके पिता गुलाम हजरत (60), मां फातिमा बेगम (56), पुत्री हानिया (18 दिन) व कार चालक चांद मोहम्मद (35) की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक हादसे में सैनिक की पत्नी रुकैया (25) गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल रुकैया को इलाज हेतु बहराइच जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाकुंभ से वापस लौट रही श्रद्धालुओं की दो कारें आपस में टकरा गईं जिससे दोनों कारों के चालकों सहित आठ लोग घायल हो गए।

Sportsलाइन...

संक्षेप

भारतीय पुरुष टीम के दो अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा शिलांग

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कहा कि शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम भारतीय सीनियर पुरुष टीम के दो मैचों की मेजबानी करेगा जो मार्च में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान खेले जाएंगे। यह घोषणा इसी स्टेडियम में सात फरवरी को मुंबई सिटी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के बीच खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच के सफल आयोजन के बाद हुई है। मेघालय ने पहली बार आईएसएल मैच की मेजबानी की। एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, पिछले साल स्टेडियम के नवीनीकरण के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि शिलांग का जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम सीनियर पुरुष टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। भारत इस स्टेडियम में अपना पहला मैच 19 मार्च को मालदीव के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद वह 26 मार्च को बांग्लादेश की मेजबानी करेगा।

आरबीएन ग्लोबल टी20 कप आज से, ए डिवीजन की 8 टीमें उतरेंगी

लखनऊ। शहर की ए डिवीजन की उम्दा आठ टीमें लखनऊ में 12 फरवरी से शुरू होने वाली आरबीएन ग्लोबल टी20 प्राइजमनी कप क्रिकेट टूनामेंट 2025 की विजेता ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ (सीएएल) के तत्वावधान में ध्रुव क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित इस टूनामेंट के मैच 12 से 21 फरवरी तक डीजीआई स्टेडियम, सुल्तानपुर रोड पर कलर ड्रेस में खेले जाएंगे। इस टूनामेंट की विजेता टीम को एक लाख रुपए और उपविजेता टीम को 75 हजार रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ बेस्ट बेट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5-5 हजार रुपए जबकि मैन ऑफ द टूनामेंट को 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। आयोजन सचिव सुशील यादव (डायरेक्टर, आरबीएन ग्लोबल) ने जानकारी दी कि टूनामेंट में ध्रुव क्रिकेट अकादमी, सेंट्रल क्रिकेट क्लब, कूहू स्पोर्ट्स क्लब, लाइफ केयर क्रिकेट क्लब, अखिल इंफ्रा, यूपी टिम्बर, साउंड इमेजेस और एलडीए क्रिकेट क्लब की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

शशिकुमार मुकुंद ने दिल्ली ओपन के पहले दौर में वेनबर्ग को हराया

नयी दिल्ली। भारत के शशिकुमार मुकुंद ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दिल्ली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर में फ्रांस के साशा गुएगार्ड वेनबर्ग को 4-6, 6-2, 6-0 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टोगो के खिलाफ भारत के डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले मुकुंद अगले दौर में बेल्जियम के माइकल गीर्ट्स से भिड़ेंगे। वाइल्ड कार्ड धारक रामकुमार रामनाथन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद चेक गणराज्य के डेलिबोर स्वरसिना के खिलाफ 2-6, 6-2, 0-6 से हार झेलनी पड़ी। अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे वरीय ट्रस्टिन स्कूलकेट ने तुर्की के एर्गी किर्किन को 6-0, 7-6 से हराया जबकि छठे वरीय जापान के शिनतारो मोचिजुकी ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। फ्रांस के काइरियान जैके ने जापान के सातवें वरीय शो शिमाबुकुरो को सीधे सेट में हराया।

जेनेसिस इनविटेशनल टूर्नामेंट से हटे टाइगर वुड्स

सैन डिएगो। टाइगर वुड्स टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से यह कहते हुए हट गए कि वह अभी तक अपनी मां के अचानक निधन से नहीं उबर पाए हैं। टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा, मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी लेकिन मैं अभी इसके लिए तैयार नहीं हूं। उन्होंने कहा, मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार होने की अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए। मैं जानता हूं कि मेरी मां भी यही चाहती लेकिन मैं अभी तक उनके निधन से नहीं उबर पाया हूं।

क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

एजेंसी

अहमदाबाद। पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत पहले दो मैच चार विकेट के समान अंतर से जीत कर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अब उस नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी जहां उसे वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी।

आठ टीमों के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। शमी की सफल वापसी से निश्चित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन को राहत मिली होगी क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर संदेह बना हुआ है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस वनडे से वापसी करनी थी लेकिन अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट

अकादमी में ही हैं। भारत और इंग्लैंड दोनों की टीम ने मंगलवार को अभ्यास नहीं किया था क्योंकि वे तरोताजा होकर तीसरे वनडे में उतरना चाहती हैं। रोहित का कटक में खेले गए मैच में शतक टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल भी शामिल हैं जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में अगर भारत ज षभ पंत को मौका देता है तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जो भारतीय टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। भारत को मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर से अच्छी पारी की उम्मीद होगी।

ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर बल्लेबाजी करने के लिए उतारना अभी तक सही साबित हुआ है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहले दो मैच में 52 और नाबाद 42 रन बनाए। पटेल के बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन से रविंद्र जडेजा पर से कुछ दबाव कम हुआ होगा जिन्होंने अभी तक श्रृंखला में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों की मदद करने वाले विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में उन्हें इसी तरह की परिस्थितियां मिलने की संभावना हैं। जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर गुजरात रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

राजकोट। तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 33 रन से की। प्रियजीत ने सलामी बल्लेबाज चिराग जानी (26) को आउट करके गुजरात को दूसरी पारी में पहली सफलता दिलाई और 67 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस युवा तेज गेंदबाज ने इसके बाद भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (02) को आउट करके सौराष्ट्र को बड़ा झटका दिया।

13 से लखनऊ में दिखेगा टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच

लखनऊ। 13 फरवरी से दिखेगा टेनिस बॉल क्रिकेट का रोमांच, 12 टीमें अलग तरह की लीग में पेश करेंगी चुनौती, अपने आप में अलग तरह की इस लीग का फाइनल 22 फरवरी को होगा। इस टूनामेंट में कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे जिसकी शुरूआत मेरठ इनवेडर्स और लायंस मुरादाबाद की टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसीटेन 10 लीग की शुरूआत 13 फरवरी यानी गुरुवार से लखनऊ में होने जा रही है। जैसे-जैसे टूनामेंट नजदीक आ रहा है, फैंस के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। अपने आप में अलग तरह की

❍ 12 टीमें अलग तरह की लीग में पेश करेंगी चुनौती

इस लीग का फाइनल 22 फरवरी को होगा। इस टूनामेंट में कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे जिसकी शुरूआत मेरठ इनवेडर्स और लायंस मुरादाबाद की टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। इस लीग में 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं जो 10 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। यह लीग उन युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा मौका लेकर आई है जो क्रिकेटर बनने का सपना देख रहे हैं। खासतौर पर लोकल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर चमकने का मौका देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह लीग हर मोहल्ले और कस्बों के क्रिकेट सितारों को बड़ा प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।

लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को इंटरनेशनल क्रिकेट के दिग्गज ब्रेट ली, क्रिस गेल, सुरेश रैना, इरफान पठान और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियों की मेंटरशिप मिलेगी। यह लीग उन युवाओं के लिए खास मौका है, जिन्होंने वर्षों से क्रिकेट में करियर बनाने की तैयारी की है, लेकिन सही मंच की कमी के कारण अपने सपने को पूरा नहीं कर सके। अब एलएलसी टेन10 उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए तैयार है। मैचों के लिए चार शिफ्ट बनाए गए हैं। कुछ मैच सुबह, तो कुछ मैच दोपहर और शाम या फिर रात में खेले जाएंगे। 13 से 22 फरवरी 2025 तक लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाने वाले इस टूनामेंट की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

राउंडग्लास हॉकी अकादमी और यूपी करम ने शानदार जीत से की शुरुआत

लखनऊ। गत विजेता राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में मेजर ध्यानचंद (हरियाणा) को 8-2 से शिकस्त दी। वहीं यूपी करम ने भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जय हॉकी अकादमी (तमिलनाडु) को 5-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ

❍ 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट

स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट में यूपी करम और जय हॉकी अकादमी, तमिलनाडु के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा, लेकिन दूसरे क्वार्टर में यूपी करम के लकी कुमार ने 19वें और करन कुमार ने 24वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद, पृथ्वी राज ने 33वें मिनट में साथी खिलाड़ी से मिले पास पर गोल दागा। फिर कृष सिंह (35वां और 38वां मिनट) ने दो गोल कर यूपी करम को 5-1 से जीत दिलाई। जय हॉकी अकादमी से साई विग्नेश ने एकमात्र गोल किया। दूसरी ओर, राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने मेजर ध्यानचंद (हरियाणा) के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और पहले क्वार्टर में ही पांच गोल दागे। टीम ने प्रतिद्वंद्वी की गलती के चलते मिले मौकों को गोल के रुप में भुनाया।

जसप्रीत सिंह ने सातवें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने के बाद 22वें मिनट में मैदानी गोल दागा। रणवीर सिंह ने 13वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर पर गोल किया और दो मिनट बाद ही मैदानी गोल किया।

कसमप्रीत सिंह (14वां मिनट), निशांत तंवर (20वां मिनट) और अभिजोत सिंह (27वां मिनट) ने 1-1 लिए गोल किए। मेजर ध्यानचंद (हरियाणा) के लिए दक्ष द्वितीय (23वां मिनट) और नैतिक ग्रोवर (53वां मिनट) ने गोल किए। अन्य मुकाबलों में फ्लिकर्स ब्रदर्स (हरियाणा) ने महेंद्र मेमोरियल स्पोर्ट्स क्लब (हरियाणा) को 3-1 से हराया। विराट सिंह, आदित्य और विशाल ने विजयी टीम के लिए गोल किए, जबकि हिमांशु शर्मा ने महेंद्र मेमोरियल के लिए एकमात्र गोल किया। वहीं नेवल टाटा (ओडिशा) ने मनमोहन सिंह हॉकी अकादमी (हरियाणा) को 8-1 से हराया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी एमपी सिंह ने किया। इस अवसर पर बाबू साहब के सुपुत्र कुंवर धीरेंद्र सिंह उर्फ कमांडर, ओलंपियन सैयद अली, सुजीत कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अमेरिकी ओपन ने मिश्रित युगल में किया बदलाव

न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन अपनी मिश्रित युगल चैंपियनशिप का आयोजन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले के हफ्ते में कराएगा और उसे उम्मीद है कि प्रारूप में बदलाव तथा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि से शीर्ष एकल खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। इस साल की स्पर्धा में 16 टीम दो दिन तक छोटे मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट आयोजकों का मानना है कि इससे खेल के सबसे बड़े स्टार खिलाड़ी आकर्षित हो सकते हैं जिनमें से कई खुद को एकल के लिए तरोताजा रखने के लिए लंबे समय से युगल से दूर रहे हैं। अमेरिकी टेनिस संघ के कार्यकारी निदेशक और सीईओ ल्यू शेर ने कहा, मैं यही कहूंगा कि इसके पीछे का कारण अधिक प्रशंसकों को आकर्षित करना और दुनिया भर में प्रशंसकों का आधार बढ़ाना है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि खेल के सबसे बड़े नाम युगल में भाग लें और उन्हें टीम बनाकर एक अलग प्रारूप में खेलते हुए दिखाएं, हमें लगता है कि यह रोमांचक है। असल में हम जानते हैं कि यह रोमांचक है। मंगलवार को घोषित योजना के अनुसार 19 और 20 अगस्त को मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उसी हफ्ते पुरुष और महिला एकल के क्वालीफाइंग दौर भी होंगे। एकल में मुख्य ड्रॉ के मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे। शुरुआती दौर के मैच बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट होंगे जो सिर्फ चार गेम तक खेले जाएंगे। टाईब्रेकर 4-4 के स्कोर पर होगा।

कोहली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : क्रिस गेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज क्रिस गेल का मानना है कि विराट कोहली भले ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हों लेकिन वह अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। कोहली पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। इस 36 वर्षीय बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को कटक में खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल पांच रन बनाए। लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोहली के साथ खेल चुके गेल भारतीय बल्लेबाज की खराब फॉर्म से परेशान नहीं हैं। गेल ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, फॉर्म कैसी भी हो वह अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। विराट कोहली अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। आंकड़े इस बात का सबूत हैं। हम सभी जानते हैं कि उन्होंने सभी तरह के प्रारूप में कितने शतक लगाए हैं। उन्होंने कहा, हम सभी क्रिकेटर इस तरह के दौर से गुजरते रहते हैं। मैं जानता हूं कि वह अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं

लेकिन ऐसा होता रहता है। उन्हें खुद पर भरोसा रखकर वापसी करनी होगी। गेल से पूछा गया कि क्या कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में उनके सर्वाधिक रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ पाएंगे, उन्होंने कहा, यह उसके लिए बेहद आसान काम है क्योंकि वह इससे लगभग 200 रन दूर है। मुझे नहीं पता कि वह कितने मैच खेलेंगे लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि वह 200 से अधिक रन बनाएगा। मुझे पूरा यकीन है कि वह शतक लगाएगा। रोहित शर्मा ने वनडे में सर्वाधिक छक्के लगाने का गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी ने भारतीय कप्तान को शहर का नया बादशाह करार दिया। उन्होंने कहा, रोहित को बधाई। खेल को मनोरंजन करने वाला हमेशा नया खिलाड़ी चाहिए। रोहित पिछले कई वर्षों से क्रिकेट प्रेमियों का मनोरंजन कर रहा है। उसके साथ मैंने भी ऐसा किया। रोहित अभी शहर का नया बादशाह है और उम्मीद है कि वह और छक्के लगाएगा। गेल ने इस पर निराशा जताई कि वेस्ट इंडिज की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रही है। उन्होंने कहा, यह निराशा जनक है कि वेस्टइंडीज की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रही है।

38वें राष्ट्रीय खेल : अनिमेष कुजूर और ज्योति याराजी को स्वर्ण

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश के लिए एथलीट मुनीता प्रजापति व जूडोका अभिषेक चौधरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने जानकारी दी कि अब तक यूपी के खिलाड़ी कुल 41 पदक जीत चुके हैं, जिसमें 12 स्वर्ण, 12 रजत और 17 कांस्य शामिल हैं। मंगलवार को देहरादून में हुई एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में

❍ यूपी की एथलीट मुनीता एवं जूडोका अभिषेक ने जीते कांस्य पदक

10 किमी महिला पैदल चाल में मुनीता प्रजापति ने 46:23 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा की रवीना ने 45:52 के समय के साथ स्वर्ण, जबकि उत्तराखंड की शालिनी ने 46:12 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। वहीं देहरादून में हुई जूडो की प्रतियोगिताओं में अभिषेक चौधरी ने 81 किग्रा से कम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इससे पहले, सोमवार को पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में उत्तर प्रदेश के कुलदीप कुमार ने 5.00 मीटर की ऊंचाई पार कर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने 5.32 मीटर की ऊंचाई के साथ स्वर्ण पदक, जबकि तमिलनाडु के रीगन जी ने रजत पदक अपने नाम किया। सोमवार रात

देहरादून में आयोजित जिम्नास्टिक्स की प्रतियोगिताओं में ऑल अराउंड चैंपियनशिप के तहत यूपी के आदित्य सिंह राणा ने 69.066 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में सर्विसेज के तपन मोहंती ने 71.867 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, जबकि हरियाणा के योगेश्वर ने 71.266 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।

अनिमेष कुजूर और ज्योति याराजी को स्वर्ण, पैदल चाल में 15 प्रतिस्पर्धियों का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

देहरादून। उभरते हुए फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर और बाधा दौड़ की स्टार खिलाड़ी ज्योति याराजी ने मंगलवार को यहां पुरुषों और महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय खेलों में क्रमशः तीसरा और दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

मंगलवार को ही 15 पैदल चाल खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इससे पहले 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर का खिताब जीतने वाले ओडिशा के 21 वर्षीय कुजूर ने 20.58 सेकेंड के समय के साथ 200 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता। उनका यह समय गुजरात में 2022 में असम के अमलान बोरगोहेन के 20.55 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से थोड़ा अधिक था। तमिलनाडु के रागुल कुमार जी (21.06 सेकेंड) और नितिन बी (21.07 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वैशाली का लक्ष्य: टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना

नयी दिल्ली। भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने इस साल के लिए दो लक्ष्य तय किए हैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और प्रतिष्ठित कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया था और कई उपलब्धियां हासिल की थी। इनमें ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनना, शतरंज ओलंपियाड में भारतीय महिला टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाना और विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतना शामिल है। वैशाली ने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य लगातार अच्छा प्रदर्शन करना और कुछ अच्छे मैच खेलना है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से साल के अंत तक मेरा लक्ष्य कैंडीडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना है। मुझे पिछले साल कैंडीडेट्स टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिला था और मुझे उम्मीद है कि मैं फिर से इसके लिए क्वालीफाई करने में सफल रहूंगी। महिला कैंडीडेट्स टूर्नामेंट की विजेता खिलाड़ी विश्व शतरंज चैंपियनशिप में खेलती है।

पंकज आडवाणी बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, जीता खिताब

एजेंसी

इंदौर। भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। दमानी ने पहला फ्रेम जीत कर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद आडवाणी के सामने उनकी एक नहीं चली। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की।

आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया तथा यह फ्रेम, मैच और चैम्पियनशिप अपने नाम कर दी। आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा, यह एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था। दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था।

805 ऐप एवं 3266 वेबसाइट लिंक ब्लॉक

सरकार खातों की पहचान के लिए एआई का उपयोग करने की योजना बना रही है: अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर उन म्यूल खातों की पहचान करने की योजना बना रही है, जिनमें साइबर जालसाज ठगी की रकम जमा करते हैं।

शाह ने सोमवार को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से सरकार की साइबर अपराध निगरानी और इसका पता लगाने वाली शाखा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की सिफारिशों के आधार पर 805 ऐप एवं 3,266 वेबसाइट लिंक को ब्लॉक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसमें शामिल हैं, छह लाख से अधिक संदिग्ध डाटा प्वाइंट साझा किए गए हैं, 19 लाख से अधिक म्यूल खातों को पकड़ा गया है और 2,038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन को रोका गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शाह ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सभी बैंकों के समन्वय में म्यूल खातों की पहचान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करने के प्रयास जारी हैं, ताकि उनका पता लगाने के लिए एक प्रणाली स्थापित की जा सके। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करेगी कि ये म्यूल खाते चालू होने से पहले ही बंद कर दिए

जाएं। म्यूल खाता वह बैंक खाता होता है, जिसका उपयोग धन शोधन या अवैध गतिविधियों से हासिल धन के लेन-देन के लिये किया जाता है। उन्होंने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1,43,000 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिसका उपयोग 19 करोड़ से अधिक लोगों ने किया है। शाह ने कहा कि वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के मद्देनजर, 1930 हेल्पलाइन एक ही जगह पर सभी समाधान प्रदान करती है, जिसमें कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र रोको-सोचो-कार्वाई करो के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि वे साइबर अपराध के खिलाफ अधिक सतर्क रहें। गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है, जिसके कारण स्वाभाविक रूप से साइबर हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अलग नजरिए से देखें तो साइबरस्पेस सॉफ्टवेयर, सेवाओं और यूजर का एक जटिल नेटवर्क बनाता है। उन्होंने कहा, जब तक हम सॉफ्टवेयर, सेवाओं और यूजर के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी को नियंत्रित करने पर विचार नहीं करते, तब तक साइबरस्पेस के मुद्दों को हल करना असंभव होगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने भारत को साइबर-सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध ने सभी भौगोलिक सीमाओं को मिटा दिया है और इसे सीमाहीन अपराध कहा है, क्योंकि इसकी कोई सीमा या तय स्वरूप नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले दशक में डिजिटल क्रांति देखी है और इस डिजिटल क्रांति के आकार एवं पैमाने को समझे बिना, हम साइबर डोमेन में चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आज देश के 95 प्रतिशत गांव डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं, जबकि एक लाख ग्राम पंचायतें वाई-फाई हॉटस्पॉट से लैस हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा मुहैया नहीं होने की बात सच्चाई से परे : नड्डा

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि यह बात सच्चाई से परे है कि सरकार ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा मुहैया नहीं करा पा रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर डॉक्टरों की संख्या कम हो सकती है, लेकिन सरकार मेडिकल सीटों में वृद्धि करके इस कमी को दूर कर रही है और अगले पांच साल में 75,000 नए डॉक्टर और इस वर्ष 10,000 नए डॉक्टर तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर यह बात कही जाती है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में असमर्थ हैं, लेकिन यह बात सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा, हमारी एमएमआर (मातृ मृत्यु दर) वैश्विक गिरावट से दोगुनी है। यू-विन हर उस मां को ट्रैक करता है जो गर्भवती हैं, प्रसव के समय तक और जब बच्चा दो साल का हो जाता है और सभी इंजेक्शन लग जाते है, तब तक हर चीज पर नज़र रखी जाती है। चिकित्सा व्यवस्था की मजबूती का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान देश भर में कोविड के 220 करोड़ टीके दिए गए, यहां तक कि देश के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी। उन्होंने कहा कि ये टीके गढ़चिरौली, बस्तर, बीजापुर, नारायणपुर, लद्दाख, द्रास जैसे इलाकों में भी लगाए गए। उन्होंने

कहा कि देश में कोई ऐसा इलाका नहीं रहा जहां हमारे कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं हैं। नड्डा उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की तैनाती राज्य करते हैं और केंद्र उनका भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टर नहीं हैं, तो मोबाइल मेडिकल यूनिट, टेली-मेडिसिन परामर्श जैसी व्यवस्था की गयी है। देश में सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए नौ करोड़ स्क्रीनिंग की गई हैं। नड्डा ने कहा कि देश की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत है, चाहे वह कोई भी राज्य हो और किसी भी सरकार द्वारा संचालित हो।

संक्षेप

आतंकवादी घटना के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार रहें लोग

सिंगापुर। सिंगापुर के कानून एवं गृह मामलों के मंत्री के. षणमुगम ने मंगलवार को लोगों को संभावित आतंकवादी घटना के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार रहने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने देश में और कट्टरपंथी व्यक्तियों को पकड़ा है। मंत्री ने यह चेतावनी हाल ही में एक नाबालिग, एक गृहिणी और एक सफाईकर्मी से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए दी, जिनके खिलाफ उनकी चरमपंथी साजिशों के लिए आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्वाई की गई थी। उन्होंने यह टिप्पणी केन्द्रीय व्यापारिक जिले में फोर्ट कैनिंग के निकट स्थित श्री तेंडायुथपानी मंदिर में मीडिया से बात करते हुए की। इस मंदिर में हिंदू श्रद्धालु थाईपुसम 2025 मना रहे थे, जो भगवान मुरुगन के सम्मान में मनाया जाने वाला त्योहार है। थाईपुसम सिंगापुर, मलेशिया और भारत के दक्षिणी भागों में तमिल मूल के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला एक पर्व है। द स्ट्रेट टाइम्स अखबार ने मंत्री को उद्धृत करते हुए कहा, यह तीसरा युवक है जिसके खिलाफ हमने अब दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधारा को लेकर आदेश जारी किए हैं। वह नस्लीय सामग्री से प्रभावित था और खुद दक्षिणपंथी श्रेष्ठता की अवधारणा से ग्रसित है।

मछली नहीं खाता, शाकाहारी हूं : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी की एक टिप्पणी के जवाब में कहा कि वह मछली नहीं खाते और शाकाहारी हैं।

सदन में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए रूड़ी ने कहा कि देश में 95 करोड़ लोग मछली खाते हैं और एक करोड़ लोग मछली की पैदावार और मछली पकड़ने से जुड़े हैं। भाजपा सांसद ने आगे कहा, अध्यक्ष जी, पता नहीं आप मछली खाते हैं या

नही। इस पर बिरला ने कहा, मैं नहीं खाता। मैं शाकाहारी हूं। रूड़ी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले एक दशक में मछली की पैदावार 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।

समावेशी विकास पर ध्यान दिया गया: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट को राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं।

लोकसभा में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 अंश घूम गया है और बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह बजट अत्यंत अनिश्चितता और बदलते वैश्विक परिदृश्य में आया है, इसलिए इसे तैयार करने में कई चुनौतियां रहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया के हालात, रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक जीडीपी में स्थिरता जैसे वैश्विक कारकों का असर इस बजट पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा, यह बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार 99 प्रतिशत उधारी का उपयोग पूंजीगत व्यय के लिए कर रही है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में घरेलू अर्थव्यवस्था के सामने आ रहीं चुनौतियों पर ध्यान दिया गया है और इसमें विकास को बढ़ाने, समावेशी विकास, निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि करने और सामान्य परिवारों की भावनाओं का ध्यान रखने जैसे लक्ष्य रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद देश में पूंजी व्यय और राज्यों को संसाधनों का हस्तांतरण बढ़ रहा है। उन्होंने देश में बेरोजगारी संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की चिंताओं का जवाब देते हुए कहा कि 2023-24 के श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार श्रम शक्ति सहभागिता दर 2017-18 में 49 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

इन्वेस्ट कर्नाटक के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगे खरगे व राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी संसद सत्र में व्यस्त होने के चलते बेंगलुरु में आयोजित होने वाले इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि संसद में बजट पर जारी चर्चा के कारण दोनों नेता बहुत व्यस्त होने के कारण इस समारोह में नहीं जा सकेंगे। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, दोनों राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संसद में बजट पर जारी चर्चा के कारण बहुत व्यस्त हैं। इसलिए उन्हें आज शाम बेंगलुरु में कर्नाटक निवेशक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में शामिल होने में असमर्थता पर खेद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं ने शिखर सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं और उन्हें विश्वास है कि कर्नाटक के अद्वितीय प्रतिस्पर्धी और तुलनात्मक लाभ को ध्यान में रखते हुए यह बहुत ही सार्थक और सफल होगा। इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 वैश्विक निवेशकों की बैठक 12 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में रीइमैजिनिंग ग्रोथै विषय के साथ आयोजित की जाने वाली है। इस कार्यक्रम में कई शीर्ष उद्योगपतियों के साथ-साथ कुछ वैश्विक निवेशक भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम कर्नाटक सरकार द्वारा राज्य में वैश्विक निवेश को आकर्षित करने, नवाचार, औद्योगिक विकास और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने में इसके रणनीतिक लाभों पर प्रकाश डालने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कर्नाटक सरकार के मंत्री एमबी पाटिल के अनुसार, तीन दिवसीय कार्यक्रम में नवाचार, औद्योगिक विकास और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा देने जैसी कम से कम 70 प्रतिशत प्रतिबद्धताओं को साकार करने के लक्ष्य के साथ 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पेश किए जाएंगे।

एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की 24 घंटे तैनाती जरूरी नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक समय में एक व्यक्ति का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए एटीएम पर सुरक्षा गार्ड के चौबीसों घंटे तैनात रहने के गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को निरस्त कर दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कुछ बैंकों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर विचार किया कि सभी एटीएम पर चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि असम में, हमारे पास लगभग 4,000 एटीएम हैं। हम सभी एटीएम पर सुरक्षा गार्ड नहीं रख सकते। दुनिया भर में मान्यता प्राप्त प्रणाली के रूप में

सीसीटीवी रखना है। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2016 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक समेत याचिकाकर्ता बैंकों को एटीएम के सुचारू कामकाज के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में दिसंबर 2013 में उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए अन्य निर्देशों को स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली और उच्च न्यायालय द्वारा जारी उस निर्देश को निरस्त कर दिया जिसमें कहा गया था, सभी एटीएम पर चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड रखे जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एक समय में केवल एक ही ग्राहक एटीएम परिसर में प्रवेश कर सके। उच्च न्यायालय ने कथित एटीएम धोखाधड़ी पर दिसंबर 2012 में प्रकाशित एक समाचार पर स्वतः संज्ञान लिया।

भारत-मिस्र के सैनिकों का संयुक्त अभ्यास साइक्लोन राजस्थान में शुरू

जयपुर। भारत और मिस्र की सेनाओं की स्पेशल फोर्स का संयुक्त अभ्यास सोमवार को राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। एक सैन्य प्रवक्ता के अनुसार अभ्यास 23 फरवरी तक चलेगा। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि स्पेशल फोर्स के संयुक्त अभ्यास साइक्लोन का तीसरा संस्करण महाजन में शुरू हुआ। शर्मा के अनुसार यह अभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है, जो बारी-बारी से भारत और मिस्र में आयोजित किया जाता है। अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित हुआ था। एक बयान के मुताबिक इस अभ्यास में भारतीय सैन्य दल की तरफ से स्पेशल फोर्स की दो बटालियनों के 25 सदस्य शामिल होंगे। मिस्र का दल भी 25 सदस्यीय होगा। साइक्लोन अभ्यास का उद्देश्य विशेष युद्ध संचालन रणनीति के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाकर दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध को बढ़ावा देना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा। साइक्लोन में रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए सामरिक अभ्यास और सत्यापन किया जाएगा।

इंटरटेनमेंट...

18 साल से नहीं हुई अजय देवगन से बात

मुंबई। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत

- फिल्म कैश के डाइरेक्टर अनुभव सिन्हा बोले, मैसेज भी नहीं देखते

बंद होने का कारण बताया है। अनुभव सिन्हा ने बात करते हुए कहा, हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार

मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला।

इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं। फिल्म कैश के बाद से अजय देवगन और अनुभव सिन्हा ने कभी भी साथ में काम नहीं किया। डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था।

एडशीरन व अरिजीत सिंह एक साथ दिखे

नयी दिल्ली। भारतीय गायक अरिजीत सिंह व ब्रिटिश गायक एड शीरन का एक साथ स्कूटर पर घूमने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशंसकों द्वारा इसे अब तक का सबसे अच्छौ वीडियो बताया जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, इस समय शीरन अपने मैथेमैटिक्स टूर के लिए भारत आए हुए हैं। सिंह को शीरन के साथ वाहन पर सवार होकर बिना सुरक्षाकर्मी के घूमते हुए देखा गया। हालांकि वीडियो की तारीख और स्थान की जानकारी की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार गायक जोड़ी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सिंह के गृहनगर जियागंज की सड़कों पर स्कूटर चलाते हुए देखा गया है। पिछले साल, शीरन लंदन में सिंह के संगीत कार्यक्रम में मंच पर शामिल हुए थे। वहाँ दोनों ने

लोकप्रिय गीत परफेक्ट पर जमकर नृत्य किया था। शेप ऑफ यै, गैलवे गर्लै और थिंकिंग आउट लाउड जैसे गानों के लिए भी मशहूर शीरन ने 30 जनवरी को पुणे से भारत में अपना दौरा शुरू किया था। वह 15 फरवरी को दिल्ली-एनसीआर में अपना टूर समाप्त करेंगे।

सोनू ने परफॉर्मेंस रोककर दर्शकों को लगाई फटकार

मुंबई। सिंगर सोनू निगम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों पर भड़कते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सिंगर माइक पर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, 'बैठ जाओ, वरना बाहर निकल जाओ।' वहीं, उनके इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

दरअसल, यह वीडियो कोलकाता में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में सोनू निगम कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'अगर तुम्हें खड़ा होना ही है तो चुनाव में खड़े हो जाओ यार। प्लीज बिठाओ। जल्दी करो इतना टाइम जा

रहा है, मुझे मालूम है। तुम्हारा कट-ऑफ टाइम आ जाएगा फिर। बैठाओ, जल्दी बैठाओ। बैठो। बाहर निकलो। इस जगह को खाली करो।'

'छावा' मेरे करियर की सबसे टफ फिल्म : विक्की

मुंबई। विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर ने हाल ही में फिल्म में अपने और अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर संभाजी महाराज के लुक को लेकर इतने सीरियस थे कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से ही मना कर दिया था।

विक्की कौशल ने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर का कहना था कि जब तक विक्की का अपीयरेंस एक रियल वॉरियर जैसा नहीं होगा, तब तक वे फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे। विक्की कौशल ने रेडियो नशा से बातचीत में कहा- छावा मेरे करियर की सबसे टफ फिल्मों में से एक है। मेरे लिए संभाजी महाराज का किरदार निभाना बिल्कुल आसान नहीं था। फिजिकली छावा मेरे लिए सबसे टफ रोल रहा है क्योंकि एकदम से 25 किलो वेट

गेन करना आसान नहीं है। मुझे ये वेट गेन करने में 7 महीने लगे थे। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

विक्की ने डायरेक्टर के बारे में बात करते हुए कहा- लक्ष्मण सर ने मुझसे साफ कहा था कि जब तक तुम अपने लुक को चेंज नहीं कर लेते तब तक शूटिंग शुरू नहीं होगी। तुम्हें एक रियल वॉरियर दिखना होगा, जब तक तुम वो लुक नहीं पा लेते, घुड़सवारी नहीं सीख लेते, तलवारबाजी की पूरी ट्रेनिंग नहीं ले लेते और एक्टिंग फाइटिंग नहीं सीख लेते, मैं फिल्म शुरू नहीं करूंगा। मैं अपने व्यूअर्स को धोखा नहीं देना चाहता हूं, मैं वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं करूंगा। विक्की ने कहा- छत्रपति संभाजी महाराज का रोल प्ले करने के लिए मैंने अपने बाल बढ़ाए, दाढ़ी बढ़ाई थी और बॉडी बनाई।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com